श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 155, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया 14

वेदा का पोस्टर रिलीज 13

## भारी बारिश से 36 उड़ानें रद, 60 लोगों को बचाया

मुंबई, एजेंसी

भारी बारिश होने के कारण रविवार को मुंबई हवाई अड्डे पर दिनभर में 36 उड़ानें रद कर दी गईं। इंडिगो की 24 उड़ानें रद की गई हैं, जिनमें 12 प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं, तथा एयर इंडिया की 8 उड़ानें शामिल हैं, जिनमें चार प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं।

खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण हवाई पट्टी पर परिचालन पहले दोपहर 12.12 बजे आठ मिनट के लिए तथा बाद में दोपहर एक बजे से 1.15 बजे तक के लिए स्थगित किया गया था। वहीं भारी बारिश के बीच पानी के तेज बहाव में फंसे 60 लोगों को बचाया गया। सभी पिकनिक मनाने के लिए नवी मुंबई के बेलापुर नोड में एक पहाड़ी पर गए थे।



- खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण हवाई पट्टी पर परिचालन में आईं मुश्किलें

**संसद सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने मांगा लोकसभा उपाध्यक्ष पद**

## विपक्ष कांवड़ और नीट मुद्दे पर भरेगा हुंकार, सरकार ने मांगा सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी



- सरकार के सहयोगी दलों ने भी विशेष दर्जे की मांग उठाई
- सपा सांसद रामगोपाल ने कहा-विभाजन नीति नहीं चलेगी

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में रविवार को कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगा और प्रतिष्ठित नीट सहित पेपर लीक से जुड़े अन्य मुद्दे उठाए। कांग्रेस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का मुद्दा भी उठाया तथा स्पष्ट संकेत दिया कि वह सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है।

इतना ही नहीं, सरकार के सहयोगी और महत्वपूर्ण मौकों पर उसका साथ देने वाले अन्य दलों ने भी अपने-अपने राज्यों के विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया और अपने भावी रुख का मुजाहिरा किया। सरकार ने सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक बैठक में कई छोटे दलों को आमंत्रित किया और सभी मुद्दों पर चर्चा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने उन्होंने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा के सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने 44 दलों के साथ हुई बैठक में क्रमशः बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की। आप नेता संजय सिंह ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा भी उठाया और नरेन्द्र मोदी सरकार पर आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाने का आरोप लगाया जो आबकारी नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### आतंकी हमलों व मणिपुर की स्थिति को उठाएंगे : कांग्रेस

कांग्रेस नेता के. सुरेश ने कहा कि परंपरा के अनुसार लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगने में इंडिया गठबंधन के अन्य सदस्यों के साथ उनकी पार्टी भी शामिल हुई। उन्होंने जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमलों, मणिपुर की स्थिति, रेल दुर्घटनाओं, बेरोजगारी और महंगाई सहित कई अन्य मुद्दों पर संसद में चर्चा की जरूरत पर भी जोर दिया। कांग्रेस ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं से संबंधित मुद्दा भी उठाया, जिसके अध्यक्ष ने हाल ही में कथित व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया था।

### सर्वदलीय बैठक में 55 नेता हुए शामिल

बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के जयराम रमेश, केंद्रीय मंत्री और लोजपा नेता चिराग पासवान सहित 55 नेता शामिल हुए। सरकार ने तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में निर्दलीय सदस्यों को छोड़कर केवल एक सदस्य वाले दलों सहित सभी दलों को आमंत्रित किया। तृणमूल कांग्रेस ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि पार्टी रविवार को कोलकाता में अपनी वार्षिक शहीद दिवस रैली में व्यस्त थी।

## एक नजर

### हरियाणा के नूंह में इंटरनेट, एसएमएस सेवा 24 घंटे के लिए स्थगित

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए स्थगित करने का रविवार को आदेश दिया। पिछले साल इस यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अनुराग रस्तोगी के आदेश के अनुसार, जिले में इंटरनेट सेवा रविवार शाम छह बजे से सोमवार शाम छह बजे तक स्थगित रहेगी। आदेश में कहा गया है, .. नूंह जिले में तनाव, गड़बड़ी, आंदोलन, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सार्वजनिक शांति तथा सौहार्द बिगाड़ने की आशंका है। यह आदेश व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर आदि जैसे सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से गलत सूचना और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए दिया गया है। इस बीच, नूंह पुलिस ने कहा कि यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

### मुरैना में रील बनाते समय 11 साल के बच्चे की मौत

**मुरैना।** जिले में सोशल मीडिया के लिए रील बनाते समय गले में फंदा लगाने से 11 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रवि भदौरिया ने बताया कि घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। उन्होंने कहा कि सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला करण परमार अपने घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। पुलिस के मुताबिक, अन्य बच्चों को लगता है कि करण अभिनय कर रहा है, लेकिन कुछ देर में ही वह अचेत हो गया।

### मोदी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छात्रों को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हिस्सा लेने वाले छात्रों को बधाई दी। मोदी ने भारतीय टोली के असाधारण प्रदर्शन पर खुशी और गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता देश के युवाओं को प्रेरित करेगी। भारतीय टोली ने जहां देश ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ चौथा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के बाथ में आयोजित 65वें अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में छह सदस्यीय भारतीय विद्यार्थी दल ने चार स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता है।

# कांवड़ यात्राः चप्पे-चप्पे पर चौकसी

## एडीजी बोले- कांवड़ मेले के लिए पुलिस फोर्स तैयार, मुस्कुरा कर दृढ़ता से ड्यूटी करें जवान

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** पुलिस-प्रशासन ने सोमवार से शुरू हो रहे कांवड़ मेले-2024 को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन ने मेले में तैनात पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग की। मेला क्षेत्र में 22 ड्रोन व सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे की निगेहबानी की जाएगी। फोर्स के उत्साहवर्धन को ड्यूटी में समर्पित एक पुलिस कर्मी को प्रतिदिन सम्मानित किया जाएगा। जिले में अलग-अलग स्थानों पर 21 सहायता केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर राज्य की पुलिस भी मुस्तैद हो गई है। पूरे उत्तर प्रदेश में भी कांवड़ यात्रा की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

एडीजी अंशुमन ने रविवार को रोशनाबाद स्थित पुलिस लाइन के बहुद्देश्यीय भवन में कांवड़ मेला-2024 में नियुक्त पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग की। इसमें कुमाऊं व गढ़वाल परिक्षेत्र से पहुंची फोर्स समेत अर्द्धसैनिक बल की आठ कंपनियां भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि एसपी सिटी को मेले का नोडल, एसपी देहात को देहात क्षेत्र में पुलिस व्यवस्थापन और एसपी ट्रैफिक को यातायात प्रबंधन का जिम्मा दिया गया है। मेला क्षेत्र को 13 सुपर जोन, 31 जोन, 126 सेक्टर में बांटा गया है। सुपर जोन का जिम्मा एएसपी, जोन का सीओ एवं इंस्पेक्टर, सेक्टर की जिम्मेदारी थाना प्रभारी एवं एसएसआई को दी गई है। इसके अलावा बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड की चार टीमें तैनात की गई हैं जो हर समय सक्रिय रहेंगी। उन्होंने मातहतों को किसी भी अफवाह फैलने से रोकना, दुर्घटना होने पर बिना पल गंवाए अधिकारियों को सूचित करना और उनके पहुंचने तक व्यवस्थाओं को सुचारू करने के निर्देश दिए। आईजी कृष्ण कुमार वीके ने पुलिस बल को असामाजिक तत्वों के प्रति सचेत रहने, धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली संभावनाओं, डीजे में भड़काऊ गाने चलने अथवा सोशल मीडिया में अचानक किसी घटना को वायरल देने जैसी घटनाओं पर सतर्कता बरतते हुए ड्यूटी निर्वहन करने को कहा।

डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि फोर्स ड्यूटी स्थल के आसपास सभी स्तर के अधिकारियों के समन्वय बनाने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान स्थिति अनुसार मुस्कुरा कर दृढ़ रहना होगा। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने कहा कि संभावना है कि बारिश होगी। पुलिस कर्मी डंडे के साथ टॉर्च भी रखें। फोर्स को बरसाती भी मुहैया कराई जा रही है। डिहाईड्रेशन से बचने के लिए ओआरएस व नींबूपानी पीने का सुझाव दिया गया। अंत में फोर्स को कैप, जैकेट बांटी गईं।



हरिद्वार में कांवड़ मेले को लेकर ब्रीफिंग करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

- एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमन ने की पुलिस की ब्रीफिंग

### कांवड़ मेले में लगी फोर्स

14 एएसपी, 18 सीओ, 65 इंस्पेक्टर, 5 ट्रैफिक इंस्पेक्टर, 385 एसआई, 12 टीएसआई, 1438 हेड कांस्टेबल, 11 कंपनी, 2 प्लाटून व 1 सेक्शन पीएसी, आईआरबी एवं उड़नदस्ता, 8 कंपनी अर्द्धसैनिक बल, 2 टीमें एटीएस, 4 टीम घुड़सवार पुलिस, 4 टीम बम निरोधक एवं डॉग स्क्वॉयड, 5 टीमें जल पुलिस, 2 क्यूआरटी, 21 टीम फायर सर्विस।

### कांवड़ भोजनालय विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें कहा गया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने होंगे। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

### रामदेव बोले-आदेश सही

**हरिद्वार।** योग गुरु रामदेव ने कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, रेस्तरां और ढाबा के बाहर मालिक का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखने संबंधी आदेश को रविवार को सही ठहराते हुए कहा कि किसी को अपना परिचय देने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। रामदेव ने कहा कि अपने नाम पर तो सबको गर्व होता है और उसे छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सवाल किया जब रामदेव को अपनी पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं है, तो रहमान को क्यों दिक्कत होनी चाहिए।



## उत्तराखंड में सरकारी नौकरियों में अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** हरियाणा के बाद उत्तराखंड में भी अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो इसका कानून भी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को कैनाल रोड पर हुए कार्यक्रम के बाद मीडिया से हुई अनौपचारिक बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही निर्णय लिया था कि प्रदेश के अग्निवीरों को सरकारी विभागों में नौकरियों में नियुक्तियां दी जाएंगी। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आरक्षण देंगे। यदि जरूरत पड़ी तो होगा तो इसके लिए एक्ट भी बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सेना में चार वर्ष की नौकरी के बाद वापस आने वाले अग्निवीर अपने सुरक्षित भविष्य को लेकर आशंकित न रहें इसके लिए अधिकारियों को ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है। यहां के युवा बड़े पैमाने पर भारतीय सेना में भर्ती होते हैं लिहाजा, सेना में चार साल की सेवा पूरी करने के बाद रिटायर्ड जवानों को नियुक्ति देने में राज्य सरकार कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। सैनिक कल्याण विभाग इस सम्बंध में प्रस्ताव तैयार करने में जुट गया है। राज्य सरकार इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है।



पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से हुई अनौपचारिक बातचीत में की घोषणा

## बांग्लादेश में फंसे लोगों को देंगे शरण

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण दिया जाएगा।

बनर्जी ने संभावित मानवीय संकट पर अपने रुख को न्यायोचित ठहराने के लिए शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के संकल्प का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में कहा मुझे बांग्लादेश के मामलों पर नहीं बोलना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा जाना चाहिए वह केंद्र का विषय है। लेकिन मैं आपको यह बता सकती हूं कि यदि संकट में फंसे लोग बंगाल के दरवाजे खटखटाएंगे तो हम उन्हें शरण जरूर देंगे। बनर्जी ने कहा ऐसा इसलिए है क्योंकि अशांत क्षेत्रों के आसपास के क्षेत्रों में शरणार्थियों को समायोजित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का एक संकल्प है।



- ममता बनर्जी ने शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र का हवाला दिया

### केंद्र में राजग की सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी : अखिलेश

**कोलकाता।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग की सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी क्योंकि सांप्रदायिक ताकतों को भले ही कुछ समय के लिए सफलता मिल सकती है, लेकिन अंततः उनकी हार होगी। यादव ने तृणमूल कांग्रेस द्वारा शहीद दिवस पर आयोजित महारैली को संबोधित करते हुए कहा जो लोग सत्ता में आए हैं, वे बस कुछ दिनों के मेहमान हैं। ऐसी सांप्रदायिक ताकतें किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहना चाहती हैं, लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे।

## पहाड़ी से गिरा मलबा, तीन श्रद्धालुओं की मौत



गौरीकुंड केदारनाथ पैदल मार्ग पर गिरे पत्थर और मलबा। ● अमृत विचार

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ में बड़ा हादसा हुआ है। अचानक हुए भूस्खलन से मलबा और बोल्डर गिरने से तीन तीर्थ यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। इन्हें गौरीकुंड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग आठ बजे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चिरबासा के समीप अचानक पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने लगे। हादसे में कई तीर्थ यात्री दब गए। सूचना पर एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया। हादसे में तीन तीर्थ यात्री किशोर अरुण पराटे (31 वर्ष) निवासी नागपुर, सुनील महादेव काले (24 वर्ष) निवासी जालना और अनुराग बिष्ट निवासी तिलवाड़ा रुद्रप्रयाग की मौत हो हुई। जबकि चेला भाई चौधरी (23 वर्ष), हरदाना पटेल एवं जगदीश (45 वर्ष) निवासीगण गुजरात, अभिषेक चौहान (18 वर्ष) निवासी जालना, धनेश्वर पांडे (27 वर्ष) निवासी खापा घायल हो गए, जिन्हें गौरीकुंड के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने कहा कि चिरबासा भूस्खलन जोन है, हर वर्ष मानसून में पहाड़ियों से पत्थरों गिरने का खतरा रहता है जिससे जानलेवा घटनाएं होती हैं।

- गौरीकुंड के पास बारिश के चलते हुआ हादसा, दो घायल
- मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का था निवासी

### राहत एवं बचाव कार्य जारी : धामी

इधर, हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर कहा कि पहाड़ी से मलबा व भारी पत्थर गिरने से कुछ यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव काम जारी है, इस संबंध में मैं निरंतर अधिकारियों के संपर्क में हूं।

## यूजीसी-नेट की पुनः परीक्षा पर रोक के लिए याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। मंत्रालय ने परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया था।

मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का आदेश दिया था और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। याचिका पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करने वाली है।

- मंत्रालय ने 19 जून को रद करने का दिया था आदेश

### तीन अभियुक्त सीबीआई रिमांड पर

**पटना।** एनटीए की ओर से आयोजित नीट 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने गिरफ्तार किए गए तीन अभियुक्तों को आज हिरासती पूछताछ के लिए 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने रविवार को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय पांडे के समक्ष उनके आवासीय कार्यालय पर पेश किया था।

## केरल में निपाह वायरस से संक्रमित किशोर की मौत

**कोझिकोड।** केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से संक्रमित 14 वर्षीय किशोर की रविवार को मौत हो गई। पिछले कुछ दिनों से उसका इलाज चल रहा था। किशोर पांडिक्कड़ का रहने वाला था। उसका अंतिम संस्कार अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में तीन और पीड़तों का इलाज चल रहा है। मरीजों के नमूनों की जांच रिपोर्ट आज आ जाएगी। मंत्री ने बताया कि लड़का 11 मई को स्कूल गया था, लेकिन अभी तक लक्षण वाले मरीजों के ज्यादा मामले सामने नहीं आए हैं। लड़के के संपर्क में कुल 246 लोग आए थे।

**अनदेखी** उत्तर प्रदेश की राजधानी में बने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मौजूद है एथलेटिक्स का महिला छात्रावास

## सिंथेटिक ट्रैक नहीं, मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर बेटियां

संजीव पांडेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** पेरिस ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने को प्रदेश की चार बेटियां तैयार हैं। मेरठ की पारुल, प्रियंका, अन्नू रानी और सहारनपुर की प्राची ओलंपिक गेम्स में तिरंगा फहराने को ट्रैक पर उतरेंगी। इसके पहले पद्मश्री सुधा सिंह भी ओलंपिक गेम्स का हिस्सा रह चुकी हैं। लेकिन, खेल विभाग की देखरेख में संचालित एथलेटिक्स महिला छात्रावास के खिलाड़ियों को इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर बेहतर प्रशिक्षक तक नहीं मिल रहे हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्थित एथलेटिक्स महिला छात्रावास की बेटियों के अभ्यास के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं है। यहां पर प्रशिक्षकों की आवाजाही व उदासीनता से भी खिलाड़ी रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं। आलम यह है कि एक आउटसोर्सिंग महिला प्रशिक्षक के भरोसे यहां की लड़कियां मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर हैं।

एथलेटिक्स खिलाड़ियों के अनुसार केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एथलेटिक्स महिला छात्रावास की शुरुआत तकरीबन 30 वर्ष पहले हुई थी। तब से यहां पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन आज तक यहां रहने वाली बालिकाओं के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं बिछाया जा सका। पद्मश्री सुधा सिंह ने यहां से ही अपने खेल कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने कई बार छात्रावास की लड़कियों को ट्रैक पर अभ्यास की सुविधा देने की मांग की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यहां पर खेल विभाग की प्रशिक्षक विमला सिंह तैनात थी, तब यहां से खिलाड़ी लगातार परिणाम दे रहे थे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट सुधा सिंह को भी विमला सिंह ने प्रशिक्षण दिया था।



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अभ्यास करती बालिकाएं।

> खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। सिंथेटिक ट्रैक के लिए भी प्रयास किये जायेंगे। प्रशिक्षकों की कमी नहीं है। **-अजय कुमार सेठी**, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, लखनऊ

### सिंथेटिक ट्रैक जरूरीः पद्मश्री सुधा सिंह



पद्मश्री सुधा सिंह ने बताया कि वह केडी सिंह बाबू स्टेडियम के एथलेटिक्स छात्रावास में वर्ष 2001 से 2005 तक रही। यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद 2010 में चीन में आयोजित एशियन गेम्स में 3000 मीटर स्टीपल चेज में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद 2018 में एशियन गेम्स में इसी स्पर्धा में रजत जीत कर देश का मान बढ़ाया। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक तो होना ही चाहिए। जब लड़कियां मिट्टी के मैदान में अभ्यास करेंगी तो परिणाम कैसे सामने आयेंगे।

## सार-संक्षेप



भीमताल झील के किनारे पौधरोपण करते युवा। ● अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं ने किया पौधरोपण

**भीमताल :** पर्यावरण संरक्षण को लेकर हिमालयन जन सेवा फाउंडेशन की टीम और शहर की युवा शक्ति ने भीमताल झील के किनारे पौधरोपण किया। इस अवसर पर बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष पूरन बृजवासी ने कहा कि शहर में बढ़ते तापमान और तेजी से गिरते भूजल स्तर को देखकर हर कोई हैरान है। इसे रोकने के लिए प्रयास नहीं किये गये तो भविष्य में परिणाम और गंभीर हो सकते हैं। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. फरहा खान ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने की अपील की। पौधरोपण में निशांत खान, हिना खान, निधि जोशी, मानस जोशी, साराह खान शामिल रहे। इधर, भीमेश्वर महादेव सेवा समिति ने डांठ, रामनिवास, नौकुचियाताल, लेक पैराडाइज में 70 फलदार पौधे लगाए। यहां अध्यक्ष शरद पांडेय, ईशु राठौर, प्रियंका उप्रेती, ज्योति पूरी, सुनीता पांडे, रविन्द्र टम्टा, आदित्य जोशी, ललिता शामिल रहे।

### डॉ. भावना तिवारी के निधन, जताया शोक



**नैनीताल :** नगर के मेविला कंपाउंड निवासी डॉ. भावना तिवारी (47 वर्ष) का रविवार सुबह निधन हो गया। वह वानिकी विभाग से पीएचडी करने के बाद वर्तमान में एफटीआई हल्द्वानी में कार्य कर रही थीं। उनके निधन पर डॉ. बीएस कालाकोटी, डॉ. एसएस सामंत, प्रो. जीत राम, प्रो. ललित तिवारी, डॉ. विजय कुमार, प्रो. आशीष तिवारी, प्रो. नीलू लिधियाल, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. दीपिका पंत, सीमा चौहान, डॉ. कुबेर, डॉ. नंदन मेहरा, डॉ. ईरा तिवारी, डॉ. मैत्रीय नारायण ने शोक व्यक्त किया है।



वार्षिक लेखाजोखा पेश करते वित्त सचिव। ● अमृत विचार

### बहादुर सिंह बिष्ट बने दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष

**नैनीताल :** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर रविवार को गोवर्धन हाल में सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक हुई। जिसमें वार्षिक लेखा-जोखा सदस्यों के सामने रखा गया। साथ ही पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बहादुर सिंह बिष्ट को अध्यक्ष, त्रिभुवन फर्त्याल उपाध्यक्ष, उमेश मिश्रा महासचिव, राकेश कुमार को वित्त सचिव नियुक्त किया गया। सुरेश चंद चौधरी को मुख्य संरक्षक, प्रेम कुमार, विनोद चंद्र पंत, दीपक गुरुरानी व चंदन कुमार दास को संरक्षक नियुक्त किया गया है। बैठक में शिवराज नेगी, मुन्नी तिवारी, सरस्वती खेतवाल, गुड्डू बिष्ट, किशन सिंह नेगी, भास्कर बिष्ट, भास्कर मर्तोलिया मौजूद रहे।

### शीतला गांव में लोगों को पर्वतारोहण के गुर सिखाने के लिए छोड़कर आये थे मुंबई, शरीर में बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण काटनी पड़ी थी उंगलियां

# बिना हाथों के सचिंद्र कैनवास पर उकेर रहे प्रकृति के रंग

**जज्बे को सलाम**

**गौरव जोशी, नैनीताल**

**अमृत विचार :** एक बाजू उखड़ गया जबसे और ज्यादा वजन उठाता हूं...प्रसिद्ध कवि दुष्यंत कुमार की ये पंक्तियां नैनीताल के सचिंद्र बिष्ट पर सटीक बैठती हैं। सचिंद्र ने दोनों हाथ कट जाने के बाद भी हार नहीं मानी और जिंदगी के इस दुखद मोड़ के बाद भी जीवन को एक नई दिशा दी। सचिंद्र की कहानी जितनी दर्दनाक है उतनी ही प्रेरक भी है। उनके हौसले और जज्बे के आगे नतमस्तक हुए बगैर नहीं रहा जा सकता।



दोनों हाथ कट जाने के बाद घर में पेंटिंग बनाते सचिंद्र। ● अमृत विचार

पेशे से फिल्म मेकर, ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडिटर और पर्वतारोही रहे सचिंद्र ने अपनी जिंदगी का लंबा समय मुंबई समेत देश के बड़े महानगरों में बिताया। लेकिन कुछ वर्ष पूर्व सब कुछ छोड़कर नैनीताल आ गए और यहां शीतला गांव में लोगों को पर्वतारोहण के गुर सिखाने लगे। सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन एक दिन अचानक आए बुखार ने उनकी दुनिया बदल डाली।

बातचीत के दौरान सचिंद्र ने बताया कि मार्च 2023 में वह शीतला में अपने रॉक क्लाइंबिंग स्कूल में पर्वतारोहण सीखा रहे थे, तभी अचानक उन्हें तेज बुखार आ गया। उन्हें तत्काल हल्द्वानी ले जाया गया, जिसके बाद वह सेप्टिक शॉक में चले गए। उसके बाद उन्हें दिल्ली मैक्स हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि उनके शरीर में बैक्टिरियल इन्फेक्शन हो गया है। जिस वजह से गैंग्रीन उनके शरीर में फैल चुका है। उनका जीवन बचाने के लिए उनके दोनों हाथ और पैरों की उंगलियों को काटना होगा। इसके बाद उनके दोनों हाथों और पैर की उंगलियों को काटना पड़ा। उपचार के बाद सचिंद्र हल्द्वानी आ गए और दो माह तक उपचार करवाया। बताया कि उन्होंने अपने जीवन भर की कमाई इलाज में लगा दी। रिश्तेदारों और दोस्तों ने उनकी काफी मदद की।

#### पेंटिंग को बनाया आजीविका का जरिया

सचिंद्र बताते हैं कि उन्होंने अपनी आजीविका चलाने के लिए कटे हाथों की कोहनी में ब्रश लगाकर पेंटिंग्स करना शुरू किया। अब तक वह दर्जनों पेंटिंग बना चुके हैं। जिन्हें लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। उनकी बनाई पेंटिंग की डिमांड विदेशों तक है। उन्होंने अपने घर की दीवारों में भी बेहद सुंदर पेंटिंग बनाई है।



# ठंडी सड़क पर हो रहा मरम्मत कार्य खतरे के बीच आवाजाही कर रहे लोग

### ठेकेदार ने कार्य के दौरान आवाजाही रोकने के लिए नहीं किया है कोई उपाय

**जोखिम**

- पहाड़ी से झील में समा रही मिट्टी और बोल्डर, सुरक्षा दीवार हुई क्षतिग्रस्त

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** वर्ष 2022 में ठंडी सड़क में पाषाण देवी मंदिर के समीप भूस्खलन होने के बाद करीब 10 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से सुरक्षा कार्य किया जा रहा है। मगर कार्य के दौरान लोगों की सुरक्षा को पूरी तरह से अनेदखा किया जा रहा है।

भूस्खलन रोकने के लिए ऊंचाई पर मरम्मत कार्य चल रहा है और नीचे ठंडी सड़क मार्ग है, जिसमें प्रतिदिन लोगों की आवाजाही होती है। ऊपर से मिट्टी और पत्थर लगातार मार्ग पर गिर रहे हैं। संबंधित ठेकेदार ने मार्ग पर में आवाजाही को रोकने के लिए कोई उपाय नहीं किया है। जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। वहीं पहाड़ी से गिर रही मिट्टी और बोल्डर नैनी झील में समा रहे हैं। झील के किनारे टीन की सुरक्षा दीवार लगाई गई थी, जो मिट्टी और बोल्डर आने से जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके बाद भी ठेकेदार ने मरम्मत कार्य जारी रखा है। वहीं संबंधित विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।



नैनीताल में ठंडी सड़क पर भूस्खलन क्षेत्र से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

> ठंडी सड़क मार्ग पर बोर्ड लगाने के ठेकेदार को निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही झील में मलबा जाने से रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे। झील के जलस्तर को जुलाई माह तक 9 इंच पर स्थिर रखा है और निकासी जारी है। **- डीडी सती,** सहायक अभियंता सिंचाई विभाग



टीन की दीवार क्षतिग्रस्त होने से झील में समा रही मिट्टी। ● अमृत विचार



हरेला मेला कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# लेक सिटी के हरेला महोत्सव का समापन

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से क्रिस्ट इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय हरेला महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि एसडीएम प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि हरेला महोत्सव पहाड़ की सांस्कृतिक धरोहर है। हरेले का उत्सव प्रदेश के अलावा बाहर तक भी पहुंचाना होगा, ताकि पहाड़ की संस्कृति से देश-विदेश के लोग भी रूबरू हो सकें। समापन अवसर पर महोत्सव में भाग ले रही डेढ़ सौ महिलाओं को क्लब ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मां पाषाण देवी महिला समूह, नैनी महिला जागृति संस्था, शेर का डांडा महिला समूह, सात नम्बर महिला समूह, बुरांश समूह, मां जगदम्बा समूह, हाट कालिका समूह, नैनी महिला एवम बाल विकास समिति, जै वैष्णव समूह अयारपाटा, दूनागिरी महिला समूह की डेढ़ सौ से अधिक महिला कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति ढोंडियाल, सचिव दीपा पांडे, कविता त्रिपाठी, रानी शाह, डॉ. प्रगति जैन, दीपिका बिनवाल, कंचन जोशी, प्रेमा अधिकारी, रमा भट्ट, हेमा भट्ट, गीता साह, अमिता साह, जीवन्ती भट्ट, संगीता श्रीवास्तव, रेखा पंत, आभा साह, तन्नू सिंह, दया कुंवर, कविता जोशी, तनप्रीत ने योगदान दिया।

# फुटबॉल प्रतियोगिता में शीला माउंट विजेता

**खेल-खिलाड़ी**

- डीएसए मैदान में 5ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न
- शीला माउंट नैनीताल ने किलर फुटबॉल क्लब को हराया

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय छात्र महासंघ की ओर से डीएसए मैदान में चल रही 5ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत रविवार को फाइनल मुकाबला शीला माउंट नैनीताल और किलर फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें शीला माउंट विजेता रही।

विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ दस हजार रुपए की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। साथ ही उपविजेता टीम को पांच हजार रुपए की धनराशि प्रदान की गई। भाजपा नेता मोहित आर्य की ओर से उपविजेता टीम को धनराशि प्रदान की गई। डॉ. संतोष कुमार ने लोकेश पुजारी को 11 सौ रुपए की धनराशि दी। कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडे ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू डॉ. गगन, एचओडी डॉ. संतोष कुमार, भाजपा नेता मनोज जोशी, विशिष्ट अतिथि सचिन नेगी, मोहित आर्य, मोहित साह, विकास जोशी, आयोजक मंडल के भावेश सिंह सौटियाल और करन सती मौजूद रहे।



फाइव ए साइट फुटबॉल प्रतियोगिता पर शीला माउंट का कब्जा। ● अमृत विचार

# आधे घंटे तक झमाझम बारिश से तापमान गिरा

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** रविवार को नगर में झमाझम बारिश हुई। सुबह से ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई थी। दोपहर में बारिश तेज हो गई। करीब आधे घंटे तक बारिश हुई, जिसके बाद मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया। बारिश से नैनी झील के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी हुई है। साथ ही तापमान में भी गिरावट आई है।

वीकेंड के चलते रविवार को बड़ी संख्या में सैलानी नैनीताल पहुंचे। बारिश के दौरान भीगते हुए पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन का लुत्फ उठाया। साथ ही हिमालय दर्शन व स्नो व्यू सहित अन्य ऊंचाई वाले स्थलों से नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया। वहीं बड़ा बाजार, भोटिया मार्केट व माल रोड की दुकानों से जमकर खरीदारी की। नगर का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किा गया।



बारिश के बाद नैनीझील का विहंगम दृश्य। ● अमृत विचार



छतरियां लेकर पंत पार्क में टहलते सैलानी। ● अमृत विचार

**संस्कृति**

### भीमताल में छह दिवसीय मेले के समापन पर विधायक कैड़ा ने दिया आश्वासन, समापन मौके पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

# हरेला मेले को राज्य मेले का दर्जा दिलाने का होगा प्रयास

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार :** भीमताल में दशकों से चले आ रहे हरेला मेले का रविवार को विधिवत समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि भविष्य में मेला और भव्य हो, इसके लिए शासन स्तर पर सहयोग के प्रयास किये जायेंगे। साथ ही मेले को राज्य मेले का दर्जा दिलाने के भी प्रयास किये जायेंगे।

मेले में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू ने भी शिरकत की। उन्होंने हरेले मेले में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसकी सभी ने सराहना की। समापन अवसर पर उपजिलाधिकारी नैनीताल प्रमोद कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उदय वीर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट मौजूद रहे।



हरेला मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

**मंच संचालन को लेकर राजनीति शुरू :** हरेला मेले में राजनीति जोरों पर है। पहले मुख्य अतिथि को लेकर राजनीति हुई। वहीं मेले के अंतिम दिन सांस्कृतिक मंच के संचालन को लेकर मामला गरमा गया। हरेला मेला समिति के सदस्य मंच के बगल में हनुमान मंदिर में धरने में बैठ गए।

मामला तब गरमा गया जब अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने मंच का संचालन कर रहे संदीप पांडे और नीरज कुमार मोनू को संचालन करने से मना कर दिया। जिससे नाराज होकर भूपेन्द्र कन्नौजिया, संदीप पांडे, नीरज कुमार मोनू, गुंजन रौतेला, सूरज महरा, सूरज बोरा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू, सीमा आर्या समेत कई लोग धरने में बैठ गए। बाद में अधिशासी अधिकारी ने बमुश्किल मामले को शांत कराया। इधर, इस बार मेले में प्रत्येक दिवस राजनीति को लेकर न केवल भीमताल, बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी काफी चर्चा है। कई लोगों ने इस परंपरा को मेले के लिए घातक बताया।

# भाजपा नेता मोहन सिंह बिष्ट का निधन



मोहन सिंह बिष्ट।

**भवाली, अमृत विचार :** रामलीला कमेटी भवाली के अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह बिष्ट का रविवार को निधन हो गया। 66 वर्षीय बिष्ट कई माह से अस्वस्थ थे। उन्होंने रामलीला कमेटी का अध्यक्ष रहते हुए 17 वर्षों तक निर्विवाद कार्यकाल पूरा किया। वह क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी भी थे। उनकी पत्नी नीमा बिष्ट नगर पालिका भवाली की पूर्व चैयरमेन रह चुकी हैं। वह अपने पीछे पत्नी, पुत्र अपूर्व व पुत्री आकांक्षा को रोता बिलखता छोड़ गए है। सोमवार सुबह भवाली स्थित शिप्रा घाट पर उनकी अंत्येष्टि होगी। उनके निधन पर सांसद अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्या, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पंकज अद्वेति, नवीन भट्ट, प्रकाश आर्या, शिवांशु जोशी, नरेश पांडे, हरिशंकर कांडपाल, संजय जोशी आदि ने शोक जताया है।

**अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।**

पढ़ते रहिए अपना अखबार — अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | कार्यालय | : | 7830460114 |
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | : | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | : | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | : | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | : | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | : | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | : | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | : | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | : | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | : | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | : | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | : | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | : | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | : | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | : | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | : | 8218899134 |
| गौलापार | मनोज शर्मा | : | 9759921464 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | : | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | : | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | : | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | : | 7017941901 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज़ एजेंसी | : | 8445072215 |
| बाजपुर | अकील अहमद | : | 9837146215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | : | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | : | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | : | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | : | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | : | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | : | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | : | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | : | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | : | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | : | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | : | 9917089411 |

## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप के साथ बारिश होने की संभावना।

31.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.26 | सूर्यास्त 07.11

# गैर वैशाली व मित्रपुरम में नहीं होगा जलभराव

## डीएम वंदना सिंह ने चौफुला वन चौकी के समीप बरसाती नाले से हो रहे जलभराव का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चौफुला वन चौकी के समीप बरसाती नाले के पानी की निकासी को लेकर दो क्षेत्रों में उपजे विवाद के बाद नैनीताल डीएम वंदना सिंह व हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद डीएम ने कहा कि दोनों क्षेत्रों को देखते हुए समाधान किया जाएगा। उन्होंने तात्कालिक और स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

डीएम वंदना रविवार को चौफुला वन चौकी के पास पहुंचीं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यहां पहाड़ से आने वाला बरसाती नाला पानी के साथ मलबा ला रहा है, जो मित्रपुरम से होते हुए गैर वैशाली क्षेत्र में बनी आवासीय कॉलोनियों में घुस रहा है। वहीं, चौफुला से चंबल पुल तक नहर कवरिंग होने से भी पानी की निकासी नहीं हो रही है। दोनों ही क्षेत्रों के लोगों ने पानी निकासी को अपने-अपने सुझाव दिए।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि बरसाती नाला ऊपर से आता है, जिसका पानी हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र से होते हुए कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के घरों व दुकानों में घुस रहा है। इसका एक समाधान है कि नाले के मूल स्रोत पर ही 70 मीटर की चैनलाइजिंग कर इसे रकसिया नाले से जोड़ दिया जाए। इससे लगभग 80 फीसदी पानी नाले में चला जाएगा और जलभराव की समस्या को काफी हद तक निजात मिलेगी। यह काम जनवरी से जून माह के बीच हो जाने चाहिए थे, लेकिन तब नहीं हुए। अब जनता परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि इसका स्थायी समाधान नाले की सुरक्षा दीवार बनाना और पानी की निकासी के लिए ह्यूम पाइप बिछाना है। फिलहाल अस्थायी तौर पर प्रशासन चेक डैम, जाल वगैरह लगाने की बात कर रहा है।

डीएम ने कहा कि पानी निकासी के तात्कालिक समाधान के लिए 24 घंटे जेसीबी तैनात रहेगी। सिंचाई विभाग ने एक करोड़ की लागत का वन चौकी से चौफुला होते हुए नाला निर्माण का प्रस्ताव बनाया है जो शासन को भेज दिया गया है। सिंचाई विभाग ने निविदाएं भी कर दी हैं।

उन्होंने विधायक सुमित के स्रोत से रकसिया से जोड़ने के सुझाव पर सिंचाई व वन विभाग को संयुक्त सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग ने जलभराव के स्थायी समाधान के लिए वन चौकी के अपस्ट्रीम में नाले के दोनों तरफ 10 मीटर लंबाई में पत्थरों की दीवार लगाने का प्रस्ताव दिया है। वन चौकी से चौफुला चौराहा तक 250 मीटर लंबाई में सड़क खोद कर 1.20 मीटर मोटाई के ह्यूम पाइप से जल निकासी की जाएगी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, उपनगर आयुक्त तुषार सैनी, तहसीलदार सचिन कुमार, मन्नू गोस्वामी आदि मौजूद थे।


चौफुला वन चौकी के समीप बरसाती नाले का निरीक्षण करतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

### डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** वार्ड 37 व 38 के क्षेत्रवासियों ने डीएम को ज्ञापन सौंप कर कहा कि पूर्व में नाला चीनपुर की ओर बहता था, लेकिन कुछ लोगों ने जमीन का रकबा बढ़ाने के लिए नाले का रुख वन चौकी की ओर कर दिया। इस वजह से यह परेशानी हो रही है। भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जंगल में स्रोत से ही इस नाले को रकसिया नाले में मिलाया जाए तो पानी के प्रवाह से क्षेत्रवासी प्रभावित नहीं होंगे। इस दौरान मन्नू गोस्वामी, महेशानंद, मन्नू गौड़, मनोज खुल्बे, मनोज कोठारी, दीपक खुल्बे, नरेश खुल्बे, हरीश पवार, जगदीश पवार, त्रिलोक सिंह मौजूद रहे।


कोसी नदी में नहाने गए चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने वाली टीम।

# कोसी नदी में नहाने के दौरान बहे 4 लोग बचाए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** धनियाकोट के अंतर्गत कोसी नदी में नहाने गए चार लोग बह गए। इनमें एक बच्चा भी शामिल था। सूचना पर एसडीआरएफ, राजस्व विभाग और पुलिस की टीम ने चारों लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

रविवार दोपहर करीब दो बजे ग्राम नौण पट्टी धनियाकोट के अन्तर्गत कोसी नदी में शिवम जायसवाल (20 वर्ष) पुत्र राम चरण निवासी दिल्ली, दीपांशु रावत (20 वर्ष) पुत्र गोपाल सिंह रावत निवासी दिल्ली, विवेक बिष्ट (12 वर्ष) पुत्र कैलाश बिष्ट निवासी धारी बेतालघाट और रोहित सिंह बिष्ट (18 वर्ष) पुत्र प्रेम सिंह निवासी नौगांव काकड़ीघाट नहाने गये थे। बारिश से कोसी नदी में अचानक जलस्तर बढ़ गया। जिस वजह से चारों नदी के किनारे पहाड़ी की ओर फंस गए। मौके पर चीख पुकार मच गई। जब लोगों ने इन्हें बहते देखा तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। कुछ ही देर में एसडीआरएफ, राजस्व विभाग व पुलिस की टीम पहुंच गई और चारों को सुरक्षित बाहर निकाला। एसडीएम कोश्याकुटोली बिपिन पंत ने बताया कि चारों लोगों को चोट नहीं आई है। उन्होंने लोगों से बरसात में नदी में नहाने न जाने की अपील की है।

## एक नजर

### जिले में आज बंद रहेंगे सरकारी व निजी स्कूल

**हल्द्वानी :** जनपद नैनीताल में भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए जिला प्रशासन ने सरकारी व निजी स्कूलों को सोमवार को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष/डीएम वंदना सिंह ने बताया कि मौसम विभाग ने 22 जुलाई को जिले में भारी बारिश व आकाशीय बिजली के साथ रेड अलर्ट जारी किया है। रविवार को भी जिले में भारी बारिश हुई है। कहा कि सोमवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी, अर्द्ध सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों का अवकाश रहेगा। चेतावनी दी कि मनमानी करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 445 ने दी सहायक भंडारी पद की लिखित परीक्षा

**नैनीताल :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की सहायक भंडारी के पदों की लिखित परीक्षा रविवार को जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से सहायक भंडारी की लिखित परीक्षा दून पब्लिक स्कूल और महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में सुबह 11 से 1 बजे तक आयोजित की गई। जिसमें कुल 696 परीक्षार्थियों में से 445 उपस्थित रहे, जबकि 251 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### पूछड़ी में पेड़ से लटका मिला युवक का शव


गौरव बोरा।

**रामनगर :** ग्राम पूछड़ी में युवक का शव पेड़ से लटका मिला। रविवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। एसएसआई मनोज नयाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लिया। शव की शिनाख्त गौरव बोरा (23 वर्ष) पुत्र गोपाल बोरा के रूप में हुई। प्रथम दृष्टया युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुमाऊं के 1100 पुलिस जवान कांवड़ ड्यूटी पर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### तैनाती

- 200 इंस्पेक्टर और एएसआई, 750 सिपाही व 150 हेड कांस्टेबल हरिद्वार रवाना

**अमृत विचार :** कांवड़ ड्यूटी के लिए कुमाऊं मंडल से 11 सौ इंस्पेक्टर, एएसआई, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल हरिद्वार के लिए रवाना हो गए हैं। चूंकि मौसम का अलर्ट है तो इन्हें भारी बारिश के बीच भी ड्यूटी करनी होगी। कुमाऊं के विभिन्न जिलों से रवाना होने से पहले इन सभी कर्मियों को विवाद से दूर रहने की हिदायत दी गई है।

जिन्हें कांवड़ ड्यूटी के लिए रवाना किया गया है, उनमें 200 इंस्पेक्टर और एएसआई, 750 सिपाही और 150 हेड कांस्टेबल हैं। ये सभी हरिद्वार, रुड़की और टिहरी में अपनी ड्यूटी निभाएंगे। भारी भीड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था चुनौती होगी। ऐसे में इन सभी को रवाना होने से पहले हिदायद दी गई है कि वह अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखें और किसी भी तरह के विवाद से दूर रहें। इन कर्मियों के मानसिक तनाव और स्वास्थ्य को देखते हुए कांवड़ ड्यूटी में चिकित्सकों की व्यवस्था भी की गई है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए पुलिस अधिकारियों को छाता और बरसाती साथ रखने की सलाह दी गई है। डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए फोर्स रवाना हो चुकी है। पुलिस पहले भी कांवड़ यात्रा में सहयोग कर चुकी है और उन्हें अपना काम बखूबी पता है।

# मैदानों में हुई बारिश पहाड़ों में बूंदाबांदी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को नैनीताल जिले में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया था। जिले के मैदानी इलाकों में तो बारिश हुई, लेकिन पहाड़ में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। हल्द्वानी में देवलचौड़, मानपुर पश्चिम, गौलापार, टीपीनगर आदि इलाकों में झमाझम बारिश हुई। करीब 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। जिले में सबसे ज्यादा 58 मिमी. बारिश नंधौर क्षेत्र में हुई। इसके अलावा कालाढूंगी में 23 मिमी. बारिश हुई। पहाड़ों में बारिश न के बराबर हुई।

मुक्तेश्वर में हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि सोमवार को जिले में भारी बारिश हो सकती है। बारिश के बाद हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# वन पंचायत की भूमि पर बना दिया रिजॉर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### अतिक्रमण

- पुलिस से लेकर मंडलायुक्त तक शिकायत की लेकिन शिकायतकर्ता पर हुआ मुकदमा
- निचले स्तर पर नहीं बनी बात तो मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से की शिकायत

**अमृत विचार :** वन पंचायत की भूमि को भू-माफिया से बचाने में जुटे एक व्यक्ति की जान जोखिम में पड़ गई। उसे घेर लिया गया और शिकायत की तो पुलिस ने उल्टा उसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। पीड़ित ने वन विभाग, पुलिस से लेकर मंडलायुक्त तक शिकायत की, लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी। पीड़ित ने अब मुख्य सचिव से मामले में दखल की मांग की है।

रामपुर रोड टीपीनगर स्थित पालम सिटी में रहने वाले हिशान्त ने बताया कि पूरा मामला एक हजार नाली भूमि से जुड़ा है। नैनीताल और धारी तहसील की सीमा वाली ये भूमि सूपी वन पंचायत में थी, लेकिन भू-माफिया ने अधिकारियों से सांठ-गांठ कर इस एक हजार नाली भूमि को धारी के ग्राम बना में दिखा दी। अब कागजों में यह भूमि बना ग्राम में है। जबकि वन पंचायत की यह भूमि बंदोबस्ती के नक्शे में सूपी वन पंचायत में दर्ज है। वर्ष 2004-05 में हाईकोर्ट ने बंदोबस्ती के नक्शे के आधार पर सीमांकन के निर्देश दिए थे। एक वर्ष तक तत्कालीन जिलाधिकारी ने सीमांकन नहीं कराया और जब दबाव पड़ा तो सीमांकन दूसरे गांव से दिखा दिया गया। हिशान्त ने मामले में हस्तक्षेप किया और जब अधिकारियों से शिकायत की तो भू-माफिया उनके पीछे पड़ गए। मामला मुक्तेश्वर थाने तक पहुंच गया। शिकायत करने पर 30 से 40 लोगों ने हिशान्त को घेर लिया। बमुश्किल उन्होंने हाथ-पैर जोड़ कर अपनी जान बचाई, लेकिन अपने मुद्दे से नहीं डिगे। उन्होंने धारी तहसील से लेकर वन विभाग, जिलाधिकारी, मंडलायुक्त तक साक्ष्य के साथ शिकायतें की, लेकिन बात नहीं बनी। उल्टा मुक्तेश्वर थाने से उनके ऊपर शांतिभंग की कार्रवाई कर दी गई। हिशान्त ने बताया कि अब उन्होंने इसकी शिकायत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से की है। आरोपियों पर कार्रवाई और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने वाले मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग की है। वर्षों से वन पंचायत की भूमि बचाने में जुटे हिशान्त के सामने ही संबंधित भूमि पर सीसीरोड, पानी की कई टंकी, कई मंजिला मकान, रिजॉर्ट और होमस्टे बन गए। लोगों ने अपने निजी बगीचे बना लिए और अधिकारी मौन सहमति देते रहे।


वन पंचायत की भूमि पर बना मकान। ● अमृत विचार

# टेंट व्यापारियों का माल लेकर भागा मेडिकल कॉलेज का माली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में माली का काम करने वाला एक शातिर शहर के कई टेंट व्यापारियों को ठग कर फरार हो गया। उसने आयोजनों के नाम पर करीब आधा दर्जन टेंट व्यापारियों से टेंट का सामान लिया और गायब हो गया। टेंट व्यापारियों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है।

महानगर टेंट व्यापारी एसोसिएशन हल्द्वानी के अध्यक्ष हर्षवर्धन पांडे रविवार को पीड़ित व्यापारियों के साथ तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति पिछले एक माह से अलग-अलग टेंट की दुकानों से माल उठाता रहा। चूंकि वह पहले टेंट हाउस में काम कर चुका था तो अधिकांश टेंट वालों को जानता था। वह कभी शादी तो कभी अन्य आयोजन के नाम पर पहचान का फायदा उठाते हुए बिना भुगतान के माल ले जाता रहा। उसने बताया था कि टेंट हाउस से काम छोड़ने के बाद अब वह मेडिकल कॉलेज में माली का काम कर रहा है। करीब आधा दर्जन व्यापारियों से उठाया माल जब वह वापस करने नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू हुई। व्यापारी उसके बताए पते पर पहुंचे तो पता गलत मिला। उसे फोन किया गया तो फोन बंद मिला। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि टेंट व्यापारियों की तहरीर मिली है। जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।


आरोपी के खिलाफ तहरीर लेकर पहुंचे टेंट व्यापारी। ● अमृत विचार

# पुलिस के रडार पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई ज्वैलर्स

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई ज्वैलर्स हल्द्वानी पुलिस के रडार पर हैं। ये वो ज्वैलर्स हैं जो हल्द्वानी से चोरी सोने, चांदी और हीरे के जेवर चोरों से औने-पौने दाम में खरीदते हैं। पुलिस की एक स्पेशल टीम ने इनके लिए जाल बिछा दिया है। टीम रवाना हो चुकी है और संभल, रामपुर और मुरादाबाद के कुछ ज्वैलर्स निशाने पर हैं। पुलिस पूरी कार्रवाई हाल में पकड़े गए कुछ चोरों की निशानदेही पर कर रही है।

पिछले एक साल में ऐसी तमाम चोरियां हुई हैं, जिनका पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। वहीं जिन चोर की घटनाओं का खुलासा हुआ उनमें शत-प्रतिशत रिकवरी नहीं हो सकी। इस रिकवरी में नगदी के साथ सोने-चांदी और हीरे के जेवर भी थे। ऐसा ही एक मामला पूर्व लिपिक के घर चोरी का था। इस मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से चोरी हुआ माल बरामद तो हुआ, लेकिन सिर्फ आधा ही। ऐसे और भी कई मामले हैं।

ताजा मामले में चोरों से पूछताछ के बाद सामने आया कि वह चोरी का माल उत्तर प्रदेश के संभल, रामपुर, बदायूं और मुरादाबाद में ज्वैलर्स को बेच देते थे। उक्त ज्वैलर्स को पता होता है कि माल चोरी का है, इसी वजह से वह सोने-चांदी के जेवर औने-पौने दाम में खरीद लेते हैं। पुलिस यह मान कर चल रही है कि चोरी की टीम का ये ज्वैलर्स भी हिस्सा हैं। इसके लिए एक विशेष टीम उत्तर प्रदेश में जांच पड़ताल कर रही है।

# पेड़ों की लॉपिंग के चलते आज रहेगा रूट डायवर्जन

**हल्द्वानी:** नैनीताल रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सिंधी चौराहे से मंगलपड़ाव तक पेड़ों की लॉपिंग की जाएगी। इस से सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रूट डायवर्ट रहेगा।

बरेली रोड से आने वाले सभी बड़े वाहन तीनपानी बाईपास तिराहे से डायवर्ट होकर गौला बाईपास से होते हुए काठगोदाम की ओर जाएंगे। रामपुर रोड से पर्वतीय रूट को जाने वाले सभी बड़े वाहन टीपीनगर से डायवर्ट होकर होंडा शोरूम तिराहा होते हुए तीनपानी बाईपास से काठगोदाम की ओर जाएंगे। रोडवेज व केमू बस अड्डे से बरेली रोड की ओर जाने वाली सभी बसें ताज चौराहे से गौलापुल होते हुए निकलेंगी। सभी छोटे वाहन सिंधी चौक से आईटीआई एफटीआई तिराहा होते हुए जाएंगे।

# स्कूटी फिसलने से सेल्समैन की मौत, साथी फौजी घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी में टेढ़ी पुलिया के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रेलिंग से टकरा गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत सीएचसी लाया गया, जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को एसटीएच रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार स्कूटी संख्या यूके18 के-1170 से काशीपुर कुंडेश्वरी निवासी बृज मोहन सिंह (38) पुत्र गबर सिंह और अमित (30) पुत्र दीप प्रकाश काशीपुर से हल्द्वानी जा रहे थे। तभी कालाढूंगी में टेढ़ी पुलिया के पास सुबह करीब साढ़े आठ बजे उनकी स्कूटी फिसलकर सड़क किनारे रेलिंग से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एसओ भगवान महर ने बताया कि घायलों को सीएचसी कालाढूंगी लाया गया, जहां उपचार के दौरान अमित की मौत हो गई।

अमित एक पेंट कंपनी में सेल्समैन था। जबकि उसका घायल साथी आर्मी का जवान है। बताया जा रहा है कि दोनों हल्द्वानी में कोई प्रतियोगी परीक्षा देने जा रहे थे। पंचमाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।


मोहन सिंह।

# नलकूप न चलने से पानी को तरसे लोग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रविवार को नैनीताल रोड पर जल संस्थान से लेकर मुख्य बाजार तक 4 घंटे तक बिजली कटौती रही। जिस कारण लोग दिनभर परेशान रहे। वहीं बिजली न होने के चलते जल संस्थान, तहसील, सरस मार्केट आदि जगह में नलकूप नहीं चल पाए। जिससे बद्रीपुरा, तिकोनिया, मुख्य बाजार आदि इलाकों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। लोग आसपास के क्षेत्रों से पानी ढोते नजर आए। वहीं आवास विकास में लगा नलकूप अभी तक ठीक नहीं हो पाया है। दमुवाढूंगा में नलकूप ठीक होने से लोगों को राहत मिली है। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि आवास विकास में शीघ्र ही नलकूप ठीक हो जाएगा।

# चिकित्सक को पीटकर रिश्तेदार के घर में छुपा एक आरोपी दबोचा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### कार्रवाई

- छात्रसंघ अध्यक्ष व आधा दर्जन साथियों ने की थी मारपीट
- छात्रसंघ अध्यक्ष और एक अन्य अब भी फरार, तीन ले चुके हैं स्टे

**अमृत विचार :** रेडिएंट अस्पताल के स्वामी डॉ. पुनित कुमार गोयल से मारपीट और लूट करने वाले छह आरोपियों में से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले 15 दिन से फरार था। आरोपी खटीमा में अपने रिश्तेदार के घर में छुपा था। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया है।

मुखानी थाना क्षेत्र में रेडिएंट अस्पताल केवीएम स्कूल के सामने स्थित है। हिल्स व्यू एन्क्लेव लोहरियासाल मल्ला निवासी डॉ. पुनित बीती 5 जुलाई को अस्पताल में ओपीडी में मरीज देख रहे थे। इस दौरान उनके साथ दो बार मारपीट हुई। विशाल सैनी, छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला, हितेश जोशी, राहुल मठपाल, मनीकेत तोमर, मोहित खोलिया व अन्य ने उनके साथ मारपीट और लूटपाट की। आरोपियों पर 7 जुलाई को धारा 333, 309(4), 115(2), 352, 351(2), 351(3) व 191(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में तीन आरोपी लोग कोर्ट से स्टे ले चुके हैं।

घटना के बाद 13 दिन तक आरोपी पुलिस को दौड़ाते रहे। मामले की जांच कर रहे मुखानी थाने के एसआई हरजीत राणा ने शनिवार रात खटीमा ऊधमसिंह नगर स्थित एक घर में दबिश दी। यहां छिपे बैठे मोहित खोलिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये घर मोहित के रिश्तेदार का है। मोहित एमबीपीजी कॉलेज में एमए का छात्र है। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डेंगू की रोकथाम को 20 लोगों की टीम गठित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डेंगू की रोकथाम को लेकर विभाग ने जिले में 20 लोगों की टीम गठित की है। टीम के सदस्य डेंगू सीजन में विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सर्वे करेंगे।

साथ ही घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करेंगे। टीम के सभी सदस्यों को मानदेय पर रखा गया है। आमतौर पर डेंगू सीजन अक्टूबर माह तक चलता है। बीते कुछ वर्षों से देखने में आ रहा है कि डेंगू के मामले नवंबर माह तक मिलते हैं। ऐसे में यह टीम चार माह तक स्वास्थ्य विभाग के साथ काम करेगी। सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कि डेंगू व मलेरिया को लेकर सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री के साथ सभी जिलों के सीएमओ की वर्चुअल बैठक होगी।

# मैनेजर ने कंपनी को लगाया चूना लाखों का लोन रिश्तेदारों में बांटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### जालसाजी

- वाहनों के शोरूम को लोन देती थी राजस्थान की कंपनी
- 21 लाख रुपये का लोन कंपनी के बजाय अपनों को दिया

**अमृत विचार :** गाड़ियों के शोरूम को लोन देने वाली फाइनेंस कंपनी को उसी के मैनेजर ने लाखों रुपये का चूना लगा दिया। लोन शोरूम मालिकों तक नहीं पहुंचा तो मामले की पड़ताल शुरू हुई और मामला खुल गया। पता लगा कि मैनेजर ने पास हुआ 21 लाख रुपये का लोन दोस्तों और रिश्तेदारों में बांट दिया।

कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर अंतरिक्ष मेहता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि एसकेएस फाइनेंस लिमिटेड न्यू मार्केट खासाकोठी जयपुर राजस्थान में स्थित है। हल्द्वानी स्थित दुर्गासिटी सेंटर के गुरुनानक टॉवर में भी उनका कार्यालय है, जहां बिजनेस डवलपमेंट मैनेजर ईशान वर्मा काम करते हैं। ईशान का काम गाड़ी शोरूम डीलर्स को कंपनी की ऋण संबंधी योजना बताकर लोन पास कराना था। एक साल में ईशान ने 10 से भी ज्यादा शोरूम डीलर्स के लोन पास कराए, लेकिन लोन की रकम डीलर तक नहीं पहुंची। किच्छा स्थित आरके मोटर्स ने तीन गाड़ियों के लिए 2.58 लाख और मां वैष्णव मोटर्स के डीलर ने चार गाड़ियों के लिए 4.20 लाख रुपये का लोन लिया था और जब लोन की रकम उन तक नहीं पहुंची तो 14 मई 2024 को उन्होंने कंपनी से जानकारी जुटाई। कंपनी ने पूछताछ की तो मामला खुल गया। पता चला कि ईशान ने लोन की रकम को अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया। कंपनी की जांच में 21, 55,206 रुपये की धोखाधड़ी सामने आई। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गौला में दूसरे दिन भी चला चैनलाइजेशन कार्य

## लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने रावतनगर में शुरू कराया था कार्य, एसडीओ और रेंजर ने किया निरीक्षण

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने शनिवार को बिंदुखत्ता के रावतनगर में पोकलैंड मशीन से गौला नदी में चैनलाइजेशन का कार्य शुरू करवाया था, जो रविवार को भी जारी रहा। वहीं देवरामपुर और बिंदुखत्ता के इंदिरानगर क्षेत्र में सिंचाई विभाग गौला नदी में चैनलाइजेशन कार्य कर रहा है। वन विभाग के एसडीओ और वन क्षेत्राधिकारी ने सभी कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

बीते दिवस दिशा की बैठक में गौला नदी में चैनलाइजेशन को लेकर विधायक डॉ. बिष्ट और डीएम वंदना के बीच कहासुनी हो गई थी। इससे नाराज विधायक ने स्वयं के खर्चे से तीन पोकलैंड मशीन गौला नदी में उतारी और चैनलाइजेशन कार्य शुरू कराया। विधायक के गौला नदी में चैनलाइजेशन कार्य शुरू कराने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। रविवार को गौला नदी के पानी को पश्चिम भाग गांव क्षेत्र में जाने से रोकने के लिए नदी में पानी का डायवर्जन व चैनेलाइजेशन कार्य का निरीक्षण एसडीओ गौला अनिल कुमार जोशी और वन क्षेत्राधिकारी गौला चंदन सिंह अधिकारी ने किया। इस मौके पर संस्था ठेकेदार व मशीन ऑपरेटर को उचित दिशा निर्देश दिए गए।



इंदिरानगर क्षेत्र में कराये जा रहे चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण करते एसडीओ और रेंजर। ● अमृत विचार

### विधायक ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया: बल्यूटिया



**हल्द्वानी :** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट के गौला नदी में चैनलाइजेशन के लिए अपने प्रयासों से पोकलैंड ले जाने की घटना को प्रदेश सरकार की विफलता बताया है। जारी बयान में बल्यूटिया ने कहा कि लालकुआं में जलभराव की समस्या के समाधान में प्रशासन पूरी तरह से विफल रहा। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने को कहा, लेकिन कुछ नहीं हुआ। यह बड़ी अचंभित करने वाली बात है कि भाजपा विधायक के क्षेत्र में जनसमस्या को दूर करने के लिए विधायक की मांग पर सुनवाई नहीं हो रही है। कहा कि विधायक बिष्ट ने प्रशासन ही नहीं भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इससे साबित होता है कि भाजपा सरकार राज्य में किस तरह का आपदा प्रबंधन कर रही है।

### नदी में पोकलैंड लेकर जाना महज दिखावा

**लालकुआं :** कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट के गौला नदी में पोकलैंड लेकर जाने को महज दिखावा बताया है। कहा कि विधायक की मंशा साफ होती तो वह पिछले नौ माह में नदी में ग्रामीण छोर की ओर तटबंध निर्माण कार्य में सक्रियता दिखाते। जारी बयान में दानू ने कहा कि शासन-प्रशासन की उदासीनता के चलते बिंदुखत्ता क्षेत्र के दर्जनों किसानों की भूमि गौला नदी में समा गई है। विधायक ने पोकलैंड मशीन ले जाकर गौला नदी के पानी को डायवर्जन का कार्य सिर्फ फोटो शूट कराने और वाहवाही लूटने के लिए किया। कहा कि यदि नदी में कोई व्यक्ति बिना अनुमति के अपनी ट्रैक्टर ट्राली लेकर जाता है तो वन विभाग उसके खिलाफ चालान व अन्य कार्रवाई करता है। लेकिन सत्ताधारी पार्टी के विधायक नदी में बिना विभागीय आदेशों के पोकलैंड लेकर गए और डायवर्जन कार्य करने लगे। ऐसे में जिम्मेदार विभाग मौन बैठा है।

# बीडीसी बैठक टलने से पंचायत सदस्यों में रोष

**हल्दूचौड़, अमृत विचार :** लालकुआं क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक एक बार फिर टल गई है। इसको लेकर ग्राम प्रधान संगठन और क्षेत्र पंचायत सदस्यों में रोष व्याप्त है। संगठन ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक नियमानुसार वर्ष में चार बार होती है, लेकिन पिछले लंबे समय से बैठक नहीं हुई है। बार-बार बैठक को बिना कारण बताए स्थगित कर दिया जा रहा है। रोष व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष रुकमणि नेगी, ग्राम प्रधान शंकर जोशी, रमेश जोशी, रामलाल, तनुजा पांडे, हरेंद्र असगोला, मनीष आर्य, उमा, मीना शामिल थे।

इधर, खंड विकास अधिकारी रमेश जोशी ने कहा कि हर वर्ष बीडीसी बैठक का रोस्टर तय किया जाता है। वर्ष 2024 के अनुसार इस माह बैठक होनी थी, जिसकी तिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख को तय करनी होती है। स्वास्थ्य संबंधी वजह से यह मीटिंग नहीं हुई है। अगली बैठक अक्टूबर में होनी है, लेकिन स्थानीय समस्याओं के मद्देनजर जल्द तिथि घोषित कर दी जाएगी।

## सार-संक्षेप



उपखनिज भंडारण सीज करते वन कर्मी। ● अमृत विचार

### बाजपुर में उपखनिज भंडारण सीज

**रामनगर :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग के कर्मियों ने निरीक्षण के दौरान आवश्यकता से अधिक भंडारण रखने पर ग्राम गजरौला बाजपुर में मैसर्स महाकाल इंटरप्राइजेज का उपखनिज भंडारण सीज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि उपखनिज भंडारण की काफी समय से शिकायत मिल रही थी। जिस पर भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के ऊधमसिंह नगर के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ वन कर्मियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। मौके पर आरबीएम की पैमाईश स्टॉक के प्रतिनिधि किशन चंद्र पांडेय की उपस्थिति में की गई। क्षमता से अधिक उपखनिज व अन्य अनियमिताएं पाए जाने पर भंडारण स्थल को अग्रिम आदेशों तक सील कर दिया गया। इस दौरान वन दरोगा मोहन चंद्र पांडेय, जगजीत सिंह, वन बीट अधिकारी विक्रांत सिंह, एमपी चंद्र, होशियार सिंह मौजूद रहे।



ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख से वार्ता करते लोग। ● अमृत विचार

### बरसात में बेघर होने के डर से गुस्साए लोग

**रामनगर :** प्रशासन ने मंडी समिति के बाहर बसे लोगों को जब से अतिक्रमण हटाने का 15 दिन का नोटिस दिया है, तब से इन लोगों को बरसात के मौसम में बच्चों के साथ बेघर होने का डर सता रहा है। रविवार को प्रशासन के प्रति लोगों में आक्रोश नजर आया। ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी लोगों की समस्या सुनने पहुंचे। बातचीत में उन्होंने लोगों से कहा कि उनको आज नहीं तो कल हटाना ही है। शोर गुल किए जाने का कोई नतीजा नहीं है। लोगों का कहना था कि वह लोग स्वयं हटने को तैयार हैं पर बरसात खत्म होने तक का समय प्रशासन को देना चाहिए। संजय नेगी ने कहा कि सोमवार को वह इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी से मिलकर बरसात तक लोगों को नहीं हटाने का आग्रह करेंगे। साथ ही लोगों के अन्यत्र विस्थापन करने की भी मांग करेंगे।

### राजेंद्र नगर में लगा कैंप, 58 के बने आधार कार्ड

**हल्द्वानी :** युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू की ओर से राजेंद्र नगर में आधार कार्ड कैंप लगाया गया है। इसमें 58 लोगों के आधार कार्ड बनाए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता प्रीती आर्या ने बताया जनहित को ध्यान में रखते हुए आधार कार्ड कैंप लगाय गया है। कैंप में गौरव जायसवाल, सचिन राठौर, पूरन राम आर्या का विशेष योगदान रहा।

### मंदिरों में हुआ हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन

**लालकुआं :** गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर क्षेत्र के तमाम मंदिरों में हवन यज्ञ के साथ-साथ भंडारे का आयोजन किया गया। फलाहारी बाबा मंदिर प्रांगण में सुबह गुरु के प्रति श्रद्धा निष्ठा समर्पण व कृतज्ञता प्रकट करते हुए श्रद्धालुओं ने सर्व मंगल की कामना के लिए महामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन किया। आश्रम के महंत केशवानंद पुरी महाराज के मार्गदर्शन में आचार्य नंदा वल्लभ जोशी ने वेद मंत्रों के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। इधर, अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर में भी गुरु पर्व के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुआ। दोपहर बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

### अल्मोड़ा में अगले माह से लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर

**अल्मोड़ा :** ऊर्जा निगम ने जिले में स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद शुरू कर दी है। अगले माह से स्मार्ट मीटर लगने शुरू होंगे। पहले चरण में बिजली घरों से मीटर लगाने का कार्य किया जाएगा। दरअसल, ऊर्जा निगम को बिजली चोरी समेत बकाया वसूली को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए ऊर्जा निगम कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में बताया कि गया कि स्मार्ट मीटर को लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अगस्त के पहले हफ्ते से मीटर लगाने का कार्य शुरू होगा। निगम के ईई कन्हैया मिश्रा ने बताया अल्मोड़ा में पहले चरण में बिजली घरों में मीटर लगाए जाएंगे।

### श्रम कार्ड नवीनीकरण कराने को छूट रहे पसीने

**अल्मोड़ा :** श्रम विभाग में भीड़ के कारण कार्ड नवीनीकरण कराना श्रमिकों के लिए मुसीबत बना है। जिला मुख्यालय के कार्यालय में 300 से अधिक श्रमिक कार्ड नवीनीकरण को पहुंच रहे हैं। दरअसल, जिले में श्रम विभाग में करीब 1800 हजार श्रमिक पंजीकृत हैं। लेकिन इसमें केवल पचास प्रतिशत कार्ड ही वर्तमान में सक्रिय हैं। अन्य कार्ड नवीनीकरण नहीं होने व अन्य कारणों के चलते एक्टिव नहीं है। वहीं इन दिनों इन कार्डों का नवीनीकरण किया जा रहा है। लेकिन भीड़ अधिक होने से श्रमिक परेशान हैं।

# सस्ता सोना दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** नेपाल में सस्ता सोना दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

15 जुलाई को कैद सिंह निवासी ग्राम गांधी गिधौर गौझरिया पटिया खटीमा ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी। जिसमें आरोपित हरकेश मीना, सन्नी, छिन्दर कौर तथा परमजीत सिंह पर सस्ता सोना दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 3.20 लाख रुपये हड़पने और सन्नी पर सोना दिखाकर उसे अपने साथ ले जाकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपितों के विरूद्ध धारा 323, 420, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। मामले में पुलिस ने परमजीत सिंह उर्फ पम्मी निवासी ग्राम बिंदुखेड़ा रुद्रपुर और सोनू उर्फ सन्नी निवासी ग्राम सरकड़ी केलाखेड़ा को शारदा बैराज से पूर्व स्टोन क्रशर तिराहा पर कूड़े के ढेर के पास से गिरफ्तार कर लिया। मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। टीम में कोतवाल योगेश उपाध्याय, सुरेन्द्र सिंह कोरंगा, ओम प्रकाश, एजाज अहमद शामिल रहे।

# सामाजिक सरोकारों में योगदान देगा क्लब

- रोटरी क्लब के अधिष्ठापन समारोह में कार्यक्रमों पर चर्चा
- क्लब से लोगों को जोड़ने के होंगे प्रयास

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब के अधिष्ठापन समारोह में सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ ही उन्हें धरातल पर उतारने का संकल्प लिया गया। ढिकुली स्थित एक रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम राहुल शाह, विशिष्ठ अतिथि तहसीलदार कुलदीप पांडे, कोतवाल अरुण कुमार सैनी एवं क्लब के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।





कार्यक्रम में मंचासीन रोटरी अध्यक्ष, एसडीएम व तहसीलदार। ● अमृत विचार

राकेश जिंदल के संचालन में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम राहुल शाह ने कहा कि रोटरी क्लब सामाजिक कार्यों के आयोजनों के जरिये पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रामनगर में भी क्लब मानवता के हित में काम करेगा। क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने रोटरी क्लब की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कहा कि क्लब पर्यावरण के क्षेत्र में पौधरोपण करने के अलावा वृहद रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाएगा। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में निर्धन बच्चों की मदद करेगा। कहा कि चारधाम यात्रा का अंतिम पड़ाव रामनगर में स्थापित हो, इस दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। सचिव अमित गोयल ने कहा कि क्लब जनता को जोड़ने का प्रयास करेगा।

इस दौरान आदर्श सिंघल, राजीव टर्रे, आलोक सर्राफ, उमेश चंद्र अग्रवाल, विवेक कुमार बंसल, संदीप गुप्ता, राजन सर्राफ, डॉ. आरके खुराना, सर्वेश मित्तल, राजीव मित्तल, अरविंद सिंघल, सचिन अग्रवाल, पंकज सिंघल, अनिल अरोरा, संजय लखोटिया, दिनेश मेहरोत्रा, जितेंद्र अरोरा, पुनीत टंडन, राज टंडन मौजूद रहे।

# जिप्सी एसो. के चुनाव में सभी नामांकन वैध

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कॉर्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया के पहले दिन संगठन के पांच पदों के लिए नामांकन हुए। कोषाध्यक्ष पद पर एक ही नामांकन रहने के कारण अन्य चार पदों पर चुनाव होगा। चुनाव अधिकारी एडवोकेट फैजुल हक ने नामांकन पत्रों की जांच में सभी नामांकन पत्र वैध पाये।



नामांकन के दौरान मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि संगठन के अध्यक्ष पद पर जगदीश छिमवाल, प्रेम महरा, शिल्पेन्द्र बंसल तथा उपाध्यक्ष पद पर अमन अंसारी, मौ. फैसल, प्रताप सिंह रावत, सचिव पद पर ललित नेगी व उमर मोहम्मद, कोषाध्यक्ष पद पर जयपाल सिंह नेगी व नूर खान एवं उपसचिव पद के लिए हैदर अली, मनोज पांडेय व राजेश कुमार ने नामांकन कराया। नाम वापसी के समय कोषाध्यक्ष पद पर जयपाल सिंह नेगी ने अपना नामांकन वापस लिया। नाम वापसी के बाद कोषाध्यक्ष पद के अलावा अन्य चार पदों पर मतदान होगा। मतदान के बाद उसी दिन मतगणना कर विजय प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। चुनाव के दिन सभी को अपना एक पहचान पत्र लाना होगा। चुनाव को संपन्न कराने के लिये वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन चंद पांडे व संजीव अग्रवाल ने सहयोग दिया।

# 31वीं वाहिनी ने जीते चार स्वर्ण

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** आईआरबी प्रथम वाहिनी बैलपड़ाव में तीन दिनी प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस वेटलिफ्टिंग कलस्टर प्रतियोगिता के तीसरे दिन 31वाहिनी पीएसी ने अलग-अलग वर्गों में चार स्वर्ण पदक जीते। समापन दिवस पर आईआरबी प्रथम वाहिनी के सेनानायक रामचन्द्र राजगुरु (आईपीएस) ने विजेताओं को पदक प्रदान किए। 18 जुलाई से शुरू हुई प्रतियोगिता में वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग व योगा के मुकाबले हुआ। इसमें 13 टीमों के 208 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



ट्राफी के साथ विजेता टीम। ● अमृत विचार

तीसरे दिन वेटलिफ्टिंग महिला वर्ग में 31वीं वाहिनी पीएसी ने स्वर्ण, वेटलफ्टिंग पुरुष में आईआरबी प्रथम ने स्वर्ण, पावरलिफ्टिंग पुरुष में 31वीं वाहिनी पीएसी ने स्वर्ण, योगा महिला वर्ग में 31वीं वाहिनी पीएसी ने स्वर्ण, टिहरी पुलिस ने रजत और पिथौरागढ़ पुलिस ने कांस्य हासिल किया। योगा के पुरुष मुकाबले में देहरादून पुलिस ने स्वर्ण, टिहरी पुलिस ने रजत और 31वीं वाहिनी पीएसी ने कांस्य पदक हासिल किया। इस दौरान हरकेश सिंह, योगेन्द्र सिंह अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** हिमालय संगीत शोध समिति ने किया संगीत समारोह का आयोजन, शहर में जगह-जगह हुए कार्यक्रम

# गुरु पूर्णिमा पर बाल कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति से मोहा अतिथियों का मन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हिमालय संगीत शोध समिति ने रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संगीत समारोह का आयोजन किया। मुखानी जेकेपुरम स्थित संगीत प्रशिक्षण संस्थान में हुए कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

सबसे पहले बच्चों ने मात-पिता गुरु प्रभु चरणों में वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद समूहगान में मेरा कोई न सहारा बिन तेरे...का गायन किया। बालिकाओं ने पता नहीं किस रूप में आकर...गीत पर सामूहिक प्रस्तुति दी। वरिष्ठ कलाकारों ने नाम है तेरा तारण हारा...और युवा कलाकारों ने अरे दयालु मेरा गुजारा...पर सामूहिक प्रस्तुति दी। साथ ही बालिकाओं ने मैने मेहंदी रचाई रे..., बालकों ने कुछ लेना न देना मगन रहना...और हे राम हे राम...भजन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में सम्राट सिंह भाकुनी ने मधुर बांसुरी वादन किया और प्रतिभा भट्ट ने अपने गायन से समां बांधा। इससे पूर्व संगीतज्ञ डॉ. पंकज उप्रेती, नारायण दत्त चौधरी, चैतन्य पंत, निरंजन भट्ट, आचार्य धीरज उप्रेती ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन आचार्य भुवनेश कुमार ने किया। इस मौके पर पंकज जोशी, शुभम मठपाल, मयंक भट्ट, मानसी मेहता, लीला शर्मा आदि रहे। इधर, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रभु प्रेमी संघ की हल्द्वानी शाखा ने पुरानी आईटीआई के समीप समन्वय सेवा कुंजन में धार्मिक आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, विमला गुप्ता, भुवन पांडेय ने किया। इस दौरान स्वामी अवधेशानंद गिरी से दीक्षित सभी श्रद्धालुओं ने उनकी चरण पादुका का पूजन किया।





हल्द्वानी में कार्यक्रम में भजन की प्रस्तुति देते बाल कलाकार।



नैनीताल पाषाण देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त।



छबील लगाकर राहगीरों को शरबत बांटते सेवादार। ● अमृत विचार

### बिना गुरु के जीवन भी अधूरा : मधुहा हरिदास



मधुहा हरिदास।

**रामनगर :** बिना गुरु के जीवन अधूरा है। गुरु की महत्ता को जानकर उनका सम्मान करना आवश्यक है। यह बात इस्कॉन केंद्र के प्रमुख मधुहा हरिदास ने गुरु पूर्णिमा उत्सव के दौरान कही। कहा कि श्री चैतन्य महाप्रभु की शुद्ध भक्ति मार्ग की ब्रह्म-माध्व-गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय की गुरु शिष्य परम्परा के अंतर्गत आता है। श्री चैतन्य महाप्रभु तो स्वयं राधा कृष्ण का मिलन स्वरूप हैं। इस दौरान आशीष वर्मा, अनुराग मेहरोत्रा, संजय अग्रवाल, सौरभ, गौरांग, वैभव, रोहित प्रभु, कैलाश कांडपाल, पीयूष, कुणाल मौजूद रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर हुआ भंडारा

**नैनीताल :** गुरु पूर्णिमा के मौके पर ठंडी सड़क स्थित पाषाण देवी मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन हुआ। मुख्य पुजारी जगदीश भट्ट ने सुबह गुरु पूर्णिमा पूजा, नवग्रह पूजा, मां पाशाडेश्वरी पूजा व रामजी की सपरिवार पूजा की। जिसके बाद सुंदरकांड का आयोजन हुआ। जिसमें गोपाल सिंह और प्रमोद सुयाल सपत्नीक यजमान के तौर पर मौजूद रहे। भोग के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान राजेश मिश्रा, रीता सुयाल, सावित्री बिष्ट, आयुष भंडारी, प्रकाश जोशी, गुलशन जोशी, गौरव कुमार, अमित डालाकोटी मौजूद रहे।

### डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने शरबत बांटा

**हल्द्वानी :** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने छबील लगाकर राहगीरों को शरबत बांटा। यह आयोजन संत गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की प्रेरणा से हुआ। इस मौके पर जरुरतमंद बच्चों की स्कूल फीस जमा करना, स्टेशनरी वितरण, पौधारोपण भी किया गया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश को पिछला सेमेस्टर उत्तीर्ण करना जरूरी

**हल्द्वानी :** कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद एमबीपीजी कॉलेज के 528 और महिला डिग्री कॉलेज के 173 छात्रों को पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। इनमें से कई छात्र-छात्राएं तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर में तो पास हैं, लेकिन पहले और दूसरे सेमेस्टर में वे पास नहीं हो पाए हैं। पहले और दूसरे सेमेस्टर की बैक परीक्षा देने के बाद भी कई छात्र फेल हो गए हैं। इस कारण उन्हें पांचवे सेमेस्टर में पदोन्नत नहीं किया गया है। एमबीपीजी कॉलेज के तकनीकी प्रवेश प्रभारी डॉ. नवल लोहनी ने बताया कि एनईपी के नियमों के मुताबिक विषम सेमेस्टर से सम सेमेस्टर में स्वचालित रूप से प्रवेश दिए जा सकते हैं। यानि पहले सेमेस्टर से दूसरे सेमेस्टर में स्वचालित पदोन्नति होती है। जबकि दूसरे सेमेस्टर से तीसरे सेमेस्टर में पदोन्नति के लिए पहले वर्ष के दो सेमेस्टर के 50 प्रतिशत क्रेडिट को पास करना अनिवार्य है। बताया कि तीसरे सेमेस्टर से चौथे सेमेस्टर में स्वचालित पदोन्नति और चौथे सेमेस्टर से पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पहले और दूसरे सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं पास होनी चाहिए। इधर, दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा देने वाले कई छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम अभी तक जारी नहीं हुए हैं।

# अतिक्रमण से दुकानों में घुसा पानी, लाखों का सामान खराब

## एक दुकानदार ने कॉम्प्लेक्स की दीवार तोड़कर कर दिया था अतिक्रमण, शिकायत के बाद सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर अतिक्रमण हटाकर बनाई गई दीवार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तिकोनिया चौराहे पर स्थित उत्तरांचल ट्रेड सेंटर में एक दुकानदार ने कॉम्प्लेक्स की दीवार तोड़कर अतिक्रमण कर दिया। जिससे बारिश के बाद पानी बेसमेंट में स्थित दुकानों में घुस गया। इससे दुकानों का लाखों रुपये का सामान पानी में भीगकर खराब हो गया। व्यापारियों ने मामले की शिकायत सिटी मजिस्ट्रेट से की, जिसके बाद अतिक्रमण हटाकर दीवार का निर्माण किया गया।

शनिवार की रात बारिश के दौरान पानी डायवर्ट होकर दुकानों में घुस गया। कॉम्प्लेक्स में 10 से अधिक दुकानें हैं। पानी घुसने से दुकानों में रखा इलेक्ट्रानिक और मोबाइल का सामान भीग गया। कुछ दुकानदारों ने बचाव के लिए ऊंचे रैंप बनाए हैं, ताकि पानी दुकान के अंदर न घुसे। लेकिन अतिक्रमण के कारण पानी दुकानों में घुस गया। रविवार की सुबह जब दुकानदार दुकानों पर पहुंचे तो दुकान के अंदर पानी भरा देख उनके होश उड़ गये। दुकानें पानी से लबालब भरी थीं। इसके बाद दुकानदारों ने मोटर की मदद से पानी को बाहर निकाला। इधर, प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को मामले से अवगत कराया। साथ ही अतिक्रमण पर कड़ी नाराजगी जताई। जिस पर प्राधिकरण के अभियंता राजेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर अतिक्रमण हटाकर दीवार का निर्माण कर दिया गया।



बारिश के बाद कॉम्प्लेक्स की एक दुकान के अंदर पानी भरने से भीगा सामान। ● अमृत विचार



मोटर के जरिये दुकान से पानी बाहर निकालता दुकानदार। ● अमृत विचार




अतिक्रमण हटाकर बनाई गई दीवार। ● अमृत विचार

### बोले दुकानदार



छह माह पहले कॉम्प्लेक्स के एक दुकानदार ने अतिक्रमण कर दीवार तोड़ दी और शीशा लगाकर होर्डिंग्स लगा दी। जिस कारण पानी दुकानों में घुस गया। सभी दुकानदारों को नुकसान हुआ है। – **बलवंत सिंह**



पिछले 30 वर्षों से कॉम्प्लेक्स में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चला रहे हैं। आज तक ऐसा नहीं हुआ। दुकानदार ने अतिक्रमण कर लोगों के आवागमन का रास्ता बंद कर दिया है। **–ध्रुव**



जहां भी इस तरह का अतिक्रमण है, उसे चिन्हित कर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे लोगों को परेशानी न हो। **–विरेंद्र गुप्ता**, प्रदेश संगठन प्रभारी, प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल



लोगों को अतिक्रमण के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही है। अतिक्रमण कर पानी की निकासी को बंद कर दिया गया है, जिससे दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। **–गोविंद सिंह भाकुनी**, सचिव हल्द्वानी इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन

# आवारा पशुओं और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की महानगर कार्यकारिणी ने नैनीताल रोड व मेन बाजार का भ्रमण किया। इस अवसर पर व्यापारियों ने जलभराव, आवारा पशुओं समेत कई समस्याएं बताईं। इन समस्याओं के समाधान को संबंधित अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

महानगर अध्यक्ष डिंपल पांडे व महामंत्री परविंदर सिंह नागपाल के नेतृत्व में कार्यकारिणी ने रविवार को मेन बाजार, नैनीताल रोड, बरेली रोड, कालाढूंगी रोड आदि क्षेत्रों के बाजारों का भ्रमण किया और व्यापारियों से संपर्क साधकर समस्याओं से रूबरू हुए। इस अवसर पर व्यापारियों ने जलभराव, रात में स्ट्रीट लाइट बंद होने, बिजली कटौती और बाजारों व सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं की समस्याएं बताईं। उनका कहना था कि आवारा पशु आए दिन व्यापारियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इस पर महानगर अध्यक्ष पांडे ने कहा कि आवारा पशु एक ज्वलंत समस्या हैं। इसको लेकर जल्द ही नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। इसके अलावा अन्य समस्याओं को भी संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा। यदि फिर भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष उमेश राणा, मोहम्मद इकबाल हुसैन, इरशाद हुसैन सिद्दीकी, दीपक मेहरा मौजूद रहे।



नैनीताल रोड पर लगा आवारा पशुओं का जमावड़ा। ● अमृत विचार

# शिक्षकों के सम्मेलन में उठा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तरांचल (पर्वतीय) कर्मचारी शिक्षक संगठन का नैनीताल जिले का अधिवेशन रविवार को सेवायोजन प्रशिक्षण कार्यालय सभागार में संपन्न हुआ। इसमें वक्ताओं ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग प्रमुखता से उठाई।

अधिवेशन में मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोहर कुमार मिश्रा ने संगठन के इतिहास व उपलब्धियों के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष आरएस ऐरी ने कहा कि संगठन सभी कार्मिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए कृत संकल्प है। राज्य सरकार से शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को कई दौर की वार्ता की गई है, कुछ समस्याओं का समाधान हुआ है और कुछ का होना बाकी है। भविष्य में यदि जरूरत पड़ी तो संगठन आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेगा।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कार्मिकों को पदोन्नति न होने की दशा में पदोन्नत वेतनमान देने, पदोन्नति के लिए पात्रता अवधि में पूर्व की भांति शिथिलीकरण की व्यवस्था, गोल्डन कार्ड की खामियों ठीक करने, सभी स्तरों की पदोन्नति सूची को तत्काल जारी करने की मांग उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलीय अध्यक्ष रमेश जोशी व संचालन नवेंदु मठपाल ने किया। इस दौरान मनोज पंत, कुबेर मावड़ी, सोमपाल, नंदराम आर्य, नंदन गोस्वामी, चंद्रशेखर शर्मा, मोहन राम, जगदीश टम्टा, नमिता पाठक, ममता जोशी, संगीता जोशी, डॉ. गोकुल मर्तोलिया मौजूद रहे।

# सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों को दी जाए राहत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों की समस्याओं व अगस्त में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की तैयारियों को लेकर बैठक की।

रविवार को गुरुनानक मार्केट स्थित कार्यालय में हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि हल्द्वानी में जलभराव गंभीर समस्या है। शहर का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया है। एसडीएम कोर्ट के सामने ही गुरुनानक मार्केट में लंबे समय से नाली बंद है। कई बार अधिकारियों से नाली खुलवाने को गुहार लगा चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। चेतावनी दी कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 10 अगस्त को हल्द्वानी में होगी। इसको चिंतन बैठक का नाम दिया गया है, जिसमें प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं व समाधान पर मंथन होगा। इस अवसर पर नैनीताल रोड के चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों को राहत देने की मांग की गई। महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल ने कहा कि प्रशासन की शह पर सड़क किनारे फुटपाथों पर ठेलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हल्दूचौड़ व्यापार मंडल अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट ने आवारा पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता प्रकट की। इस दौरान मनोज खुल्बे, भुवन बहुगुणा, मनोज पंवार, माधो देउपा, महेश जोशी, अभिषेक पांडे मौजूद थे।



देवभूमि व्यापार मंडल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# उद्यमिता को बढ़ावा देंगे 32 नए फैकल्टी सदस्य

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद में चल रहे छह दिवसीय फैकल्टी मेंटर विकास कार्यक्रम (एफएमडीपी) का पहला प्रशिक्षण संपन्न हो गया।

प्रशिक्षण में सभी फैकल्टी सदस्यों ने अपने संस्थानों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक 20 सूत्रीय एजेंडा प्रस्तुत किया। बताया कि किस तरह वे चरणबद्ध तरीके से छात्रों के बीच उद्यमिता की मानसिकता विकसित करने को लेकर कार्य करेंगे। ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ल ने उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों के फैकल्टी सदस्यों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए। देवभूमि उद्यमिता योजना के परियोजना निदेशक और प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए संकाय सदस्यों को कौशल से लैस करना है। इस वर्ष पहले दल में 32 सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। दो और दल के सदस्यों को प्रशिक्षित किया जायेगा। डीयूवाई के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. दीपक कुमार पांडेय ने सभी प्रतिभागियों से ऑनलाइन वार्ता की और राज्य में उद्यमिता के प्रसार में फैकल्टी मेंटर की भूमिका की सराहना की।

# परमजीत सिंह शंटी बने संरक्षक सदस्य



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने व्यापारी परमजीत सिंह शंटी को संगठन में संरक्षक मंडल का सदस्य मनोनीत किया है। शंटी ने कहा कि मनोनयन पर व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा।

उनके मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष जसपाल कोहली, आफताब हुसैन, अजय कृष्ण गोयल, हर्ष जलाल, जगजीत सिंह चड्ढा, राकेश गोयल, मनोज खुल्बे, खीम सिंह बिष्ट, भास्कर सुयाल ने शुभकामनाएं दी हैं।

# शिव और विनय दौड़े सबसे तेज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को 23 ट्राई क्लब हल्द्वानी की ओर से हाफ मैराथन रेन रन के दूसरे चरण की शुरुआत हुई। मैराथन में भाग लेने के लिए सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों का सुबह 5 बजे से स्कूल प्रांगण में पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह 7 बजे से दौड़ प्रारंभ हुई। बारिश के बीच प्रतिभागियों में काफी जोश दिखा।

मैराथन में सर्वप्रथम 21 किलोमीटर के प्रतिभागी दौड़ में शामिल हुए। इसके बाद 10 किमी. और 5 किमी. दौड़ हुई। मैराथन के बाद शहीदों के परिवारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें शहीद खीम चंद्र डोगरी की पत्नी प्रेमा डोगरी और कारगिल शहीद मोहन सिंह दानू की पत्नी उमा दानू को सम्मानित किया गया। पांच किमी दौड़ में शिव प्रकाश बिष्ट प्रथम रहे। जबकि शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ध्रुव भौर्याल द्वितीय और सौरभ बिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। 35 से 50 आयु वर्ग में उत्तराखंड के मशहूर धावक विनय शाह प्रथम, अजय अग्रवाल द्वितीय और ऐकेश तिवारी तृतीय रहे।

इस मौके पर शिवालिक स्कूल के चेयरमैन रमेश शर्मा, प्रधानाचार्य पीएस अधिकारी, सिंथिया स्कूल के प्रबंधक प्रवीण रौतेला, अनंतनीर शर्मा, 23 ट्राई क्लब के दीपक दानी और संजय रावत उपस्थित रहे।




मैराथन में विजयी प्रतिभागियों के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

# सरकारी कार्यालयों में रिचार्ज पिट बनाने का काम जल्द करें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**डीएम ने अधिकारियों के साथ जिला योजना में प्रस्तावित कार्ययोजना पर की चर्चा**

**अमृत विचार :** डीएम वंदना ने रविवार को कैंप कार्यालय में उद्यान, सिंचाई और लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ जिला योजना में प्रस्तावित कार्ययोजना पर चर्चा की।

डीएम ने कहा कि हल्द्वानी शहर में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों में बारिश का पानी संरक्षित करने को रिचार्ज पिट बनाए जाने हैं। इसके लिए सभी दफ्तरों की सूची बनाकर सिंचाई और लघु सिंचाई को रिचार्ज पिट बनाने का कार्य आवंटित कर दिया गया है। इस पर तेजी से काम किया जाए। उन्होंने लघु सिंचाई विभाग को डीप रिचार्ज पिट, शाफ्ट, पुराने घराट का नवीनीकरण करने का प्रस्ताव बनाकर जिला योजना में प्राथमिकता देने को कहा।

रामनगर डिवीजन को शहर के ड्रेनेज प्लान में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कैंचीधाम के निकट एक अमृत सरोवर बनाने को कहा। इसको पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जाए। डीएम ने उद्यान विभाग को जनपद में नर्सरियों के आधुनिकीकरण के लिए बनाई गई पंचवर्षीय योजना की कार्ययोजना और प्रत्येक वर्ष के लिए तैयार किए प्लान की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

**कवायद** | लगभग 90 प्रतिशत तक पूरा हुए कार्य, अगले माह तक एमबीपीजी कॉलेज को हस्तांतरित करने की संभावना

# जल्द तैयार होगा हल्द्वानी का पहला सरकारी महिला छात्रावास

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में जल्द महिला छात्रावास बनकर तैयार हो जाएगा। यह पहला सरकारी छात्रावास होगा, जिसका निर्माण महिला डिग्री कॉलेज के पास किया जा रहा है। छात्रावास बनने के बाद एमबीपीजी कॉलेज को हस्तांतरित हो जाएगा।

महिला छात्रावास न होने के कारण महिला डिग्री कॉलेज में दूरदराज से पढ़ने के लिए आने वाली छात्राओं को पीजी में रहकर पढ़ाई करनी पड़ती है। छात्राओं की इस समस्या को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने एमबीपीजी कॉलेज को लगभग सात करोड़ रुपये का बजट जारी किया। जिसके बाद छात्रावास का निर्माण शुरू हुआ। वर्तमान में 90 प्रतिशत तक कार्य पूरा हो गया है। इस छात्रावास के बनने से छात्राओं को काफी सुविधा होगी। छात्रावास में भूतल सहित पांच तल हैं। हल्द्वानी की वृंदा कंस्ट्रक्शन कंपनी इसका निर्माण कर रही है। कंपनी के कांट्रैक्टर अनिल भारद्वाज ने बताया कि करीब नौ माह पहले कार्य शुरू किया गया था। अप्रैल 2025 तक काम को पूरा करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसे निर्धारित समय से पहले पूरा कर भवन को एमबीपीजी कॉलेज को हस्तांतरित कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि भवन में डिजायन के अतिरिक्त भी कई महत्वपूर्ण कार्य कराए गए हैं। छात्रावास में भूतल के अलावा कुल 24 कमरे हैं। एक कमरे में 3 से 4 बेड लगाने की व्यवस्था है। साथ ही दिव्यांगों के लिए उनकी सुविधा के अनुरूप अलग कमरा बनाया गया है। इधर, एमबीपीजी कॉलेज के तकनीकी संयोजक प्रो. डॉ. नवल लोहनी ने छात्रावास का भवन एमबीपीजी कॉलेज को हस्तांतरित होने के बाद इसकी नियमावली बनाई जाएगी। जिसके बाद छात्रावास में रहने के लिए एक न्यूनतम शुल्क तय किया जाएगा।



नवाबी रोड स्थित महिला कॉलेज के समीप बन रहा छात्रावास।

### क्लस्टर बनने पर महिला डिग्री कॉलेज को मिलेगा लाभ

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज और हल्द्वानी शहर डिग्री कॉलेज गौलापार को समायोजित कर क्लस्टर कॉलेज बनाने की योजना है। क्लस्टर बनने पर छात्रावास का लाभ महिला डिग्री कॉलेज और हल्द्वानी शहर गौलापार डिग्री कॉलेज को भी मिलेगा। महिला डिग्री कॉलेज में जिले के साथ ही अन्य जिलों के दूरदराज क्षेत्रों की छात्राएं पढ़ने आती हैं, जो पीजी में कमरा लेकर रहती हैं। छात्रावास बनने के बाद इन छात्राओं को लाभ मिलेगा।

# हरीशताल मार्ग फिर हुआ बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हरीशताल मोटर मार्ग एक बार फिर से भूस्खलन की वजह से बंद हो गया है। यह मार्ग बीच में कुछ दिनों के लिए खुला था। ग्रामीणों का आरोप है कि हरीशताल मोटर मार्ग को पूरी तरह से खोला नहीं गया था। लूगड़ से वाहनों को डायवर्ट करके भेजा जा रहा था।

हरीशताल मार्ग पर कौंता से पटरानी का हिस्सा, जो करीब छह किमी लंबा है लंबे समय से बंद चल रहा है। स्थानीय निवासी टीकम सिंह बिष्ट ने बताया कि पटरानी में इंटर कॉलेज है। अधिकारी कहते हैं कि बारिश के दिनों में मार्ग को नहीं खोला जा सकता है। ऐसे में विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग को बनाने में पूरी तरह से हीलाहवाली की गई है। जिस वजह से मार्ग बनने के बाद बारिश के दिनों में कई जगह से पूरी तरह से डामर उखड़ गया है। लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों ने कुछ समय पूर्व पीएमजीएसवाई काठगोदाम के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया था। पूर्व प्रधान अंजू ने बताया कि जिस गति से इस मार्ग को बंद होने पर खोला जाता है, उस सुस्त गति को देखकर यही लगता है कि इस मार्ग पर बारिश में आवागमन मुश्किल है। लोनिवि रामनगर के अंतर्गत आने वाला देवीपुरा से सौड मोटर मार्ग भी बंद चल रहा है।

### 21 दिन में सिर्फ 9 दिन की खुला मार्ग



हरीशताल मार्ग की दुर्दशा।

**हल्द्वानी :** पीएमजीएसवाई काठगोदाम के अधिकारियों ने बताया था कि हरीशताल मार्ग को 16 जुलाई को खोल दिया गया था। यह मार्ग छह जुलाई को बंद हुआ था। 11 दिन के बाद मार्ग खोला गया और चार दिन बाद 20 जुलाई को मार्ग फिर से बंद हो गया है। 21 दिनों में यह मार्ग नौ दिन ही खुला है। पीएमजीएसवाई काठगोदाम की ईई मीना भट्ट ने बताया कि मार्ग को खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बारिश ने खोली नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम की पोल

## सुबह हुई तेज बारिश के बाद डीडी चौक समेत कई स्थानों पर जलभराव, निगम कर्मियों ने पंप सेट लगाकर की पानी की निकासी

संवाददाता, रुद्रपुर


डीडी चौक पर बारिश के बाद हुआ जलभराव। ● अमृत विचार


डीपी चौक पर पंप सेट से पानी की निकासी करते नगर निगम कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रुद्रपुर में विगत रात्रि से सुबह तक हुई झमाझम बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गयी। इससे नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम की भी पोल खुल गयी है।

वहीं नगर निगम के कर्मियों ने डीडी चौक पर हुए जलभराव को पंप सेट के माध्यम से निकासी की व्यवस्था की। यहां बता दें कि शनिवार की देर रात्रि से रविवार सुबह तक रुद्रपुर में तेज बारिश हुई। इस कारण शहर के डीडी चौक, अग्रसेन चौक, बाटा चौक, सिविल लाइन, गांधी पार्क के आसपास के क्षेत्र के साथ ही किच्छा बाईपास रोड स्थित एफसीआई गोदाम के सामने मैदान में जलभराव हो गया।

इस दौरान लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासतौर पर पैदल चलने वाले लोगों को। वहीं शहर में हुए जलभराव को देखते हुए नगर निगम की टीम ने डीडी चौक के पास हुए जलभराव को पंप सेट लगाकर दूसरी जगह को पानी निकासी की व्यवस्था की। इसमें निगम कर्मियों का एक घंटे से अधिक का समय लग गया। इसके बाद ही राह चलते लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिली। अगर बारिश का सिलसिला आगे भी चलता रहता तो लोगों को और अधिक समस्या का सामना करना पड़ता। लोगों को कहना था कि अगर निगम ने पहले ही सही तरीके से नाले-नालियों की सफाई की होती तो यह समस्या सही पैदा नहीं होती।

# तराई में सुबह 74.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज, दोपहर में खिली धूप

संवाददाता, रुद्रपुर

**मौसम**

▸▸ **मौसम वैज्ञानिकों ने मंगलवार तक पहाड़ और मैदान में जतायी बारिश की संभावना**

**अमृत विचार:** तराई के कई स्थानों में शनिवार की रात से सुबह तक तेज बारिश हुई तो दोपहर बाद चटक धूप निकल आयी। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से दो चार होना पड़ा। वहीं तराई में 74.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। मौसम वैज्ञानिकों ने मंगलवार तक पहाड़ों में मध्यम से भारी बारिश और तराई में हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है।

शनिवार की रात्रि से रुद्रपुर, खटीमा, शक्तिफार्म समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई, जबकि काशीपुर और उसके आसपास के क्षेत्र में बारिश की एक बूंद भी नहीं टपकी। हालांकि इन क्षेत्र में बारिश हुई वहां जलभराव की समस्या पैदा हो गयी।

वहीं बारिश से लोगों ने राहत की सांस तो ली, लेकिन दोपहर बाद तेज धूप निकलने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शनिवार की रात से सुबह तक कई स्थानों पर बारिश हुई है। बारिश करीब 74.4 मिलीमीटर तक हुई है। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण तराई का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि वातावरण में नमी की मात्रा 75 फीसदी रही और उत्तर पूर्व से 6.8 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उन्होंने मंगलवार तक पहाड़ों में मध्यम से भारी बारिश और तराई में हल्की बारिश होने की संभावना जतायी है।

**तराई में अगले तीन दिन बादल छाए रहेंगे**

**काशीपुर :** तराई में अगले तीन दिन बादल छाए रहने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। उन्होंने कहा कि बादल रहने के साथ कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। इससे लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल सकेगी। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 32 .5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 25 .9 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि रविवार को तराई में 74 .4 एमएम बारिश हुई। बताया कि अगले तीन दिन बादल छाए रहेंगे। जबकि कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है।

# रेड अलर्ट से पोल और तार बदलने का काम रुका

संवाददाता, रुद्रपुर

**बारिश का असर**

▸▸ **रविवार को दोनों स्थानों के सब स्टेशन में होना था काम**

▸▸ **सुबह 10 बजे से सायं पांच तक होनी थी बिजली की सप्लाई बंद**

**अमृत विचार :** मौसम विभाग के ऊधमसिंह नगर में बारिश का रेड अलर्ट के चलते यूपीसीएल को दानपुर स्थित 33 केवी और भूरारानी स्थित 11 केवी के सब स्टेशन में पोल और लाइन बदलने के कार्य को स्थगित करना पड़ा। इस कारण क्षेत्र के लोगों को बिजली कटौती की समस्या से निजात मिली। यहां बता दें कि यूपीसीएल को दानपुर स्थित दानपुर स्थित 33 केवी सब स्टेशन में आने वाले क्षेत्रों में खराब हो चुके बिजली के पांच पोलों को बदलना था। इसके अलावा भूरारानी में 11 केवी के सब स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों में बिजली की तार बदले जाने थे। इसके लिए यूपीसीएल की ओर से एक दिन पहले ही भूरारानी, शांतिविहार, सिटी वन, फौजीमटकोटा, किरतपुर, भगवानपुर, बागवाला, जाफरपुर, धौलपुर, खानपुर, मोहनपुर नंबर एक, मोहनपुर नंबर दो, लम्बाखेड़ा, नरपतनगर समेत कई अन्य इलाकों में रविवार को सुबह 10 बजे तक सायं 5 बजे तक बिजली कटौती की जानकारी दी गयी थी। इस बीच मौसम विभाग के ऊधमसिंह नगर में बारिश का रेड अलर्ट जारी करने से और शनिवार की देर रात्रि से हो रही तेज बारिश के चलते यूपीसीएल को इस कार्य को स्थगित करना पड़ा। वहीं यूपीसीएल की ओर से विद्युत कटौती नहीं किए जाने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।


जसपुर के गांव राजपुर के पास से बहने वाली फीका नदी बढ़ा हुआ जलस्तर।

# फीका-लपकना का जलस्तर बढ़ने से कई जगह जलभराव

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** रविवार को हुई भारी वर्षा से क्षेत्र की नदियों का जलस्तर बढ़ गया। गहरे तल वाले स्थान पर जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। जसपुर-भूत पुरी मार्ग स्थित गांव राजपुर व नादेही चीनी मिल के पास से बहने वाली वाली क्षेत्र की प्रमुख नदी फीका का जल बढ़ गया। इसके अलावा लपकना नदी का जलस्तर भी बढ़ गया।

भारी वर्षा से जसपुर के मेन बाजार में जबर्दस्त जल भराव की स्थिति पैदा हो गई, जिससे में बाजार की कई दुकानों में वर्षा का पानी घुस गया और दुकानदारों का मामूली नुकसान हो गया। इस कारण व्यापारियों में रोष देखा गया। भारी वर्षा से नगर के अन्य मोहल्लों व कॉलोनियों में भी जल भराव हो गया, जिससे आवागम काफी प्रभावित हुआ और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर की पश्चिम दिशा में गर्ग नर्सिंग व एमपी सिंह नर्सिंग होम के पास से गुजरने वाली सिंचाई नहर की पुलिया में कूड़ा-करकट अड़ जाने से ठाकुरद्वारा चुंगी के पास पानी का निकास अवरुद्ध हो जाने से श्री शिव राइस मिल में पानी घुस गया।

# देर रात मगरमच्छ दिखने पर मचा हड़कंप

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या आठ अमाऊं में शनिवार देर रात्रि मगरमच्छ के देखे जाने से वार्डवासियों में पूरी रात हड़कंप मचा रहा। लोग क्षेत्र में और मगरमच्छों के होने का अंदेशा जताकर पूरी रात डरते रहे।

वार्डवासियों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर रविवार सुबह चार बजे पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रेस्क्यू कर सूखी नहर में छोड़ दिया। मगरमच्छ पकड़े जाने के बाद वार्डवासियों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम में वन दरोगा नित्यानन्द भट्ट, जयवीर सहित आधा दर्जन कर्मचारी शामिल रहे।


खटीमा में पकड़े गए मगरमच्छ के साथ वनकर्मी और अन्य। ● अमृत विचार


नानकमत्ता में रेस्क्यू करती वन विभाग और जल पुलिस की टीम। ● अमृत विचार

**मगरमच्छ से दूसरे दिन छुड़ाया गया शव**

**नानकमत्ता :** मवेशियों को चराने गये किसान का शव रविवार को दूसरे दिन मिला। शनिवार को थाना क्षेत्र के भाड़ा मुड़िया गांव निवासी अजैय सैनी पत्नी के साथ मवेशी चराने नानकसागर बांध गया था। बांध से आने वाली कामन नदी में मवेशी पानी पीने चले गये। मवेशी को मगरमच्छ से बचाने के दौरान मगरमच्छ अजय को अपने जबड़े में दबा कर पानी में खींच ले गया। उसकी तलास के लिए शनिवार से ही जौलासल, रनसाली, बराकोली रेन्ज वन विभाग की टीमें व जल पुलिस लगातार रेस्क्यू कर रही थीं। रविवार देर शाम शव बरामद कर लिया। किसान का एक हाथ और पैर गायब मिला है।

# बैंकों के निजीकरण का जमकर विरोध किया

**काशीपुर:** बैंक कर्मचारी और बैंक संगठनों ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण की 55वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें बैंक कर्मियों द्वारा मुरादाबाद रोड स्थित एक होटल में बैंकों के निजीकरण का जमकर विरोध किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा स्टाफ एसोसिएशन उत्तराखंड के प्रांतीय महामंत्री एवं फोरम के संयोजक कामरेड सत्यपाल शर्मा ने कहा कि वर्ष 1969 में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके पीछे एक बड़ा उद्देश्य था कि देश के बैंकिंग सेक्टर को आम जनमानस तक जोड़ा जा सके। किसानों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान कार्यक्रम में अजय आर्य, अर्पित सिंह, विनीत कुमार, हरि ओम, ललित तिवारी, दिगंबर सिंह, संजय कुमार, सचिन, विनोद कुमार, राहुल आदि बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

# नेट बॉल चैंपियनशिप का ट्रायल आज होगा

**काशीपुर :** सोमवार को 42वीं सीनियर नेशनल नेट बॉल चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल कराया जाएगा। इसके लिए लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। बता दें कि 25 से 28 जुलाई तक बालक एवं बालिका वर्ग की 42वीं सीनियर नेशनल नेट बॉल कराई जाएगी। इसके लिए प्रदेश की टीम में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का सोमवार शाम चार बजे से गुरु नानक पब्लिक स्कूल बसई में ट्रायल प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ट्रायल प्रक्रिया की सेलेक्शन कमेटी में सुरेन्द्र कुमाई, अमित घिल्डियाल,दिनेश पेनोली आदि रहेंगे।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
PRO
Qualification: Graduation
Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# युवा वैज्ञानिक को अमेरिका जाने को मिला अनुदान

संवाददाता, जसपुर


शुभम शर्मा।

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव मुरली वाला निवासी युवा वैज्ञानिक डॉ. शुभम शर्मा को अमेरिका में अगस्त में हो रहे वैज्ञानिक सेमिनार के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से पांच लाख का अनुदान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाला अनुदान, भारत के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों को प्राप्त होता है। इस अनुदान के माध्यम से भारत के श्रेष्ठ वैज्ञानिक भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत की रिसर्च को आगे बढ़ाते हैं। अनुदान वर्ष में दो या तीन बार भारत के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों को प्राप्त होता है। डॉ. शुभम शर्मा ने बताया कि अनुदान के माध्यम से सेमिनार में सेमिनार में उनकी ओर से की जाने वाली रिसर्च को प्रस्तुत करेंगे। सेमिनार में वह अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी डिपार्टमेंट के साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड के द्वारा चलाई जा रही स्कीम अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के अंतर्गत उन्हें फाइनेंशियल सपोर्ट प्राप्त हुआ है। डॉ. शुभम शर्मा वर्तमान में जीएलए यूनिवर्सिटी मथुरा में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी रिसर्च समाज में चल रही बीमारियों की दवाइयां की खोज करने से संबंधित है। डॉ शुभम शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार जनों व गुरुजनों को दिया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 19514860 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **सुमित मिस्त्री पुत्र श्री पितुवास मिस्त्री, रंजीत नगर नंबर 4 रुदपुर, शक्तिफार्म (उधमसिंहनगर)।**

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### भारी बारिश के चलते आज जनपद में स्कूल रहेंगे बंद

**रुद्रपुर :** मौसम विभाग ने 21 और 22 जुलाई को ऊधमसिंह नगर में भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। इसको देखते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सोमवार को स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद और पहाड़ी जनपदों में बारिश हो रही है। इससे नदी–नाले उफान पर हैं। छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए जनपद के कक्षा एक से 12 तक के राजकीय, परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों और सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश रहेगा।

### उल्टी-दस्त से छात्रा की मौत

**रुद्रपुर :** आदर्श कॉलोनी चौकी इलाके में उपचार के दौरान हाईस्कूल की छात्रा की मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उल्टी–दस्त की शिकायत होने पर छात्रा को रुद्रपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। थाना दिनेशपुर के बुक्सौरा गांव के रहने वाले राम सिंह मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाते हैं। बताया जा रहा कि शनिवार की दोपहर को अचानक उनकी हाईस्कूल में पढ़ने वाली 15 वर्षीय बेटी मनिंदर कौर को उल्टी दस्त होने के कारण हालत बिगड़ने लगी। रुद्रपुर स्थित सिविल लाइंस अस्पताल में शनिवार की देर रात्रि छात्रा ने दम तोड़ दिया। रविवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गुलदार के हमले में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**काशीपुर/जसपुर :** झाड़ियों के किनारे घात लगाकर बैठे एक गुलदार ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर वनकर्मियों ने गुलदार की तलाश शुरू कर दी है। जसपुर के गांव पतरामपुर निवासी रोहित सैनी शनिवार शाम को बाइक से अपने घर जा रहा था। रास्ते में घात लगाकर बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया, जिससे रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह रोहित अपनी जान बचाकर बाइक छोड़कर वहां से भागा। बाद में वह मौके से बाइक उठाकर घर पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने उसे काशीपुर के मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी हालत अभी खतरे से बाहर बताई जा रही है। उधर ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने की मांग की है। वन क्षेत्र अधिकारियों ने गुलदार को ट्रेस करने के लिए कांबिंग शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगा ले गया

**सितारगंज :** थाना बहेड़ी क्षेत्र से एक युवक बहला फुसलाकर किशोरी को भगा ले गया। कस्बे के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह परिवार समेत शनिवार की रात घर से बाहर गया था। जिसके बाद मौका पाकर युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया। काफी खोजबीन के बाद थाना बहेड़ी पुलिस से सूचना मिली कि उसकी बेटी व आरोपी युवक पुलिस सुरक्षा के बीच थाना बहेड़ी में ही हैं। तहरीर में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### किशोरी लापता

**काशीपुर :** घर से सूट सिलवाने के लिए निकली किशोरी रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। टांडा उज्जैन क्षेत्र के ढकिया गुलाबो निवासी 15 वर्षीय किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री 18 जुलाई को घर से सूट सिलवाने की बात कहकर निकली थी, जो वापस नहीं लौटी। संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

'उड़ान' योजना में फ्लाई बिग कंपनी की छह दिन की हवाई सेवा, किराया 1999 रुपये से शुरू

# दून और पंतनगर हवाई सेवा का शेड्यूल बदला

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** उड्डयन मंत्रालय की क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़ान' के तहत राजधानी देहरादून और सीमांत (पिथौरागढ़) के बीच संचालित हवाई सेवा से लगभग 12-15 घंटे की दूरी मात्र एक-डेढ़ घंटे में सिमट गई है। पर्यटन और व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस हवाई सेवा का अब शेड्यूल बदल गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) से संचालन की अनुमति मिलने के बाद फ्लाई बिग ने दो फरवरी से इस हवाई सेवा को शुरू किया था। जिसे अब तीन साल का और विस्तार मिल गया है। कंपनी इस हवाई मार्ग पर अपने नए 19 सीटर एयरक्राफ्ट से हवाई सेवा मुहैया करवा रही है। उड़ान योजना के तहत पंतनगर-पिथौरागढ़ के बीच किराया 1999 रुपये से शुरू होकर लगभग पांच हजार रुपये के बीच निर्धारित किया गया है। जून में इस हवाई सेवा की अवधि समाप्त होने पर इसके बंद होने के कयास लगने शुरू हो गए। साथ ही यह हवाई सेवा कुछ दिनों के लिए बंद भी हो गई थी। तीन साल का सेवा विस्तार मिलने के बाद कंपनी ने अब इस हवाई सेवा को सप्ताह में छह दिन पुनः संचालित करना शुरू कर दिया है।


फ्लाई बिग कंपनी का 19 सीटर विमान। ● अमृत विचार

**यह है नया शेड्यूल**

| प्रस्थान | समय | आगमन | समय |
|---|---|---|---|
| देहरादून | 09.50 | पिथौरागढ़ | 11.05 |
| पिथौरागढ़ | 11.30 | पंतनगर | 12.20 |
| पंतनगर | 12.45 | पिथौरागढ़ | 13.35 |
| पिथौरागढ़ | 14.00 | देहरादून | 15.15 |

**तकनीकी कारणों से नहीं उतर सकी दून-पंतनगर फ्लाइट**

**पंतनगर :** हवाई सेवा प्रदाता सरकारी कंपनी अलायंस एयर देहरादून–पंतनगर के बीच सप्ताह में दो दिन (रविवार एवं सोमवार) हवाई सेवा मुहैया करवा रही है। रविवार को कंपनी का विमान अपने तय समय पर देहरादून से उड़ान भरकर पंतनगर तो पहुंचा, लेकिन यहां लैंड नहीं हो सका और एयरपोर्ट के ऊपर हवा में चार चक्कर लगाकर वापस देहरादून लौट गया। जिससे पंतनगर आने और यहां से जाने वाले यात्रियों को निराश होना पड़ा। एयरपोर्ट डायरेक्टर मोनिका डेम्बला ने बताया कि फ्लाइट पंतनगर में तकनीकी कारणों से नहीं लैंड हो सकी।

# रास्ता नहीं देने पर लाठी डंडों से किसान पर हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

**वारदात**
- कोतवाली इलाके के गांव रायपुर का है मामला
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** कोतवाली इलाके के गांव रायपुर में खेत के बीच से 30 फिट का रास्ता नहीं देने पर किसान पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम रायपुर निवासी अमरीक सिंह ने बताया कि उसके खेत से 50 साल पुराना एक रास्ता है, लेकिन गांव के ही रहने वाले पड़ोसी सुरजीत सिंह उर्फ सीता, लखविंदर सिंह उर्फ लक्की और हरजिंदर सिंह उर्फ बनिया दबंगई के बल पर खेत के बीच से 30 फिट का रास्ता देने का दबाव बनाने लगे। जब इंकार कर दिया तो 19 जुलाई की शाम 7 बजे सभी आरोपी लाठी डंडों से लैस होकर आते हैं और उस पर हमला कर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। हमले में घायल किसान को निजी अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित का आरोप था कि आरोपी दबंग प्रवृति के हैं और अक्सर जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। आरोपी दबंगई के बल पर खेत पर कब्जा करने की फिराक में हैं। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ज्वलंत मुद्दों का समाधान नहीं होने पर बाशिंदों ने निकाला विरोध जुलूस

मेट्रोपोलिस कॉलोनी के लोग सड़क पर उतरे, वित्तीय भार सहित कई मुद्दे उठाए, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लंबे समय से संघर्षरत मेट्रोपोलिस कॉलोनी के बाशिंदों का सब्र का बांध टूट गया और बड़ी संख्या में कॉलोनी के लोगों ने पहले बैठक की, जिसके बाद कॉलोनी परिसर में ही विरोध जुलूस निकालकर आक्रोश जताया। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

रविवार की शाम को मेट्रोपोलिस ओनर वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय बाशिंदों की एक बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कॉलोनी के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। जिसके क्रम में आवासीय कॉलोनी के लोगों ने विरोध जुलूस निकाला। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव राजीव भटनागर ने बताया कि पुरानी अवैध सोसायटी के पदाधिकारियों और मेंटेनेंस प्रबंधन की मिलीभगत के चलते बिना सूचना दिए 1.20 रुपये से बढ़ाकर 1.85 रुपये मैटिनेश चार्ज प्रतिमाह कर दिया। जिस कारण लोगों पर 20 लाख रुपये प्रति वित्तीय भार बढ़ गया।

इसके अलावा रजिस्ट्रार द्वारा पुरानी एमआरडब्लूए को अवैध घोषित किया और आदेशित किया था कि 1700 सदस्य बनाकर चुनाव कराए जाएं। इसके अलावा मनमाने ढंग से कंप्यूटराइज्ड मीटर के माध्यम से भी अवैध वसूली की जाती है, जबकि न्यायालय ने यूपीसीएल को आदेशित किया है कि आवेदनकर्ता के तत्काल विद्युत मीटर लगाए जाएं, लेकिन 150 आवेदन के बाद भी विभाग ने मीटर नहीं लगाए। उन्होंने प्रशासन से वित्तीय भार को कम करने, शीघ्र मेट्रोपोलिस सोसायटी का चुनाव कराने, यूपीसीएल द्वारा विद्युत मीटर लगाने की मांग की। आगाह किया कि यदि जल्द ही निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कोठारी, असलम कोहरा, पीयूष भाटिया, एसएस बोरा, डॉ. एके शर्मा, हरीश कनोडिया, राजेंद्र सेतिया, सज्जन चौधरी, मुकुल अरोड़ा, दीपा जंगपागी, सुमन बोरा, सीमा शर्मा, पंकज तिवारी, विकास शर्मा, आशीष रतन, मनीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


कॉलोनी गेट पर जुलूस के दौरान विरोध जताते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

# चोर गिरोह के पांच गुर्गे धरे, 13 बाइकें बरामद

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा कर चोर गिरोह के पांच गुर्गों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से चुराई गईं 13 बाइकें बरामद कर ली हैं। सभी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश दे दिए हैं।

रविवार को कोतवाली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.मंजूनाथ टीसी ने पत्रकारों को बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों, चोरी, लूटपाट करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एसपी काशीपुर व सीओ बाजपुर के पर्यवेक्षण में अलग-अलग स्थानों पर हो रही बाइक व वाहन चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं चोरी की बाइकें बरामद करने के लिए प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान की अगुवाई में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा बाइक चोरी की घटना स्थल के आसपास के करीब 50-60 सीसीटीवी कैमरे चेक कर अभियुक्तों की शिनाख्त की गई। शनिवार की सायं वाहन चेकिंग करते हुए केलाखेड़ा रोड लेवड़ा पुल के पास से दो बाइकों सहित थाना गदरपुर क्षेत्र के पांच चोरों संजू कश्यप पुत्र स्व.रामचंद्र निवासी बड़ाखेड़ा थाना गदरपुर, दीपक सैनी पुत्र रूप बसंत सैनी निवासी सकैनिया राम मंदिर कालोनी थाना गदरपुर, रोहित रावत पुत्र ओम प्रकाश निवासी मजराशिला रामजीवनपुर नंबर-3 थाना गदरपुर, सूरज रावत पुत्र पप्पू रावत निवासी मजराशिला रामजीवनपुर थाना गदरपुर, दीप सिंह पुत्र करनैल सिंह उर्फ बिडू निवासी मझरा मरदान सकैनिया थाना गदरपुर को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी हुईं मो.सा. संख्या यूके 06एपी9597 थाना दिनेशपुर, स्पलेंडर यूके 06वीएफ 21861, एचएफ डीलक्स यूपी 21बीडी4408, एचएफ डीलक्स यूपी25सीपी2993, स्पलेंडर प्लस यूके18ई8587, स्पलेंडर यूके 06आर4495, स्पलेंडर यूके 06एन7584, स्पलेंडर प्लस यूके06बीएफ 21801, एचएफ डीलक्स यूपी21 बीडी4408, एचएफ डीलक्स यूपी 25सीपी2993, स्पलेंडर प्लस यूके 18ई8587, स्पलेंडर प्लस यूके 06आर4495, स्पलेंडर प्लस यूके06एन7584 समेत 13 बाइकें बरामद हुई हैं। एसएसपी ने बताया कि संजू कश्यप पुत्र स्व.रामचंद्र निवासी बड़ाखेड़ा पिछले वर्ष रामपुर से जेल जा चुका है। अन्य आरोपितों का अपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।


बाजपुर में बरामद बाइकों के साथ पुलिस गिरफ्त में अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के गुर्गे।

# चेन स्नेचिंग की घटनाओं का भंडाफोड़, दो धरे

संवाददाता, काशीपुर/जसपुर

**अमृत विचारः** एएसपी ने जसपुर और काशीपुर में हुई चेन स्नेचिंग की घटनाओं का खुलासा किया। मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से लूटी गई चेन व घटना में उपयोग की गई बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

14 जुलाई को प्रभात कॉलोनी निवासी जयदेव सिंह की पत्नी लीलावती घर के बाहर टहल रही थी। इसी दौरान दो बाइक सवार युवकों ने पीछे से उनकी चेन छीन ली और फरार हो गए। वहीं दूसरी घटना में जसपुर के चमनबाग निवासी टीचर मीनाक्षी पांडे पत्नी मनोज कुमार सुबह अपने घर से विद्यालय को जा रही थी। इस दौरान दो बाइक सवारों ने उनसे कहा कि उनका दुपट्टा पहिए में फंस गया, जिसके बाद वह रुक गई और इसी बीच उन दोनों युवकों ने उनकी चेन छीन ली और फरार हो गए। घटना के बाद एएसपी अभय सिंह ने काशीपुर व जसपुर की संयुक्त टीम बनाकर घटना का खुलासा करने का निर्देश दिया था। रविवार को कोतवाली में एएसपी अभय सिंह ने मामले का खुलासा कर बताया कि घटना के बाद लगभग डेढ़ सौ से 200 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। दोनों घटनाओं में लगभग एक जैसे युवक दिखाई दे रहे थे। शनिवार की देर शाम जसपुर व काशीपुर की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर जसपुर क्षेत्र के हरिद्वार हाईवे पर मुकुल पुत्र रूपचंद निवासी भागी जोत थाना अफजलगढ़ व मनोज कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी हररावाला थाना रेहड़ बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से जसपुर से लूटी गई चेन व काशीपुर से लूटी गई आधी चेन के साथ 40500 रुपये उनके कब्जे से बरामद किए गए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह अपने शौक पूरे करने के लिए चेन लूटने की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस अब उनका चालान कर कोर्ट में पेश करेगी।


काशीपुर कोतवाली में मामले का खुलासा करते एएसपी अभय सिंह। ● अमृत विचार

### शादी के बाद गहने लेकर भागी विवाहिता

**रुद्रपुरः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता घर से जेवरात लेकर फरार हो गई। नवविवाहिता शादी के दूसरे ही दिन मायके आ गयी थी। इसके बाद वह परिजनों की जिद पर मात्र तीन बार ही युवती अपने ससुराल गई थी। थाना ट्रांजिट कैंप एवं आवास विकास चौकी की रहने वाली एक युवती की 14 जुलाई को बहेड़ी के एक गांव के युवक से शादी हुई थी। शुक्रवार की सुबह जब घरवालों ने देखा कि विवाहिता घर पर नहीं है तो उन्हें संदेह हुआ। जब अलमारी देखी तो सिंगल व ट्रिपल पैडल युक्त सोने के मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल, सोने की अंगूठी और सोने के झुमके के अलावा विवाहिता के कुछ कपड़े भी गायब थे। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# चार बाइकें चुराकर दी पुलिस को खुली चुनौती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप और कोतवाली रुद्रपुर इलाके में चोरों ने चार बाइकों को चुरा लिया। प्रीत विहार कॉलोनी निवासी हरजिंदर सिंह ने बताया कि 4 जुलाई की सुबह साढ़े 11 बजे वह अपनी बाइक संख्या यूके-06 एएच-8630 को घर के बाहर खड़ी कर दी थी और रात्रि 12 बजे बाइक चोरी हो चुकी थी।

काशीपुर बाईपास मार्ग स्थित दुकान कर्मी ने बताया कि वह 12 सालों से बाथ एसोसिएशन में कार्य करता है। बताया कि 4 जुलाई की सुबह 10 बजे वह रोजमर्रा की भांति अपनी बाइक संख्या यूके-06एजे-5901 को लेकर दुकान पहुंचा और दोपहर के वक्त बाहर निकला तो बाइक गायब हो चुकी थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। वहीं थाना ट्रांजिट कैंप के रविंद्र नगर निवासी कमलेश साना ने बताया कि दो जुलाई की रात्रि साढ़े 7 बजे उसने अपनी बाइक संख्या यूके-06 एजेड-4033 को लेकर संजय नगर खेड़ा सब्जी लेने गया था और जब सब्जी लेकर वापस लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। उधर, थाना ट्रांजिट कैंप फुलसुंगा निवासी मनीष सिंह कुशवाहा ने बताया कि 30 जून की रात्रि साढ़े 11 बजे वह अपनी बाइक संख्या यूपी- 32 जीडी-5478 को घर के बाहर खड़ी कर दी थी और जब एक जुलाई की सुबह छह बजे देखा कि बाइक चोरी हो चुकी थी।

**वारदात** — ग्राहक बनकर आईं महिलाओं ने भारतीय मूल की अमेरिकी महिला के पर्स पर मारी सेंध

# दो महिलाओं ने चोरी किए लाखों के जेवर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मुख्य बाजार स्थित एक होजरी की दुकान पर ग्राहक बनकर आईं दो महिलाओं ने भारतीय मूल की अमेरिकी महिला के पर्स से लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। अमेरिका में विवाहित पीड़िता अपनी मां के साथ बाजार में खरीदारी करने आई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर संदिग्ध महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

तराई मॉडल एजेंसी किच्छा निवासी ऊषा सिंह ने बताया कि उसकी बेटी अमेरिकी से घर आई थी और 18 जुलाई की दोपहर को मां-बेटी रुद्रपुर की मनिहारी गली स्थित वर्मा होजरी पर खरीदारी करने गई थीं। तभी अचानक दो महिलाएं आयी जिसमें से एक महिला गर्भवती दिख रही थी। दोनों महिलाएं जब चिपक कर खड़ी होने लगीं तो उन्होंने दूर रहने को कहा। इस बीच एक महिला ने उनकी बेटी पूजा सिंह के पर्स से एक लाख डॉलर कीमत के सफेद हीरा जड़ित हेयरिंग सेट, सोने का सुई धागा और सोने-हीरे की बाली चोरी कर ली। जब दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो दोनों संदिग्ध महिलाएं चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो चुकी थीं। शिकायतकर्ता ऊषा रानी ने बताया कि कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना था कि सोने का सुई धागा बेटी को उसके भाई ने तोहफे के रूप में दिया था, जिसके चोरी होने के बाद बेटी को गहरा सदमा लगा है। बताया कि चोरी जेवरात की कीमत दस लाख रुपये के करीब है। उन्होंने पुलिस से मामले का पर्दाफाश किए जाने की मांग की। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी में कैद संदिग्ध महिलाओं की तलाश की जा रही है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।



रुद्रपुर में सीसीटीवी में कैद संदिग्ध महिलाएं। ● अमृत विचार

# एक नहीं युवक को लगीं दो गोली, बुलेट खोलेंगे राज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में गोली लगने से घायल युवक के प्रकरण में पुलिस के सामने कई अनसुलझे सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रारंभिक पड़ताल में इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि युवक को एक नहीं, बल्कि दो गोली लगी हैं। यह गोली महज एक हादसा तो नहीं हो सकती। कारण हादसे में एक गोली चल सकती है और आत्महत्या करने वाला व्यक्ति कभी भी गोली नाभि से ऊपर की ओर नहीं मारेगा। ऐसे में पुलिस अब ऑपरेशन के बाद पेट से निकलने वाली बुलेट तमंचा या फिर पिस्टल के राज खोलगी। वहीं पुलिस घायल के होश में आने का इंतजार कर रही है।

बताते चलें कि शनिवार की रात्रि को थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना मिली थी कि श्मशान घाट रोड स्थित एक कमरे में 26 वर्षीय युवक विशाल लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भारत सिंह पुलिस बल के घटनास्थल पहुंचे तो देखा कि युवक की नाभि से दो इंच ऊपर गोली लगी हुई है और युवक मूर्छित अवस्था में है। आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया था।

उधर, थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में यह पता चला है कि युवक को एक नहीं, बल्कि दो गोली लगी। युवक की नाभि के ऊपर दो गोली नुमा निशान है। वहीं गोली तमंचे से नहीं चली है। गोली के निशान 315 बोर या फिर 12 बोर के तमंचे के नहीं हैं। इसके अलावा कभी भी आत्महत्या करने वाला व्यक्ति पेट में खुद को गोली नहीं मारता है। बताया कि पुलिस की टीम लगातार अस्पताल में मॉनिटरिंग कर रही है और दूसरी टीम घटनास्थल पर पूछताछ में लगी है।




षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य - इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# बुजुर्गों की आबादी

दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में पिछले 50 वर्षों में लगातार जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण 60 वर्ष से अधिक आयु की आबादी में लगातार वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या (यूएनएफपीए) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में बुजुर्गों की आबादी 2050 तक दोगुनी होने की संभावना है। चिंता की बात है बुजुर्गों की आबादी में वृद्धि के साथ ही देश भर में रुग्णता और मृत्यु दर का अभूतपूर्व बोझ भी आएगा। ऐसे में उनके लिए गरीबी बड़ी समस्या रहेगी। वास्तव में देश में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी सरकार के लिए चिंता की बात है। ऐसे में बुजुर्गों को खास ध्यान में रखकर अभी से नीतियां बनाने की जरूरत है ताकि उन्हें स्वास्थ्य सेवा आवास और पेंशन मिल सके। इसकी जरूरत खासकर बुजुर्ग महिलाओं को रहेगी, जो बुढ़ापे में अकेली पड़ सकती हैं। यूएनएफपीए- इंडिया की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि देश में खासकर बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है। भारत में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य तक पहुंच की मुख्य चुनौतियों में शारीरिक बाधाओं में कम गतिशीलता, सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्वास्थ्य प्रणाली की सीमित पहुंच शामिल हैं। साथ ही भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य व्यय के लिए दी जाने वाली वित्तीय सुरक्षा की सीमाएं शामिल हैं।

बुजुर्गों के सामने आने वाली स्वास्थ्य और सामाजिक स्थितियां, स्वास्थ्य तक पहुंच में एक और सामाजिक बाधा है, जो भारतीय मामले में अनोखे तरीकों से प्रकट होती है बुढ़ापे में स्वस्थ और कार्यरत दोनों रहने की विरोधाभासी चुनौतियों का सामना करते हैं। बुजुर्गों का गिरता स्वास्थ्य और ऊर्जा नियोक्ताओं को उन्हें नियमित कार्यबल में काम पर रखने से हतोत्साहित करती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां रोजगार के अवसर आम तौर पर अवसर कम होते हैं। वोजनार ने कहा कि भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत शहरी आबादी होने का अनुमान है। ऐसे में वायु प्रदूषण समेत दूसरी पर्यावरणीय समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। इनसे निपटने के लिए भी स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है। भारत में सामाजिक सुरक्षा का कोई जनसंख्या-व्यापी तंत्र नहीं है। भारत को दृष्टि से जलवायु परिवर्तन के अनुसार बदलाव को विकास योजनाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है। शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके।

# बाढ़ और सुखाड़ का संबंध जल प्रबंधन से



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है।

किसी भी देश में बाढ़ और सूखे जैसी समस्याओं से हर वर्ष आम आदमी का परेशान होना, ये जाहिर करता है कि पानी का प्रबंधन राज और समाज के द्वारा बेहतर तरीके से नहीं किया जा रहा है। तभी हर वर्ष हज़ारों करोड़ रूपये की संपदा का नुकसान होना, सैकड़ों लोगों का मौत के मुंह में जाना, इस बात की पुष्टि करता है कि, आज़ादी के 70 साल बाद भी हम इन बारिश की बूंदों से उत्पन्न आपदाओं से मुक्ति न पा सके। इतना ही नहीं भूमिगत जल को निचोड़ कर धरती का पेट खाली कर देना, अब नई तरह की समस्याओं को जन्म दे रहा है। गर्मियों के मौसम में देश की नदिया पानी की कमी व प्रदूषण के कारण से सिकुड़ती जा रही है एवं बारिश के समय बांधों के बाबजूद नदियों में बाढ़ का आना प्राकृतिक असंतुलन की तरफ इशारा करता है।

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में समस्त भू-मंडल, जल-मंडल और वायु-मंडल के सभी जीवों के जन्म-मरण और पालन पोषण का वर्णन किया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सृष्टि में असंख्य ब्रह्मांड है। वैज्ञानिक भी इस बात का समर्थन करता है। इस पुराण के अनुसार प्रकृति ईश्वर की कृति है, इसलिए जब भी हम धरती पर कोई भी योजना या परियोजना का निर्णय लेते है तब नीति निर्माताओं को डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रकृति वास्तव में ईश्वर की कृति है। और जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचते है या खनिजों का दोहन करते है तब ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि हमारा मुकाबला किसके साथ है। अक्सर यह देखा गया कि वैज्ञानिको व इंजीनियर्स ने प्रकृति से सबक लेने के बजाय लालच के चलते उसके नियमों के खिलाफ हम और ज्यादा दुर्दांत व्यवहार करने लगते है। वेदों, पुराणों में जो कुछ भी प्रकृति के किस तरह का बर्ताव होना चाहिए या उसके नियम कानून क्या कहते है। उसको आज का समझदार व्यक्ति पोंगापंथी मानता है। यही कारण है कि प्रकृति द्वारा निर्धारित मर्यादा का उल्लंघन करते है। तब उसके परिणामों को झेलने के लिए हमको तैयार रहना चाहिए। आने वाली पीढ़ी जिसे आधुनिक विज्ञान का मास्टर बनाया जा रहा है। उनको ये भी बताया जाय कि हमारे बुजुर्गों द्वारा जो ज्ञान हमको दिया गया है। वो वर्षों के सहेजे गए अनुभवों पर आधारित है। किसी कल्पना व परिकल्पना पर आधारित नहीं है। अब समय आ गया है कि जिन नदियों ने हमको सभ्यता व संस्कृति दी, वह अब मौन हो चुकी है। उनका मुखर होना बहुत जरूरी है। क्योंकि नदियों में अब रस नहीं बचा, कारण नदियां अब सूखती जा रही है। इसलिए अगर हमें बोलती हुई नदियां, झीलें, तालाब चाहिए तो पुराने ज्ञान को पोंगापंथी न मानते हुए उनको अपने व्यवहार में लाना चाहिए। आज जिस तरह हम बाढ़ और सुखाड़ के नुकसान उठा रहे है उससे स्पष्ट है कि हमने पहले की घटनाओं से कुछ नहीं सीखा। उदाहरण के लिए अब ये आम सी बात हो गई है कि गहरा बोर वेल होने के कारण एक खेत में हरी भरी फसल लहलहा रही है और बगल के खेत में घास भी नहीं है। क्योंकि बगल वाले खेत के किसान के पास आर्थिक साधन उपलब्ध न होने के कारण वह गहरा बोर वेल नहीं करा पाया। इससे अब बगल के खेत वाला किसान रोज़ी रोटी कि खातिर, जिसके पास गहरा बोर वेल है यानी पानी है वो उसका मजदूर हो जाएगा। फिर एक दिन ऐसा आएगा की बोर का पानी भी ख़त्म हो जाएगा। तब दोनों खेत के किसान मजदूरी के लिए किसी तीसरे के पास जाएंगे या फिर शहर की ओर पलायन करेंगे। दिनेश मिश्रा, जिन्होंने पानी खासतौर पर बाढ़ के प्रबंधन पर काफी काम करके अनुभव प्राप्त किया है। उनका कहना है कि, आदमी की रीढ़ की हड्डी में 33 हड्डियां होती हैं और नौकरी करते-करते यानी एक अच्छे पद पहुंचने के बाद ही उसकी रीढ़ की सारी हड्डिया कमजोर होने लगती है। जब व्यक्ति की क्षमता क्षीण होने लगती है, तब वह तृष्णा के चलते खुशहाल बुढ़ापे के लिए अपना हित, स्वार्थ देखते हैं। यहीं से भ्रष्टाचार की शुरुआत हो जाती है। आज का वैज्ञानिक व पढ़ा लिखा व्यक्ति नक्षत्रों के बारे में कुछ नहीं जानता। उसको सिर्फ अंग्रेजी महीनों के नाम याद है। उसको नहीं मालूम कि रबी और खरीफ की फसल के लिए बीज किस नक्षत्र में बोना है। यानी वह विज्ञान जिस पर धरती पर जीवन आधारित है, जो असली विज्ञान है, जिसमें प्रकृति का प्रत्येक चक्र शामिल है, उसकी समस्या को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से हल करना चाहते है। जबकि तकनीकी हर प्राकृतिक नियम के विरूद्ध कार्य करती है। इसके अलावा कभी किसी नीति निर्माता ने किसी भी योजना-परियोजना के लिए स्थानीय बुजर्ग लोगों से सलाह नहीं ली। यही कारण है कि, किसी भी योजना के परिणाम व लाभ पूरी तरह आम आदमी को नहीं मिल पाते हैं।

> बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरुद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था। अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए।

बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरूद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था।

अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए। इसी तरह नदी के पानी के स्तर को देखते हुए उसका नाम व उसके प्रबंधन का तरीका बदल जाया करता था। जैसे अगर नदी का जल किसी मकान की खिड़की तक आ गया तो उसको "बोह", अगर छत तक तो कब उसको "हुमा", और अगर छप्पर यानी छत तक आ जाए तो "साह" कहा जाता था। "साह" के लिए तो बाकायदा यहां तक कहा गया है कोई व्यक्ति अपने जीवन में एक बार ही साह देख पाटा है। यानी "साह" 100 वर्ष में सिर्फ एक बार होती थी। इसी तरह भिन्न भिन्न स्तर तक पानी के आने को अलग-अलग नाम से बुलाया जाता था या है। मतलब भारत में बारिश के पानी को भी एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। इसी तरह सुखाड़ के लिए भी पानी प्रबंधन की व्यवस्था की जाती थी। जिसका उदाहरण भारत में प्रत्येक गांव व शहर में कुंए, बाबड़ी, तालाब के रूप में देखने को मिल जाएगा। पूरे भारत में खासतौर से दक्षिण, मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड और राजस्थान में आज भी सैंकड़ों वर्ष पुराने ये जल प्रबंधन के तरीके सूखे से निपटने के लिए जीवंत है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा तालाबों की महत्ता को देखते हुए अमृत सरोवर जैसी योजनाओं को लागू किया। नहीं तो ललितपुर जैसे जिले में एशिया में सबसे ज्यादा बांध है, वहां भी बाढ़ और सुखाड़ जैसी समस्याएं मुंह बाए प्रत्येक वर्ष खड़ी हो जाती हैं। इस परिस्थिति में आकर हमको बांध, नहर, नदियों का गठजोड़ नहीं बल्कि गांधी के बताए रास्ते व उनके विचार याद आते हैं।

## प्रसंगवश

# तलवार से ज्यादा ताकतवर कलम

सच्चाई के खुलासे और जनता को सूचित करने के लिए सद्भावनापूर्वक किया गया 'स्टिंग ऑपरेशन' अपराध की श्रेणी में यद्यपि नहीं आता है। लेकिन उन्हें सामान्य रूप से वैध नहीं कहा जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग -अलग किया जाना चाहिए। केरल उच्च न्यायालय के एक निर्णय में मीडियाकर्मियों को अभियोजन से छूट दी गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन ने जेल के अंदर स्टिंग ऑपरेशन करने का प्रयास करने वाले दो पत्रकारों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इस निर्णय में लोकतंत्र में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर गंभीर चिंतन है। उच्च न्यायालय का सुविचारित मत रहा कि 'एक लोकतांत्रिक देश में, अगर प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है, तो यह लोकतंत्र का अंत होगा।' निर्णय में अंग्रेजी लेखक और राजनीतिज्ञ एडवर्ड बुल्वर-लिटन के प्रसिद्ध वाक्यांश 'कलम तलवार से ज्यादा शक्तिशाली है' को उद्धरित किया गया है। कलम की ताकत बताते समय कोर्ट ने कहा कि इसका प्रयोग करते समय मीडिया को अति सचेत रहने की भी जरूरत है। रिपोर्टिंग की छोटी सी गलती व्यक्ति की निजता या संविधान प्रदत्त अधिकार को प्रभावित कर सकती है।

न्यायालय ने यह भी उल्लिखित है किया है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए नागरिकों को सत्य और असत्य के बारे में जानकारी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आरके आनंद व अन्य बनाम रजिस्ट्रार, दिल्ली हाईकोर्ट (2009 के एच सी 863) और रजत प्रसाद बनाम सीबीआई (2014 के एचसी 4299) मामले में दिए दृष्टांत को संदर्भित किया गया है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि जनहित में किए गए स्टिंग ऑपरेशन को न्यायिक स्वीकृति तो मिली है, लेकिन उन्हें समान रूप से वैध नहीं बनाया जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग-अलग किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने स्टिंग ऑपरेशन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'यदि प्रेस द्वारा किसी दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से या किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाने और उसे अपमानित करने के लिए स्टिंग ऑपरेशन किया जाता है, तो ऐसे स्टिंग ऑपरेशन और ऐसे 'स्टिंग ऑपरेशन' पर आधारित रिपोर्टिंग के लिए मीडियाकर्मी को कानून का कोई समर्थन नहीं मिलेगा।' याचिकाकर्ता एक टीवी चैनल के पत्रकार प्रदीप और प्रशांत 16 जुलाई, 2013 को "सोलर स्कैम" मामले में पथनमथिट्टा जिला जेल में निरुद्ध विचाराधीन कैदी जोप्पन से प्रशासन की अनुमति से मिले थे। अभियोजन के अनुसार उन्होंने कथित तौर पर जेल-नियमों का उल्लंघन करते हुए मोबाइल फोन से उसका बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। जेल अधीक्षक की सूचना पर पत्रकारों के विरुद्ध केरल कारागार और सुधार सेवा (प्रबंधन) अधिनियम-2010 की धारा-86 और 87 के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ। याची गणों ने इस अपराध के संबंध में उनके विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोर्ट-I, पठानमथिट्टा के समक्ष लंबित एसटी.सं. 2065 /2014 की कार्यवाही को रद करने की मांग करते हुए केरल उच्च न्यायालय में याचिका योजित की थी। इस याचिका में उच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण प्रश्नों की जांच की। क्या कोई अपराध बनता है और क्या मीडियाकर्मियों द्वारा किया गया स्टिंग ऑपरेशन अपराध के बराबर है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि प्रथम दृष्टया अधिनियम की धारा-86 के तत्व इस मामले में दिखते हैं, लेकिन याचिकाकर्ताओं की मीडियाकर्मी के रूप में स्थिति को देखते हुए मामले को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए।



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

उच्च न्यायालय ने कहा कि 'सोलर स्कैम' के चर्चित मामले की जानकारी को लेकर लोगों में जिज्ञासा थी और पत्रकारों ने अपने इसी दायित्व के तहत जेल के अंदर बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। याची पत्रकारों का इरादा केवल समाचार प्राप्त करना था न कि कानून का उल्लंघन करना। इस मामले में 'फोर्थ एस्टेट' का भी जिक्र हुआ है। कहा गया है कि लोकतांत्रिक समाज में फोर्थ एस्टेट की भूमिका एक वॉच डॉग की है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की प्रेस रिपोर्टिंग के उदघाटन के समय हुई बहस में एमपी एडमंड बर्क ने 1771 में फोर्थ एस्टेट का प्रयोग पहली बार किया था। हालांकि, इस मामले में, न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ताओं का कृत्य कानून का उल्लंघन करने के किसी जानबूझकर प्रयास के बिना समाचार एकत्र करने के इरादे से प्रेरित था। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने निष्कर्ष निकाला कि ऐसी परिस्थितियों में, न्यायालय का विचार है कि याचिकाकर्ताओं, जो निस्संदेह मीडियाकर्मी हैं, के खिलाफ अभियोजन जारी रखना आवश्यक नहीं है।

# कांवड़ यात्रा में कई सच



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था।

भारत में अनुमान के अनुसार जनसंख्या 145 करोड़ हो रही। आबादी में चीन को पछाड़ कर हम इस सिलसिले में विश्व गुरु हैं। सरकारी आंकड़ों के (भी) मुताबिक हिंदू 80 प्रतिशत के आसपास हैं। कानूनों के तहत बौद्धों, जैनियों और सिक्खों को सिविल अधिकारों के लिए हिंदू धर्म के खांचे में रखा गया है। यानी सौ करोड़ के आसपास मांसाहारी नागरिक हैं। मुसलमान, ईसाई, पारसी वगैरह को मिलकर बीस करोड़ होंगे तो ज्यादातर हिंदू मांसाहारी ही हुए। हमने बचपन में पहली बार कांवड़ को देखा, सना, समझा इतिहास तथा संस्कृति में। जब आदर्श गरीब बेटा श्रवण कुमार माता पिता को कांवर पर बिठाए तीर्थाटन कराता रहा।

अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, इलाज और शिक्षा की जरूरी सुविधाओं की कमी और तरह तरह के सामाजिक आर्थिक कारणों से बेरोजगार युवा कथित धार्मिक आयोजनों और नेताओं के पिछलग्गू बन रहे हैं। मस्जिद के सामने उनसे बजरंगबली की जय के नारे लगाने को उत्तेजित किया जाता है। सिखाया जाता है ऐसा नारा लगाओगे। तब इतिहास का शोध करने वाले छात्रों से कहीं ज्यादा समझोगे कि हिंदुओं पर कितना जुल्म अब तक होता रहता है। अतीत के अन्याय का बदला तुम्हें आज लेना है।

जुलूस तो पहले निकलते रहे हैं। प्रभात फेरियां होती रहीं। होली का समागम तो बहुत अनोखा है। ईद की मुबारकबाद तो सार्वजनिक होती है। बड़े दिन में ईसा मसीह की कुर्बानी देख सबकी आंखें नम होती हैं। उदार हिंदू हर मजहब के पूजा पाठ से आत्मीय होते हैं। बौद्ध विहारों में नमन करते हैं। पारसी की अग्नि को पूजते हैं। गर्ज यह कि धर्म और संस्कृति के इलाके में सच्चा हिंदू इंसानी संगीत की सिम्फनी में अपनी अभिव्यक्ति ही नहीं, अहसास ही नहीं, अपना अस्तित्व ढूंढ़ता रहा है। मैं कांवड़ यात्रा को इसलिए पवित्र भाव से देखता हूं। मीलों, कोसों दूर नंगे पैर चलते नौजवान औघड़ शिव की आराधना में धरती का सांस्कृतिक सच नापते हैं। उनके चेहरे का ओज देखकर मन में भुरभुरी होती है। यही तो पुरखों की नसीहत ने प्यार से हमें मनुष्य होना सिखाया है। हम मनुष्य होते रहे हैं। अब भी हैं! अचानक तुर्रा कि कांवड़ यात्रा के रास्ते की दुकानों के मालिक अपने और कर्मचारियों के नाम लिखें। भौगोलिक बनावट के कारण कांवड़ यात्रा कई मुस्लिम बहुल इलाकों से गुजरती है। प्रदेश सरकार ने सीधे नहीं कहा कि मुसलमान दुकानदार बैनर लगाकर अपने नाम उजागर करने का सरकारी फरमान मानें। आशय लेकिन यही है। फरमान संविधान के प्रावधानों और निजता के अधिकार का उल्लंघन है। मुसलमानों ने दुकानों के हिंदू नाम या हिंदुओं ने मुसलमान नाम पर दुकानें चलाते रहे हैं। कांवड़ यात्रा में हिंदू मांसाहारी भी होंगे। क्या मुसलमान होटलों में ही मांस ही परोसे जाने की संभावना होगी? हिंदू होटलों में भी तो मांस पकता है। मुसलमान फकत मांसाहारी नहीं होते। शीरा, खीर, सेवइयां और तमाम मिठाइयां और नमकीन मुसलमान होटलों में खूब मिलती हैं। हिंदू होटलों में मुसलमान कर्मचारी, रसोइये और मुसलमान होटलों में हिंदू कर्मचारी होते हैं। देश क्या पूरी दुनिया में मुसलमान रसोइए सबसे बेहतर होते हैं। ऐसी होटलें नामचीन होती हैं। विवेकानंद आश्रम रायपुर में सर्वधर्म सम्मेलन के दौरान बिहार के साधु विरागी जी महाराज ने कभी कहा था 'चौका हो हिंदू का, बनाए मुसलमान और खाए ईसाई।' उन्होंने हिंदू धर्म की पवित्रता, इस्लाम की सभ्यता और ईसाइयत के लोक व्यवहार की त्रिवणी में नहला दिया था।

मुसलमानों के बारे में धारणाओं के कारण केवल भाजपा और नरेंद्र मोदी को दोषी ठहराना मुनासिब नहीं है। कांग्रेसी सदस्य लोकनाथ मिश्र ने 3 तथा 6 दिसंबर 1948 को संविधान सभा में अपना भाषण दिया। कहा इस्लाम ने हिंदू विचारधारा के प्रति दुश्मनी घोषित कर रखी है। उसे आज की सुप्रीम कोर्ट के नसीहत के दौर में समझो तो एक तरह की 'हेट स्पीच' थी। सेठ गोविंददास ने तो उर्दू भाषियों को कहा जो उर्दू का समर्थन करते हैं, वे सांप्रदायिक हैं। कांवड़ यात्रा में मुसलमानों के व्यवसाय पर तिरछा प्रहार सरकारी फरमान कर रहा है। कपड़ों से पहचाने जाने का फतवा प्रधानमंत्री ने दिया ही है। तो फिर नाम लिखने की क्या जरूरत? मजहब रहितता या मजहब सहिष्णुता के शांत जल में प्रदेश सरकार ने फरमानों का पत्थर फेंककर सियासी कुछ हासिल किया है। उसे तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समझेंगे।

## सोशल फोरम

# वेद व्यास का दिन

> वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है।

गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भारत के महानतम कवि, अन्वेषक, संकलनकर्ता, इतिहासकार और अध्यात्म गुरु महर्षि वेद व्यास का जन्मदिन है। वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। ये चारों वेद सनातन धर्म और भारतीय अध्यात्म की बुनियाद हैं। विश्व के सबसे बड़े महाकाव्यों में एक 'महाभारत' के रचयिता व्यास थे जिसके बारे में कहा जाता है कि इस संसार में जो कुछ है वह 'महाभारत' में है और जो 'महाभारत' में नहीं है वह कहीं नहीं है। माना जाता है कि हिंदुओं का पवित्रतम ग्रंथ, भारतीय अध्यात्म का सार 'गीता' इसी 'महाभारत' का अंश है। कुछ लोग पुराणों को भी वेद व्यास की रचना मानते हैं, मगर यह भ्रामक है। पुराण बहुत बाद लगभग गुप्त काल और उसके बहुत बाद की रचनाएं हैं जिन्हें संभवतः व्यास पीठ के उनके परवर्ती शिष्यों ने लिखा। व्यास पीठ के' प्रमुख भी अपने को व्यास ही कहते थे। ठीक वैसे जैसे आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित पीठों के प्रमुख अपने को शंकराचार्य ही कहते हैं। महर्षि व्यास के जन्मदिन आषाढ़ पूर्णिमा को 'महाभारत' की रचना पूरी हुई थी।' आभारस्वरूप देश भर में फैले उनके सभी शिष्यों ने उस दिन एकत्र होकर उनकी पूजा-अर्चना की थी। यह गुरुपूर्णिमा की परंपरा का सूत्रपात था। तब से लोग अपने आध्यात्मिक गुरु में व्यास का अंश मानकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदन करते आ रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि व्यास को नमन और जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले सभी गुरुओं का आभार।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

– फेसबुक वॉल से

# माइक्रोसॉफ्ट गड़बड़ी: साइबर हमला या तकनीकी खामी

तेज़ गति वाले डिजिटल युग में, दुनिया संचार, उत्पादकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों पर बहुत अधिक निर्भर करती है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट में एक महत्वपूर्ण गड़बड़ी से जुड़ी एक हालिया घटना ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। व्यवधान का दायरा अभूतपूर्व था। व्यवधान की वैश्विक प्रकृति ने साइबर हमले के पीछे संभावित उद्देश्यों, जैसे वित्तीय लाभ, डेटा चोरी, या राजनीतिक उद्देश्यों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। दूसरी ओर, जटिल आईटी अवसंरचना में तकनीकी गड़बड़ियां असामान्य नहीं हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने घटना का मूल कारण निर्धारित करने के लिए एक व्यापक जांच शुरू की। इस जांच में शामिल हैं:

सिस्टम लॉग की विस्तृत जांच से व्यवधान उत्पन्न करने वाली घटनाओं के अनुक्रम का पता लगाने और विफलता के सटीक बिंदु की पहचान करने में मदद मिली। साइबर हमले की संभावना को खारिज करने या पुष्टि करने के लिए संपूर्ण सुरक्षा ऑडिट करना महत्वपूर्ण था। इसमें अनधिकृत पहुंच या दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों के किसी भी संकेत की जांच करना शामिल था। संपूर्ण और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और बाहरी सलाहकारों के साथ सहयोग किया।

आधुनिक आईटी अवसंरचना अविश्वसनीय रूप से जटिल है, जिसमें कई परस्पर जुड़े घटक शामिल हैं। यह जटिलता तकनीकी समस्याओं की संभावना को बढ़ाती है और संभावित कमजोरियों की पहचान करना और उनका समाधान करना चुनौतीपूर्ण बनाती है। साइबर खतरा परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, हमलावर तेजी से परिष्कृत तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। संगठनों को उन्नत सुरक्षा उपायों में निवेश करके और अपनी सुरक्षा को लगातार अद्यतन करके इन खतरों से आगे रहना चाहिए।

स्वचालन में प्रगति के बावजूद, मानवीय त्रुटि एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक बनी हुई है। उचित प्रशिक्षण, निरीक्षण और प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने से इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता है। डिजिटल बुनियादी ढांचे की वैश्विक प्रकृति का मतलब है कि व्यवधानों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सिस्टम के एक हिस्से में विफलता तेजी से फैल सकती है, जिससे दुनिया भर में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। भविष्य में व्यवधानों के प्रभाव को कम करने के लिए, संगठनों को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए:

विस्तृत जांच के बाद, माइक्रोसॉफ्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना साइबर हमले के बजाय मुख्य रूप से एक तकनीकी गड़बड़ी थी। मूल कारण उनके डेटा केंद्रों में उपयोग किए जाने वाले नेटवर्किंग उपकरण में गलत कॉन्फ़िगरेशन से पता लगाया गया था। इस ग़लत कॉन्फ़िगरेशन के कारण व्यापक विफलता हुई, जिससे एक साथ कई सेवाएं बाधित हुईं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निवेश, सहयोग और सतर्कता की आवश्यकता होगी। हालाँकि हम कभी भी व्यवधानों के जोखिम को पूरी तरह से समाप्त नहीं कर सकते हैं, हम उनके प्रभाव को कम करने और अधिक लचीला डिजिटल भविष्य सुनिश्चित करने का प्रयास कर सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट सर्वर की गड़बड़ी जिसने दुनिया को रोक दिया, वह डिजिटल सेवाओं पर हमारी निर्भरता की स्पष्ट याद दिलाती थी। जबकि साइबर हमले के बारे में प्रारंभिक चिंताएं वैध थीं, इस घटना ने अंततः आधुनिक आईटी बुनियादी ढांचे की जटिलताओं और कमजोरियों को उजागर किया। इस घटना से सीखकर और मजबूत निवारक उपायों को लागू करके, तकनीकी समुदाय भविष्य के व्यवधानों के प्रभाव को बेहतर ढंग से तैयार और कम कर सकता है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

# निजीकरण का विरोध क्यों

अभी हाल ही में बैंकों का राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया। राष्ट्रीयकरण का उजाला पक्ष बताता है कि देश में तमाम सार्वजनिक उपक्रमों ने उत्साह जनक परिणाम दिए हैं वित्त वर्ष 2024में 5 लाख करोड़ के लगभग लाभ कमाकर इतिहास रचा है इनमें स्टेट बैंक, एलआईसी, इंडियन ऑयल, ओएनजीसी, कोल इंडिया, एनटीपीसी, बीपीसीएल, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यूको बैंक, हिंडालको, भेल, आईआरटीसी के नाम प्रमुख हैं।

निजीकरण के पक्षधर कितने भी तर्क रख लें लेकिन देश के असली नवरत्न तो यह सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ही हैं जिस तरह से लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम देश की रीढ़ को मजबूती प्रदान कर रहे हैं और नई बुनियाद तैयार कर रहे हैं, यह जरूरी है कि इनको और अधिक स्वायत्तता मिले।

हमे बैंकों के राष्ट्रीयकरण के इतिहास से भी कुछ सीखना होगा। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने निजी बैंकों को पूंजीपतियों के चंगुल से छुड़ा कर जनता का भरोसा जीता था, आशातीत लाभ कमा कर सार्वजनिक उपक्रमों ने एक बार फिर से उत्साह दिखाया है। लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम वास्तव में देश की धरोहर हैं। इन्होंने जनता का विश्वास भी जीता हैं और निजीकरण की पैरवी करने वालो को तगड़ा जवाब भी दिया है। आने वाले बजट सत्र में सरकार को सार्वजनिक उपक्रमों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए सभी निजी उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के विषय में सोचना चाहिए, जिसकी मांग भी उठ रही है, क्या सरकार देशहित में ऐसा करेगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### कार्तिक ने राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल जीता



**गदरपुर** : 24वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एसएस पब्लिक के छात्र कार्तिक ने गोल्ड मेडल जीता। रुद्रपुर में आयोजित प्रतियोगिता में एसएस पब्लिक स्कूल के छात्र कार्तिक पुत्र राजकुमार ने गोल्ड मेडल जीता। प्रतियोगिता के बाद स्कूल पहुंचने पर विद्यालय के चैयरमेन डीपी सिंह ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले कार्तिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कार्तिक को राष्ट्रीय स्तर की क्रीड़ास्पर्धाओं में प्रतिभाग करने के लिए आशीर्वाद दिया। विद्यालय के सचिव अभिषेक प्रताप सिंह ने विद्यालय से छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया एवं विजेता कार्तिक के लिए पुरस्कार की घोषणा की। इस मौके पर सचिव अखिलेश प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य परविंदर सिंह, उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रताप सिंह महेश कुमार शाहिद, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद थे।

### शायर अदीब को पितृशोक

**काशीपुर** : कांग्रेसी नेता और शायर इकबाल अदीब के वालिद मुबारक हुसैन उर्फ अहमर काशीपुरी का शनिवार को इंतकाल हो गया। मोहल्ला अल्ली खां निवासी अहमर शायरी के क्षेत्र में एक बड़ा नाम था। वह लगभग 94 वर्ष के थे। उनके इंतकाल पर साहित्य से ताल्लुक रखने वाले लोगों ने दुख व्यक्त किया है। अहमर अपने पीछे पांच पुत्र और दो पुत्रियों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके इंतकाल पर दुख व्यक्त करने वालों में आसिम काशीपुरी, नवचेतना सांस्कृतिक मंच के विमल गुड़िया, हरीश कुमार सिंह, सरित चतुर्वेदी, संजय चतुर्वेदी, पकंज पंत, अशरफ सिद्दीकी, सादिक हुसैन, राशिद फारुख, फिरोज हुसैन, माजिद अली, रईस सिद्दीकी, अकरम बेग, शफीक अंसारी आदि शामिल रहे।

### आर्य समाज ने शोक सभा का आयोजन किया

**काशीपुर** : रविवार को आर्य समाज काशीपुर की प्रबन्ध समिति ने लहोरियां स्थित श्री आर्य समाज मंदिर में एक शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें आर्य समाज काशीपुर के पूर्व संरक्षक व पूर्व प्रधान डॉ जयसिंह सरोज, समाज के कर्मठ सदस्य एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय नरेश चंद्र माथुर के पुत्र नवनीत माथुर एवं समाज के सदस्य शांति प्रसाद के पुत्र डॉ. अशोक कुमार गोयल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभी ने तीनों ही पुण्य आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया और परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। अंत में शांति पाठ के पश्चात शोक सभा समाप्त हुई। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री खिलाड़ी उन्नयन योजना में उम्दा प्रदर्शन

## मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुआ ट्रायल, आज रुद्रपुर ब्लॉक के बालक दिखाएंगे अपनी प्रतिभा



ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों के साथ बखपुर के प्रधानाचार्य राकेश कुमार व अन्य। ● अमृत विचार



दिनेशपुर में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति के लिए दौड़ लगाते छात्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में मुख्यमंत्री खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत रुद्रपुर ब्लॉक के खिलाड़ियों का ट्रायल हुआ। ट्रायल का शुभारंभ राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बखपुर के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं सोमवार को रुद्रपुर ब्लॉक के बालक वर्ग का ट्रायल होगा।

रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में ब्लॉक रुद्रपुर की पांच न्याय पंचायत न्याय पंचायत बरा, न्याय पंचायत दरउ, न्याय पंचायत बंडिया, न्याय पंचायत नारायणपुर, न्याय पंचायत बिगवाड़ा के दो-दो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयन ट्रायल 8 से 14 आयु वर्ग में किया गया। इसमें 30 मीटर फ्लाइंग रन और 600 मीटर बॉल थ्रो, शटल रन, बेंट एंड रीच स्टैंडिंग ब्रॉड जंप का आयोजन हुआ। इसमें 8 से 9 आयु वर्ग में मुंजाह खान, 9 से 10 आयु वर्ग में गौसिया, 10 से 11 आयु वर्ग में गीतांजलि व शिवानी, 11 से 12 आयु वर्ग में फलक अंसारी, वंशिका आर्य, नवनीत कौर, आराध्या तिवारी, इनाम खान, इस्मा और 12 से 13 आयु वर्ग में आयुषी, राधिका, अनुराधा, साक्षी, करकी, साक्षी ग्वाल, मुस्कान का चयन हुआ। ट्रायल का संचालन ब्लॉक खेल समन्वयक कमल सक्सेना ने किया। इस अवसर पर निर्णायक राजेंद्र सिंह भाकुनी, हरीश राम, उमाशंकर, पुष्पा रावत, दीपा जोशी, आरबी प्रजापति, पीएस टाकुली, नवीन भट्ट आदि मौजूद रहे।

### विभिन्न आयुवर्ग में 6 प्रतियोगिताएं करवाईं

**बाजपुर** : मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना-2024 की ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता मिनी खेल स्टेडियम बाजपुर में संपन्न हुई। बालक-बालिका के विभिन्न आयुवर्ग में 6 प्रतियोगिताएं करवाई गईं जिसमें 8 से 14 आयुवर्ग में चयनित बालक-बालिका में कनिका पांडे, चिंकी, दक्षदीप, हर्षित, नवनीत, गुरमुख सिंह, नवरोज सिंह, जतिन, राजू सिंह, विनोद सिंह आदि शामिल रहे। यह बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। प्रथम लेखा समिति में महेंद्र सिंह यादव, प्रभु दयाल ममगई, दिनेश चौहान, जीवन सिंह बिष्ट, शिवांकित लोचक, रेखा अग्रवाल, जयदीप प्रेमी, गणेश आर्य, हीरा सिंह, सुंदर लाल आर्य, हेमंत बड़, मोहन लाल आदि शामिल रहे, जबकि पवन राना, डोरी लाल, रघुवीर सिंह विर्क (खेल विभाग), जयपाल सिंह, विकास गंगवार, कृष्ण कुमार शर्मा, सतपाल सिंह, सोमनाथ यादव, सुनीता जी, प्रीति, सुमन बाला, भगवंत सिंह, दिनेश सिंह राठौर, जसवंत भारती, संजीव कुमार गुप्ता, सचिन गहलौत, अशोक कुमार, अर्जुन सिंह, विपिन कुमार (खेल प्रशिक्षक) आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई। बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका सेवित क्षेत्र के बच्चों का नामांकन भी किया गया जिनकी प्रतियोगिता 22 जुलाई मिनी स्टेडियम में प्रात 8 बजे करवाई जाएंगी।

### ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में 6 छात्रों का चयन

**दिनेशपुर** : मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना में ब्लॉक स्तर पर खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए छह छात्रों का उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना लिए चयन हुआ। सोमवार को प्रात: 8 बजे से ब्लॉक स्तरीय बालिका वर्ग की बैटरी टेस्ट की प्रतियोगिताएं आयोजित की होंगी। रविवार को स्व. चितरंजन राहा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में बालक वर्ग की बैटरी टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ब्लॉक खेल समन्वक डीपी सिंह ने बताया है कि ब्लॉक गदरपुर के अंतर्गत न्याय पंचायत बराखेड़ा, आनंदखेड़ा व गोविंदपुर एवं नगर पंचायत गूलरभोज व दिनेशपुर के 8 से 14 वर्ष के आयु वर्ग की बालक वर्ग की प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रत्येक वर्ग से 6 चयनित खिलाड़ी जिला स्तर की प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर बृजेश कुमार दुबे, नूर आलम, कुंदन लाल कौशिक, संतोष टम्टा, कीर्ति प्रसाद, मिनती रानी, रविंद्र सिंह, अशोक चौहान, सुरेश जोशी, नवल कन्याल, प्रमोद कुमार, धर्मवीर सिंह, श्याम बहादुर, अंकित कुमार, संजय कुमार कुशवाहा, परमजीत सिंह, जगदीश सिंह, मनोज पांडे आदि ने प्रतियोगिता संपन्न कराने में सहयोग किया।

# व्यापारियों को पुनर्स्थापित करवाऊंगा

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में जनसंपर्क करते अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुलशन सिंधी व अन्य व्यापारी।

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में प्रत्याशियों ने अपनी जीत को लेकर पूरा जोर लगा दिया है। व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार गुलशन सिंधी ने भी समर्थकों के साथ नगर के कई क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यापारियों से संपर्क किया और अपने पक्ष में मतदान कर विजयी बनाने की अपील की।

नगर के बरेली रोड, नैनीताल बैंक गली, मुख्य बाजार, लेफ्ट पाहा नहर, जीजीआईसी रोड आदि क्षेत्रों में उन्होंने तमाम समर्थकों के साथ व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर समर्थन एवं वोट देने का आग्रह किया। प्रत्याशी गुलशन सिंधी ने कहा कि विगत करीब 6 वर्षों से वे लगातार व्यापारियों के हितों की रक्षा तथा व्यापारियों के दुख सुख में साथ खड़े होकर संघर्ष कर रहे हैं। हल्द्वानी मार्ग पर बंडिया क्षेत्र में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर उजाडे.गए व्यापारियों के समर्थन में प्रशासन का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि प्रभावित व्यापारियों को बसाने के लिए उनके द्वारा लगातार संघर्ष किया जाएगा। चुनाव प्रचार के दौरान नगर के तमाम स्थान पर व्यापारियों ने फूल मालाएं पहनाकर गुलशन सिंधी का जोरदार स्वागत किया और अपना पूरा समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

# बच्चों को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज व मारपीट

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बच्चों को लेकर दो पक्षों के बीच गाली-गलौज व मारपीट हो गई। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मुड़िया पिस्तौर देहात निवासी मनोज कुमार पुत्र दान सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार की देर शाम करीब साढ़े 6 बजे तीन वर्षीय पुत्री अनन्या अपने घर के सामने बैठी थी। आरोप है कि तभी मोहल्ले के ही राकेश सैनी का करीब 7 वर्षीय पुत्र साइकिल चलाते हुए वहां आया और पुत्री के पैरों पर साइकिल चढ़ा दी, जिससे उसके पैरों में चोट लग गई। उसके रोने व चिल्लाने पर वह बाहर निकाला और बालक को डाट दिया। आरोप है कि इसको लेकर राकेश सैनी व उसकी पत्नी एवं किरायेदार आदि ने घर में घुसकर मारपीट पर उतारू हो गए। रात करीब 10 बजे जैसे ही घर पहुंचा कि तभी घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे घेर लिया जिसमें किसी तरह अपनी जान बचाई। वहीं मोहल्लेवालों के साथ कोतवाली पहुंचे दूसरे पक्ष के एडवोकेट राकेश सिंह सैनी पुत्र शिवचरन सिंह ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई की देर सायं करीब 06:55 बजे आठ वर्षीय पुत्र युवराज सैनी घर के पास रास्ते पर साइकिल चला रहा था। तभी पड़ोसी मनोज कुमार ने पुत्र को थप्पड़ मार दिए। पिटाई के बारे में पूछताछ की गई तो मनोज, उसकी पत्नी एवं बेटे ने गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी।

## सार-संक्षेप



बैठक से पूर्व दीप प्रज्वलित करते विहिप के प्रखंड अध्यक्ष त्रिलोकी शंकर मिश्रा।

### हिंदू समाज को संगठित करने और गो रक्षा का आह्वान

**पंतनगर** : सोमवार को विवि परिसर के सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। विहिप के जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा ने कार्यकर्ताओं से हिंदू समाज को संगठित करने और गो रक्षा का आह्वान कर विचार रखे। इस दौरान प्रांत समरसता प्रमुख ईश्वरपाल सिंह चैहान, संगठन मंत्री विकास, उमाकांत उपाध्याय व श्रीरामकृष्ण श्रीवास्तव ने बजरंग दल और दुर्गावाहिनी के युवाओं से देश व समाज सेवा के लिए हिंदू समाज को संगठित करने पर जोर दिया। यहां प्रखंड अध्यक्ष त्रिलोकी शंकर मिश्रा, एसके जैन, हरेंद्र, तुलसी प्रसाद भट्ट, राकेश भट्ट, छट्टू गिरी, सुल्तान सिंह, प्रती सिंह, पुरुषोत्तम चैहान व राजेंद्र भट्ट आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



खटीमा में पुरानी तहसील में डाले गए कूड़े को हटाने में लगी जेसीबी। ● अमृत विचार

### पुराने तहसील परिसर में कूड़ा डालने का विरोध किया

**खटीमा** : पुरानी तहसील परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा कूड़ा डलवाने से फेल रही दुर्गंध को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी से शिकायत दर्ज कराई। बीजेपी नेता जोशी द्वारा घटना से एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को बताया। जिस पर उन्होंने पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला को कूड़ा हटवाने के निर्देश दिए, जिसके बाद अधिशासी अधिकारी द्वारा तहसील परिसर से कूड़ा हटवाने का काम शुरू करा दिया है।



नानकमत्ता में पौधरोपण करते पूर्व मंत्री अरविंद पांडे व अन्य। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

**नानकमत्ता** : पूर्व मंत्री अरविंद पांडे ने नानकमत्ता पहुंच कर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूर्व मन्त्री रविवार को नानकमत्ता पहुंचे और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर नगर में पौधरोपण किया। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. प्रेमसिंह राणा, निवर्तमान चेयरमैन प्रेमसिंह टुरना, मंडल अध्यक्ष ध्रुव सिंह राणा, ओमनारायण राणा आदि शामिल थे।



कार्यक्रम में मौजूद संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### इनरव्हील क्लब ने लगाए 250 पौधे

**काशीपुर** : इनरव्हील क्लब ऑफ काशीपुर की ओर से शुरू किए गए मेगा प्रोजेक्ट के अंतर्गत रविवार को पौधरोपण किया गया, जिसमें 250 पौधे लगाए गए। साथ ही एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। बता दें कि इनरव्हील क्लब ऑफ काशीपुर की ओर से 14 जुलाई से चल रहे मेगा प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रविवार को भी 250 पौधे लगाए गए। इस दौरान अध्यक्ष मोनिका, सचिव रेनू अग्रवाल, रेखा जिन्दल, प्राची अग्रवाल, सुमन, शालिनी, उषा, पूजा, रिचा, डॉ. कुशाल अग्रवाल, मीनल अग्रवाल, परिधि अग्रवाल समेत आदि लोग मौजूद रहे।

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज को मिला डिजाइन पेटेंट

**काशीपुर** : खोखराताल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कार्यरत प्रोफेसर डॉ. कीर्ति सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद जफर व मनीष कुमार सक्सेना के नाम इंडियन डिजाइन पेटेंट दिया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. कपिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी के अध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से काफी समय से इस डिजाइन पेटेंट पर कार्य किया जा रहा था, जिसके फलस्वरूप यह डिजाइन पेटेंट, पेटेंट कार्यालय भारत सरकार द्वारा उपरोक्त अध्यापकों को दिया गया। वहीं इस सफलता पर डी. फार्मा के विभागाध्यक्ष हिमांशु लोहनी, प्रो. मीना, सीमा, रीना, वैशाली, हिमानी, अंकित व समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



रामलीला मैदान में पौधरोपण करते पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पाण्डेय व अन्य।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री ने सितारगंज में किया पौधरोपण

**सितारगंज/खटीमा** : रामलीला मैदान में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पाण्डेय, बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, कैबिनट मंत्री सौरभ बहुगुणा प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, सुखदेव सिंह ने पौधरोपण किया। पौधे लगाओ, पेड़ बचाओ, जीवन बचाओ, प्रदूषण मिटाओ, प्राकृतिक सौंदर्य को सुरक्षित रखने की अपील की। इस मौके पर खूब सिंह विकल, सुखदेव सिंह, चमन लाल शर्मा, राकेश त्यागी, कुलदीप गंगवार, जानकी कोहली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा जाया जोशी, श्रुति विश्वास आदि लोग मौजूद थे। वहीं खटीमा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत मेलाघाट रोड स्थित बागनाथ मंदिर में पौधरोपण किया। इसकी शुरुआत पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने की।

# अन्नपूर्णा दिवस पर बांटी खाद्य सामग्री

## समाजसेवा

▸▸ विद्यालय को वाटर फिल्टर एवं एक वाटर टैंक भेंट किया

संवाददाता, जसपुर



जसपुर में छात्राओं के साथ अन्नपूर्णा दिवस मनातीं इनरव्हील क्लब की सदस्य।

**अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब की सदस्यों ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के नौनिहालों को खाद्य सामग्री वितरण कर अन्नपूर्णा दिवस मनाया। क्लब की ओर से विद्यालय को एक वाटर फिल्टर एवं एक वाटर टैंक भेंट किया गया।

इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ. छवि वर्मा टीम के साथ करन सिंह एडवोकेट मेमोरियल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंची। जहां उन्होंने योजना के तहत पौधा रोपण किया व बच्चों के साथ समय बिताया। प्रधानाध्यापक रवि चौहान ने छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय की ओर से क्लब की सदस्यों का आभार व्यक्त कर अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर सुरभि अग्रवाल, मनीषा बंसल, शिवांगी अग्रवाल, रेनू गोयल, बबीता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, प्रिया गर्ग, चारू अग्रवाल, पूनम चौहान, हेमलता आदि मौजूद रहे।

# सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकानें बढ़वाने को खाद्य मंत्री से मिले

संवाददाता, रुद्रपुर



खाद्य मंत्री रेखा आर्या को ज्ञापन देते वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ रुद्रपुर शहर के हर क्षेत्र में जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार भाजपा के आला नेताओं और अधिकारियों से वार्ता कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने खाद्य मंत्री रेखा आर्या से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने ट्रांजिट कैंप में जनसंख्या के हिसाब से सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकानें बढ़ाने की मांग की है।

खाद्य मंत्री को दिए ज्ञापन में चुघ ने बताया कि रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप की जनसंख्या अब लगभग एक लाख से अधिक हो चुकी है और 14 हजार लोगों के राशन कार्ड वहां बनाए गए हैं। ऐसे में उसे क्षेत्र के रहने वाली गरीब जनता राशन के लिए दर-दर भटक रही है। लोगों को राशन तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा। ऐसे में ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में घर-घर जाकर नए राशन कार्ड बनाने का अभियान प्रारंभ किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कैंप क्षेत्र में मात्र दो या चार ही राशन डिपो हैं। खाद्य मंत्री ने भाजपा नेता चुघ की बात को गंभीरता से लिया और उन्होंने कहा कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**उम्मीद** फसलों का नुकसान व भूमि कटाव से प्रभावित किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी सहायता

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपदा से हुए नुकसान का सर्वे शुरू

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** विगत दिनों आई भीषण बाढ़ आपदा से तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों तथा नगर क्षेत्र का भारी नुकसान हुआ है। वहीं आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री धामी की ओर से सख्त निर्देश भी दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन द्वारा गठित विभिन्न टीमों द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सरकार के निर्देश पर कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग तथा राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की टीमों द्वारा शनिवार से आपदा पीड़ित क्षेत्रों में पहुंचकर सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस मामले में तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि विगत दिनों से क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि आपदा में हुए नुकसान का सर्वे करने के बाद शासन द्वारा निर्धारित मानक के हिसाब से आपदा पीड़ितों को जल्द ही राहत पहुंचाई जाएगी। वहीं मुख्य कृषि अधिकारी अजय कुमार वर्मा ने बताया कि आपदा से जिन किसानों के फसलों का नुकसान हुआ है, भूमि कटाव हुआ है या फसलों पर सिल्ट आ गई है ऐसे प्रभावित क्षेत्रों में टीम द्वारा सर्वे किया जाएगा तथा इसका आंकलन कर नियम व मानक के अनुसार पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जो आपदा पीड़ित सहायता से छूट गए हैं उन क्षेत्रों में भी दोबारा सर्वे करा कर नुकसान का आंकलन कर सहायता पहुंचाई जाएगी।

### वार्ड-18 के पीड़ितों को राहत मिले

**खटीमा** : कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रमेश रौतेला ने वार्डवासियों के साथ तहसीलदार हिमांशु जोशी से मुलाकात कर बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर पीड़ितों को राहत दिलवाने की मांग की। उन्होंने तहसीलदार से नगर पालिका के वार्ड 18 की सभी कालोनियों टीचर्स कालोनी, शारदा विहार, कुर्मांचल कालोनी व आदर्श कालोनी में पूर्ण सर्वे कार्य कराया जाय और सहायता राशि तत्काल प्रभाव से दिलाया जाय।



खटीमा में सर्वे करा मुआवजा देने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

### राहत राशि के चेक के लिए उपजिलाधिकारी से मिले

**खटीमा** : जादोपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने आपदा राहत राशि के चेक वितरित करने की मांग को लेकर तहसील में पहुंचकर उपजिलाधिकारी इंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। कंचनपुरी सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेसी जसविंदर सिंह बाजवा उर्फ पप्पू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील में पहुंचकर दैवीय आपदा के चेक वितरण न होने पर आक्रोश जताया। उन्होंने एसडीएम बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा गया है कि विगत दिनों आई भीषण आपदा से जादोपुर गांव के ग्रामीण भी काफी प्रभावित हुए हैं। लोगों के घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन इत्यादि बाढ़ में बह गए हैं और बाढ़ के पानी से पूरा गांव त्रस्त है लेकिन हल्का पटवारी के द्वारा मात्र कुछ लोगों को आपदा राहत राशि का चेक का वितरण किया गया है जो कि गलत है। यह भी कहा कि राजस्व की टीम द्वारा अब तक गांव का सर्वे नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने ग्राम सभा जादोपुर का सर्वे कराकर आपदा पीड़ितों को राहत राशि का चेक वितरण करने की मांग की है। इस अवसर पर रोशनी, सुमन लता, रमेशवती, जितेंद्र सिंह, रतन सिंह, रणजीत सिंह, ममता, मान सिंह, सुखदेव सिंह, रजनी देवी, अमरजीत सिंह, रविंद्र सिंह, रेखा देवी, प्रेमवती रामकली, अंजू राणा तथा रामेश्वरी देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### आषाढ़ पूर्णिमा पर शीतला मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**काशीपुर :** आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर श्री शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घने बादलों और बूंदाबांदी के बीच श्रद्धालुओं ने माता शीतला की पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाते हुए मनौतियां मांगी। साथ ही अपने परिवारों के स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। आपको बता दें कि काशीपुर के मुखर्जी नगर स्थित श्री शीतला माता मंदिर में यूं तो वर्षभर श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं, लेकिन चैत्र व आषाढ़ मास में माता शीतला के विशेष पूजन के चलते भारी भीड़ उमड़ती है। वहीं रविवार को आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता को विशेष रूप से काले चने व चने की दाल, बताशे, पुए व हल्दी का प्रसाद चढ़ाया। मान्यता है कि महिलाएं माता से अपने बच्चों के स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हैं, जिसे माता अवश्य पूरी करती हैं।



बाजपुर में टाइल्स रोड का शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत गित्ते। ● अमृत विचार

### बांकेनगर में टाइल्स रोड निर्माण का शिलान्यास

**बाजपुर :** नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत नारियल फोड़कर वार्ड नंबर-एक बांकेनगर में टाइल्स रोड निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान चेयरमैन गित्ते ने कहा कि उन्होंने सेवक के रूप में बाजपुर वासियों की निःस्वार्थ भाव से सेवा की है, जोकि निरंतर जारी रहेगी। बाजपुरवासियों द्वारा दिए गए अपार स्नेह, सहयोग व प्यार के वह अजन्म ऋणी रहेंगे तथा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बिना किसी भेदभाव के नगर का चहूमुखी विकास किया है और आगे भी करते रहेंगे। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि रामअवतार यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष महीपाल सिंह यादव, कांग्रेस के कार्यकारी नगराध्यक्ष रेशम यादव, सुनील कुमार, पूर्व नामित सभासद तनवीर खां 'गुड्डू', आकाश सागर, शिवा सागर, संदीप यादव, अनिकेत, मनी, अंकित यादव, नन्हें यादव, खलील अहमद आदि मौजूद रहे।

### दुकानों से एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बरामद

**खटीमा :** बीते दिनों दैवीय आपदा के पीड़ितों को बांटी जाने राशन किट में एक्सपायरी डेट के खाद्य तेल और अन्य सामग्री पाए जाने के बाद प्रशासन द्वारा लगातार किराने की दुकानों पर छापामार कारवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को छह दुकानों से एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री जब्त की है। तहसीलदार हिमांशु जोशी और फूड इंस्पेक्टर आशा आर्य ने पुलिस बल के साथ मेलाघाट में किराने की दुकानों पर छापामार कारवाई करते हुए चार दुकानों से एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बरामद की। बाद में टीम ने मुख्य चौराहे पर कारवाई करते हुए दो दुकानों से भी एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बरामद की है। राजस्व विभाग द्वारा अबतक राशन किट ठेकेदार सहित एक दुकानदार के खिलाफ पहले दिन रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार सजाया

**दिनेशपुर :** गुरु पूर्णिमा पर श्री बालाजी मंडल के महंत राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से श्री बालाजी मंदिर परिसर में सजाया गया। इस दौरान श्री बालाजी महाराज, श्री भैरव बाबा व श्री प्रेतराज सरकार जी को स्वर्ण चोला श्रंगार चढ़ाया गया। भव्य दरबार सजाया गया एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भक्तों ने दरबार में हाजिरी लगाई और श्री बालाजी महाराज के भजनों का आनंद लिया। रविवार को श्री बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित श्री बालाजी महाराज के दरबार का विधिवत शुभारंभ अखंड ज्योत प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भक्त खैरात कुमार, नरेश ग्रोवर, बलदेव डाबर, मदन खन्ना, विजय चिलाना आदि भक्त मौजूद थे।

### केदारनाथ धाम का सही स्थान है गढ़वाल : भुल्लर



**रुद्रपुर :** यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि उत्तराखंड के किसी भी प्रसिद्ध धार्मिक स्थल का व्यापार यूथ कांग्रेस होने नहीं देगी। जिस प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा दिल्ली में केदारनाथ धाम का स्वरूप तैयार किए जाने की योजना बना रही है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। रविवार को प्रेस वार्ता में भुल्लर ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार दिल्ली में आस्था के केंद्र केदारनाथ के मंदिर का स्वरूप बनाने की योजना बना रही है। जिसका उद्देश्य केवल धर्म के नाम पर व्यापार करना है। इससे जहां उत्तराखंड में श्रद्धालुओं में कमी आएगी। वहीं धार्मिक आस्था पर भी कुठाराघात होगा।

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**दिनेशपुर :** मटकोटा-गदरपुर मार्ग पर कालीनगर से बाजार की ओर आ रहे स्कूटी सवार की ट्रक की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। रविवार की सायं कालीनगर निवासी मंटू दफादार (32) पुत्र वैद्य दफादार स्कूटी से बाजार की ओर आ रहा था। कौशल्या गार्डन के पास पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने स्कूटी पर जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मिंटू सड़क पर गिर गया। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मंटू सिडकुल में कार्य करता था। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर वाहन सहित थाने ले गए।

# डेलापीर मंडी स्थित मंदिर में मूर्तियां तोड़ीं, तीन हिरासत में

## गोपेश्वरनाथ मंदिर में सुबह साढ़े सात बजे की घटना, आरोपी ने पुजारी और पत्नी पर भी किया हमला, पीएसी के जवान को दिया धक्का

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डेलापीर मंडी में रविवार सुबह गोपेश्वर नाथ मंदिर में घुसकर एक युवक ने मूर्तियां तोड़ दीं। पुजारी और उनकी पत्नी ने जब आरोपी को रोकने की कोशिश की तो उसने ईंट और चाकू से हमला किया। उसने पीएसी के जवान को भी धक्का दे दिया। मंडी गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने लोगों की मदद से आरोपी और उसके दो साथियों को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर माहौल शांत किया। सावन के पहले सोमवार से पहले हुई घटना से लोगों में आक्रोश है।

रविवार सुबह 7:30 बजे एक व्यक्ति मंडी परिसर में स्थित गोपेश्वर नाथ मंदिर में पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने मंदिर में रखीं मूर्तियों को तोड़ दिया। उसने शीशे में रखी मूर्तियों को भी तोड़ने की कोशिश की। कलश फेंकने की आवाज सुनकर पुजारी राम किशोर और उनकी पत्नी मौके पर पहुंची तो आरोपी ने दोनों पर ईंट से हमला किया। उन लोगों ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने चाकू दिखाया। शोर मचाने पर आसपास के आढ़ती आ गए तो आरोपी भागने लगा। दूसरे गेट पर तैनात गार्ड ने आरोपी को पकड़कर धुनाई की। उसके दो सहयोगियों को भी लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मूर्तियां तोड़ने की सूचना पर कई संगठनों के लोग परिसर में पहुंचे और हंगामा किया। सूचना पर एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ अनीता चौहान, सीओ संदीप सिंह और सीओ पंकज श्रीवास्तव, इज्जतनगर, प्रेमनगर, किला, कोतवाली आदि थानों की पुलिस के अलावा पीएसी भी पहुंच गई। पुजारी रामकिशोर शर्मा ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी खटीमा के इस्लाम नगर का रहने वाला अकरम है।



बरेली में मंदिर के बाहर मौजूद पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### धार्मिक नारा लगाकर तोड़ीं मूर्तियां

मंदिर के पुजारी रामकिशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह आरोपी ने धार्मिक नारा लगाते हुए मूर्तियां तोड़ना शुरू किया था। विरोध पर उसने चाकू लेकर दौड़ा लिया था। पुजारी ने बताया कि जब वह भाग रहा था तो दो अन्य लोग उसे निर्देश दे रहे थे। पुजारी की पत्नी ने बताया कि वह मंदिर से कुछ दूरी पर थीं। जब आरोपी ने कलश उठाकर तेजी से फेंका तब उन्होंने मंदिर जाकर देखा।

### आरोपी के पास निकली विदेशी मुद्रा

पुलिस हिरासत में इलाज करा रहे आरोपी अकरम के पास से विदेशी मुद्रा भी मिली है। इनमें सऊदी अरब के अलावा अन्य देशों के नोट हैं। पूछने पर आरोपी ने बताया कि दिमाग खराब होने पर उसने ऐसा किया। वहीं लोगों का मानना है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास पता करना चाहिए। पुलिस आरोपी से पता कर रही है कि उसने ऐसा कार्य खुद किया या किसी के कहने पर मंदिर में मूर्तियां खंडित करने गया था। मंदिर परिसर में भारी पुलिस और पीएसी बल तैनात किया गया है। अकरम की रिश्तेदारी बारादरी थाना क्षेत्र में है। सीसीटीवी में वह मंदिर परिसर की ओर अकेला जाता दिख रहा है। आरोपियों के नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया है। पुलिस जांच कर रही है कि उनके संबंध किसी अराजक संगठन से तो नहीं है। अकरम अपने आप को डिप्रेशन का रोगी बता रहा है।

### कई संगठनों ने जताया आक्रोश

मंदिर में मूर्तियां तोड़ने के बाद से कई संगठनों ने रोष जताया। लोगों ने का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से शहर का माहौल खराब हो सकता है। उन्होंने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। नाथ नगरी सुरक्षा समूह के प्रमुख दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह की हरकतें माहौल खराब करने के लिए सावन माह में होती रहीं हैं। वहीं आढ़ती मनोज गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता ने भी घटना पर रोष जताया है।

### नई मूर्तियां मंगाकर की जा रहीं स्थापित

पुजारी रामकिशोर ने बताया किया कि श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के पदाधिकारियों की ओर से नई मूर्तियां मंगाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर में पुलिस फोर्स लगाया है। प्राण प्रतिष्ठा में सीओ अनीता यादव, सिटी मजिस्ट्रेट व आसपास के लोगों ने हिस्सा लिया।

> डेलापीर मंडी में मूर्तियों को तोड़ने के आरोपी को हिरासत में लिया गया है। दो संदिग्ध युवकों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।
>
> **- राहुल भाटी,** एसपी सिटी

# लेवड़ा नदी से भू-कटान रोकने को निरीक्षण

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** लेवड़ा नदी से हो रहे भू-कटान का अधिकारियों की टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर कटान रोकने के लिए अनेक उपाय करने और प्रत्येक कार्य का प्राकलन तैयार कर शासन को देने पर सहमति व्यक्त की गई।

गुमसानी, मुड़िया मनी, ताली, नया गांव आदि क्षेत्रों में आठ जुलाई को लेवड़ा नदी में आई बाढ़ का पानी 13 दिन बाद भी खेतों में जमा रहने, इससे धान की फसल प्रभावित होने की शिकायत किसानों द्वारा डीएम उदयराज सिंह से की गई थी जिसमें डीएम द्वारा राजस्व, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाइवे-74 कंसलटेंट एजेंसी आदि के अधिकारियों को शामिल कर एक कमेटी बनाई गई थी, जोकि रविवार को लेवड़ा पुल पहुंची, जहां से उन्होंने पूरा निरीक्षण करने के बाद पाया कि पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी यथावत है। तय किया गया कि लेवड़ा के दोनों साइड हाइवे पर जो भी ढ़ाबे अथवा प्रतिष्ठान बने हैं, वहां एक से दो मीटर तक के ह्यूम पाइप डाले जाएंगे। इस संबंध में अतिक्रमणकारियों को कार्रवाई के लिए कहा जाएगा। वहीं पुल के पास 100 मीटर पक्की दीवार बनाने, जगह-जगह पीचिंग कराने, तटबंध मजबूत करने, लिंक गूलों की सफाई कराने आदि का प्राकलन बना जिलाधिकारी को रिपोर्ट देने की बात कही गई। टीम में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी, एनएचके सलाहकार मोहम्मद अजीम, लोनिवि के अभियंता अरुण कुमार, गौरव पाठक सहित अनेक विभागों के अधिकारी, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लन, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं किसानों द्वारा लेवड़ा से खराब हुई फसल का अनुदान दिलाने की भी मांग की गई।



बाजपुर में लेवड़ा नदी के पुल का स्थलीय निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त करती टीम।

# पॉश कॉलोनी में बाउंसर की दबंगई, महिला से अभद्रता

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर की पॉश कॉलोनी में बाहर से आए बाउंसरों द्वारा महिला से अभद्रता करने का मामला सामने आया है। अभद्रता की भनक लगते ही स्थानीय बाशिंदों का पारा चढ़ गया और लोगों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर सिडकुल पुलिस ने मौका मुआयना किया और तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी। लोगों ने अवैध वसूली का भी आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर को मेट्रोपोलिस रेजिडेंट कॉलोनी में सोसाइटी की देखरेख में कुछ बाउंसर गाड़ियों पर लगे पुराने स्टीकर हटाकर नये लगाने लगे और उसकी एवज में 50 रुपये ले रहे थे। जिसे देख जब वहीं की रहने वाली एक महिला ने विरोध किया तो बाउंसर ने अभद्रता करनी शुरू कर दी। जिसकी भनक लगते ही सोसाइटी के लोग एकत्रित हो गये और हंगामा हंगामा काटना शुरू कर दिया। आरोप था कि पांच रुपये का स्टीकर के नाम पर 50 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है, जबकि वसूली करने वालों के पास कोई भी अनुमति पत्र के अलावा अधिकृत भी नहीं है।

## छह माह से गुमशुदा का शव मिला

**काशीपुर:** महुआखेड़ागंज में छह महीने से गुमशुदा व्यक्ति का शव रविवार को नाले में मिला है। आइटीआइ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सिंह कोश्यारी ने बताया कि 17 फरवरी 2024 को महुआखेड़ागंज निवासी आनंद पुत्र प्यारे लाल ने तहरीर दिया था। जिसमें बताया था कि उसके भाई कपिल कुमार पुत्र प्यारे लाल घर से बिना बताए कहीं चले गए। जिसकी गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी। रविवार को शव मिलने की सूचना पर पहुंची टीम ने शव कब्जे में लेकर पहचान के लिए जांच करने लगी। इसी दौरान गुमशुदगी की रिपोर्ट को चेक करने में उसकी पहचान हुई। कपिल कुमार का शव सड़ी गली अवस्था में गिरधारी नहर के किनारे बरामद हुआ। मृतक का पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक की मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। चिकित्सकों द्वारा उसका विसरा संरक्षित किया गया। अपर उप निरीक्षक सोमवीर सिंह के द्वारा परीक्षण के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला देहरादून को विसरा भेजा जाएगा। वहीं मृतक की पत्नी और मां एवं भाइयों की तरफ से उसकी हत्या की आशंका जताई है।



प्रथम धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया प्रथम धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

**काशीपुर :** धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर डॉ. अम्बेडकर पार्क जनकल्याण सेवा समिति ने एक एकजुट होकर धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया। इस दौरान समिति सदस्यों के साथ ही साथ बहुजन समाज के सभी संगठनों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रविवार को कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्य सफेद कपड़ो में अम्बेडकर पार्क में उपस्थित हुए। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को प्रथम धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उधर पूर्व नायब तहसीलदार रामसिंह ने बताया की जब सिद्धार्थ गौतम को उरुवेला (गया) में पीपल के वृक्ष के निचे ज्ञान प्राप्त हुआ। सिद्धार्थ गौतम ज्ञान प्राप्त करके तथागत गौतम बुद्ध बन गये। साथ ही इस नगरी का नाम भी बौद्ध गया पड़ा, जोकि बिहार राज्य में स्थित है। कहा कि जब बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हो गया तो उन्होंने अपने ज्ञान को धम्म नाम दिया।

### वंदना अध्यक्ष और मंत्री बनी कंचन

**सितारगंज :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई की घोषणा हुई। जिसमें नगर अध्यक्ष के पद पर वंदना चौहान तथा नगर मंत्री के पड़ पर कंचन पांडे को चुना गया। साथ ही परिषद की इकाई का विस्तार कर कॉलेज अध्यक्ष अमित कुमार और कॉलेज मंत्री महिमा राणा मीडिया प्रभारी कोमल सामंत, सह संयोजक नेहा, तहसील सयोजक चंद्रदीप, क्रान्ति, संतोष कालेज सह मंत्री संजना, करन, कॉलेज मीडिया प्रभारी कमल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष चाहत रस्तोगी, सारांश पानू, नगर प्रमुख दीपाली धामी, इनकी घोषणा पूरे चुनाव प्रक्रिया से हुई चुनाव अधिकारी जिला संयोजक नीरज धामी रहे। उनके द्वारा घोषणा हुई और बैठक में कार्यपद्धति सिद्धांत का सत्र रहा। विभाग संगठन मंत्री केशव ने नवीन कार्यकर्ताओं को परिषद कि नीति रीति से अवगत कराते हुए छात्र हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

### वर्ग पहेली-138

**बाएं से दाएं**

4. आधुनिक बिहार राज्य के एक क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन जनपद।
5. 1. लोककाल्पनिक कथानक, लोकरुढ़ि, अनुश्रुति 2. पौराणिक कथा, परंपरागत कथा 3. मान्यता 4. आख्यान।
7. 1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।
8. उत्तर दिशा।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी दूसरे के हाथ से कोई वस्तु मंगाना, मंगाने का काम कराना।
2. हंसमुख, ख़ुश रहने वाला, प्रसन्नचित।
3. 1. भार ढोने वाला, बोझ ढोने वाला 2. भारी।
6. 1. हिजड़ा, जनखा 2. मुसलमान बादशाहों के हरमों में रहने वाले सेवक या रक्षक
7. 1. चेहरा, मुखड़ा 2. किसी वस्तु का अग्रभाग 3. शक्ल 4. कथन, भाषण।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 |
| 4 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | 5 | | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 6 | ■ | 7 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 8 | | | | ■ |

### वर्ग पहेली -137 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 ने | 2 च | की |
| 3 दा | ह | ना | ■ | तु | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | 4 म | ज | 5 मू | ई | ■ |
| 6 चू | क | ■ | ल | ■ | 7 त |
| ■ | बू | ■ | तः | ■ | ड़ा |
| 8 बा | ज़ा | री | ■ | ■ | ना |

### सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 9 | | 2 | |
| | 3 | | 4 | | | | 8 | |
| 9 | | | 5 | | | 4 | | |
| 7 | | 4 | | 6 | 2 | | 5 | |
| 2 | | 6 | | | | 3 | | 7 |
| | 5 | | 9 | | | 1 | | 2 |
| | | 2 | | | 3 | | | 6 |
| | 6 | | | | 7 | | 1 | |
| | 8 | | 6 | | | | | 4 |

### सुडोकू -50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 |

### आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.11 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 10.21 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष:** आज अपने कार्यक्षेत्र को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों में दोबारा उलझने से बचें। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**वृष:** आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है।

**मिथुन:** आज का दिन संघर्षों से युक्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। प्रियजनों की सलाह पर गम्भीरता से विचार करें। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं।

**कर्क:** आज आपकी दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकार का प्रदर्शन न करें। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार आने की संभावना है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**सिंह:** आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा।

**कन्या:** आज नया कार्य शुरू कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताना पसन्द करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। परिवार के लोग आपके निर्णयों से काफी प्रसन्न रहेंगे। आपका काम समय पर पूर्ण हो जायेगा।

**तुला:** आज आपके घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी सामाजिक छवि सुधर सकती है। अकारण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में शांति रहेगी। धार्मिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज प्रभावशाली लोगों के बीच आपका सम्पर्क मजबूत होगा। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं।

**धनु:** आज अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें। विरोधी आपके विरुद्ध षड़्यंत्र रच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तनाव रहेगा। नई सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करें।

**मकर:** आज आपकी कोई मनोकामना आज पूर्ण हो सकती है। यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। संतान को उचित मार्गदर्शन देने का प्रयास करें। पूरा ध्यान अपने काम पर लगायें।

**कुंभ:** आज बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। किसी को बिना माँगी सलाह न दें।

**मीन:** आज वैवाहिक संबंधों में प्रसन्नता का भाव रहेगा। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना में वृद्धि होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च कर सकते हैं। एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। अधिकारियों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
- स्वीकार किया मैंने — सुबह : 08.08
- शादी में जरूर आना — रात : 09.51

**&pictures**
- भोला — सुबह : 10.53
- विवाह — रात : 08.00

**Sony Pix**
- द कॉन्ज्यूरिंग — सुबह : 10.07
- चार्लीज एंजल्स — शाम : 05.51

**Zee Cinema**
- गंगूबाई काठियावाड़ी — सुबह : 11.43
- नाग भूमि — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
- बेटिंग राजा — सुबह : 10.54
- भगवंत केसरी — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म





बीफोरयू पर रात : 09.51 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

शादी के अगले दिन ही अचानक पति अपनी बीवी को पीटने लगा।।।
लोगों ने पूछा क्यों मार रहे हो बेचारी को?
पति ने बोला।। इसने मेरी चाय में ताबीज डाला है, मुझे वश में करने के लिए।
मुझे मेरी मां से दूर करना चाहती है।
बीवी रोते हुए गुस्से में बोली, वो ताबीज नहीं टी बैग है।

पति : कल मेंरे ख्वाब में एक लड़की आई थी,
वाह क्या लड़की थी।
पत्नी : अकेले आई होगी।
पति : तुम्हे कैसे पता?
पत्नी : उसका पति मेंरें ख्वाब में आया था।

60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 63 वर्षीय भारत लाल शाह रहे प्रथम, 11 वर्षीय आयुष बिष्ट को दिया गया युवा प्रतिभागी का पुरस्कार

# 35 किमी की माउंटेन बाइकिंग में मुकुल जलाल ने मारी बाजी

**आयोजन**

- माउंटेन बाइकिंग रैली में 75 प्रतिभागियों ने लिया भाग
- बालिका वर्ग में सृजा अधिकारी को दिया गया विशिष्ठ पुरस्कार

संवाददाता, रानीखेत



रानीखेत में माउंटेन साइकिल रैली को फ्लैग आउट करते एसएसबी के महानिरीक्षक व एसडीएम। ● अमृत विचार



माउंडेन बाइकिंग रैली में शामिल 60 वर्षीय भारत लाल साह व 11 वर्षीय आयुष बिष्ट।

**अमृत विचार:** यहां माउंटेन बाइकिंग रैली का शुभारंभ रविवार प्रातः सेना के नरसिंह मैदान से किया गया। 35 किमी की इस रैली में नगर के साथ ही कुमाऊं के कई शहरों से आए 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, केआरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय यादव, एसएसबी के महानिदेशक अमित कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

माउंटेनिंग आउटडोर क्लब एवं माउंटेन बाइकिंग के तत्वावधान में आयोजित इस रैली का समापन रानीखेत में हुआ। बाइकिंग रेस 2 वर्गों में आयोजित की गई थी। जिसमें फन राइड एवं साइकिल दौड़ कराई गई। जिसमें मुकुल जलाल प्रथम, भरत मेहता द्वितीय और तन्मय अधिकारी तृतीय स्थान पर रहे। 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 63 वर्षीय भारत लाल शाह अल्मोड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सृजा अधिकारी को बालिका वर्ग में विशिष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 11 वर्षीय आयुष बिष्ट को सबसे युवा प्रतिभागी के लिए पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं विजेताओं को धनराशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में कुमाऊं रेजिमेंटल सेन्टर, सशस्त्र सीमा बल रानीखेत एवं जिला प्रशासन ने सहयोग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएमओसी के अध्यक्ष सुमित गोयल व संचालन अलका कौशिक ने किया। कार्यक्रम में आरएमओसी के सचिव अनुज साह, उपाध्यक्ष विवेक पांडेय, कोषाध्यक्ष अरविंद साह, डॉ. उत्तरा साह गंगोला ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रतिभागी सहित आमंत्रित जन मौजूद रहे।



अल्मोड़ा वन चेतना केंद्र में रविवार को आयोजित बैठक में मौजूद वन बीट अधिकारी।

## वनाग्नि प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता की राशि बांटी

**अल्मोड़ा :** वन वीट अधिकारी, वन आरक्षी संघ की ओर से रविवार को वन चेतना केंद्र में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जून माह में बिनसर वनाग्नि में मारे गए वन श्रमिकों को श्रंद्धाजलि अर्पित की गई। मौके पर आपसी सहयोग से जुटाई गई धनराशि प्रभावित परिवारों को दी गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वनाग्नि प्रभावित परिवारों के साथ कर्मचारी खड़े हैं। कहा कि कर्मचारियों और अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए राशि जुटाई। जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वेच्छा से इसमें सहयोग किया। बिनसर अभ्यारण्य क्षेत्र में 13 जून को आग बुझाने के दौरान हादसा हो गया। जिसमें चार वन कर्मचारियों की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि दो अन्य गंभीर घायलों ने एम्स दिल्ली में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। वहीं वर्तमान में दो झुलसे कर्मचारियों का उपचार चल रहा है। यहां मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग दीपक सिंह, बलवंत भंडारी, महेंद्र सिंह, दीपक पंत, केवलानंद पंत, हीरा सिंह, हरेंद्र सतवाल, खजान सिंह, पूनम पंत, नवीन तिवारी, किशोर चंद, रोशन कुमार, हिम्मत सिंह, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# बारिश से कई गांव जलमग्न, पूर्णागिरि मार्ग बंद

जिले की 12 ग्रामीण सड़कें मलबा आने से बंद, शारदा बैराज में अलर्ट जारी, भारत-नेपाल के बीच आवाजाही ठप

**हालात**

- 1.75 लाख क्यूसेक पहुंचा शारदा बैराज का जल स्तर
- चम्पावत जिले में 12 सड़कें रही बंद,

संवाददाता, टनकपुर



भारी बारिश से नदी-नाले उफान में आने से थपलियालखेड़ा गांव हुआ जलमग्न। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रविवार सुबह चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में हुई भारी बारिश से कई जगह जलभराव हो गया। पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में आए मलबे से ककरालीगेट-पूर्णागिरि मार्ग रविवार को दिनभर बंद रहा। राहत की बात यह रही कि रविवार को भी टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग खुला रहा। मलबा गिरने से जिले की 12 ग्रामीण सड़कों पर भी आवागमन नहीं हो पाया। बनबसा शारदा बैराज में शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने से अलर्ट के चलते भारत-नेपाल के बीच आवाजाही भी बंद रही।

टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग लगातार दूसरे दिन रविवार को खुला रहा। स्वांला, धौन, चल्थी, सूखीढांग सहित कई जगह आंशिक मलबा गिरा लेकिन इससे आवाजाही ज्यादा देर तक प्रभावित नहीं हुई। जिले की 12 सड़कें दिनभर बंद रहीं। बाटनागाड़ में मलबा आने से पूर्णागिरि धाम और टनकपुर-जौलजीबी के लिए वाहन नहीं चल पाए। इससे मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालु रास्ते में फंसे रहे। बनबसा के शारदा बैराज में हाई अलर्ट होने से भारत-नेपाल के बीच इस पुल के जरिए आवाजाही नहीं हो पाई। यहां सुबह छह बजे तक पानी का 1.75 लाख क्यूसेक रहा। हालांकि 10 बजे घटकर पानी का स्तर 1.40 लाख क्यूसेक तक आ गया। टनकपुर और बनबसा में वर्षा दोपहर एक बजे के आस-पास थम गई, लेकिन कई जगहों में जल भराव के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। किरोड़ा नाले के उफान पर आने से बोरागोठ, नयागोठ, वार्ड नंबर नौ घसियारा मंडी के अलावा गांव आमबाग, ज्ञानखेड़ा, बिचई आदि स्थानों में पानी लोगों के घरों में घुस गया। नेपाल सीमा से लगे थपलियालखेड़ा गांव में वर्षाती नालों का पानी भरने से लोग परेशान रहे। यहां कई घरों व प्राथमिक विद्यालय में भी पानी घुस गया। बनबसा के पचपखरिया, देवीपुरा, गुदमी गांव भी पानी भरने से जलमग्न हो गया। वहीं टनकपुर और बनबसा के कई ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव और पानी के बहाव से धान की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने प्रशासन से उन्हें मुआवजा देने की भी मांग उठाई है। इधर एसडीएम आकाश जोशी ने सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की टीम के साथ जल भराव स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जलभराव का शीघ्र निस्तारण करने को कहा।

### चम्पावत जिले में आज बंद रहेंगे विद्यालय

**टनकपुर :** चम्पावत के प्रभारी जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा ने भारत मौसम विज्ञान विभाग देहरादून द्वारा जारी भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए 22 जुलाई को कक्षा 1 से कक्षा 12 तक संचालित जिले के सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है। उन्होंने सीडीओ से आदेश का पालन कराने को कहा है।

### जीआईसी रौंसाल की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त

**लोहाघाट :** जीआईसी रौंसाल की दो सुरक्षा दीवारें अतिवृष्टि के कारण टूट गई हैं। इससे स्कूल भवन को खतरा पैदा हो गया है। पीटीए अध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे ने लोक निर्माण विभाग व शिक्षा विभाग से शीघ्र सुरक्षा दीवार बनाने की मांग की है। पांडे ने बताया कि दोनों दीवारें पहले भी गिर चुकी थीं, जिन्हें नए सिरे से बनाया गया था।

# हल्द्वानी जा रही केमू बस चौसली में सड़क पर पलटी, सात घायल

**हादसा**

- घायलों को सीएचसी सुयालबाड़ी ले जाया गया
- बागेश्वर से 21 यात्रियों को लेकर जा रही थी बस

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौसली के पास रविवार को सड़क हादसा हो गया। बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर जा रही केएमओयू की बस अनियंत्रित होकर चौसली के पास बीच सड़क पर पलट गई। हादसे के दौरान यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में परिचालक समेत सात लोग घायल हो गए हैं। बस में करीब 21 यात्री बताए जा रहे हैं।

जानकारी अनुसार रविवार को बागेश्वर से केएमओयू बस संख्या यूके-04-पीए- 1011 सवारी लेकर हल्द्वानी की ओर चली। हल्द्वानी पहुंचने से पहले ही अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राज मार्ग पर चसौली के पास बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस अनियंत्रित होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि बस सड़क पर ही पलटी और खाई में नहीं गिरी, इससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

हादसे की सूचना मिलते ही डीएम विनीत तोमर और एसएसपी देवेंद्र पींचा भी मौके पर पहुंचे। वहीं हादसे में परिचालक दरमान सिंह, बीना पांडे, अनिता बजाज, विनीता भाकुनी, रेखा, राम और लता आर्या घायल हो गए। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने प्रशासन को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची 108 की मदद से घायलों को सीएचसी सुयालबाड़ी पहुंचाया गया। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।



चौसली के पास रविवार को पलटी केमू बस और मौके पर जमा भीड़। ● अमृत विचार

### हाइवे पर लगा रहा लंबा जाम

हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर से लंबा जाम लग गया। जाम में कई यात्री फंस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से बस को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## सार-संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में संकुल स्तरीय योग प्रतियोगिता शुरू

**रानीखेत :** नवोदय विद्यालय समिति संकुल चैंपियनशिप 2024 द्वारा आयोजित हरिद्वार संकुल ए एवं बी योग प्रतियोगिता का शुभारंभ जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत में मुख्य अतिथि रिटायर्ड वेट लिफ्टिंग कोच अरविंद शर्मा एवं विद्यालय के प्राचार्य डीएस रावत ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में कुमाऊं एवं गढ़वाल संभाग से अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, रुद्रपुर, हरिद्वार, पौड़ी, टिहरी, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, देहरादून के जवाहर नवोदय विद्यालयों से आए 90 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आर्मी पब्लिक स्कूल के सेम हावर्ड स्मिथ एवं योग प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह भैसोड़ा, केंद्रीय विद्यालय रानीखेत निरीक्षक के रूप में मौजूद रहे। यहां वरिष्ठ महिला पीटीआई जया सुंदरियाल, विद्यालय के शिक्षक केसी बौड़ाई, अनुराधा शर्मा, इफ्तिखार अहमद, मंजीत सिंह एवं लाखन सिंह राणा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### युवक ने सरयू में लगाई छलांग, जवानों ने बचाया

**बागेश्वर :** कोतवाली अंतर्गत नया सरयू पुल निकट ट्रामा सेंटर बागेश्वर से एक युवक ने रविवार सायं नदी में छलांग लगा ली है। फायर सर्विस व जल पुलिस कोतवाली की टीम ने उसे निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार सायं 24 वर्षीय मोहित साह पुत्र पूरन साह निवासी करुली सरयू पुल के पास पहुंचा तथा नदी पर छलांग लगा दी। सूचना पर अग्निशमन विभाग के अधिकारी गोपाल रावत के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और युवक को नदी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### प्राकृतिक चिकित्सा में योग की अहम भूमिका

**अल्मोड़ा :** प्राकृतिक चिकित्सा एवं चिकित्सकीय उपचार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू हो गई है। रविवार को एसएसजे परिसर में आयोजित कार्यशाला में पहले दिन वर्तमान समय में प्राकृतिक चिकित्सा के पंचतत्वों पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में योग विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन चंद्र भट्ट ने बताया कि योग विज्ञान विभाग का प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र विगत तीन वर्षों से प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। डॉ. गिरीश अधिकारी ने प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी।



रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते देव डांगर ।

### अखिलतारिणी मंदिर में निकली देवी रथ यात्रा

**लोहाघाट :** गुरु पूर्णिमा के मौके पर रविवार को गुमदेश क्षेत्र के दिगालीचौड़ स्थित मां अखिलतारिणी मंदिर मां भगवती की रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। मुख्य पुजारी पंडित संजय पांडेय, हीरा बल्लभ जोशी, गणेश पांडेय ने पूजा संपन्न कराई। देव डांगरों ने फरियादी गद्दी लगाकर लोगों के दुखों का निवारण किया। उसके बाद मड़्या गांव से देवी रथ यात्रा निकली। रथ के आगे-आगे चल रहे देव डांगर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दे रहे थे। देवी रथ में सवार उल्का देवी के देवडांगर दीन दयाल, कालिका की आभा सिंह, भगवती के देव डांगर के रूप में शिवराज सिंह रथ में सवार थे। रथ के पीछे चल रही महिलाओं ने मांगलिक गीतों का गायन किया। मंदिर की परिक्रमा के बाद मेले का समापन हो गया। टनकपुर नायकगोठ के लोगों ने मेले में विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# अवकाश के दिन भी दिया धरना



अल्मोड़ा बेस अस्पताल परिसर में रविवार को भी कार्मिकों ने मांगों के निराकरण को लेकर धरना-प्रदर्शन किया।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** दो सूत्रीय मांगों को लेकर मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में आउटसोर्स के माध्यम से तैनात कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी है। नाराज कार्मिकों ने रविवार को भी धरना दिया। शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर जल्द समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठाई।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि उपेक्षा के चलते रविवार को धरना प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार को मजबूर हैं। कहा कि सोमवार से तीन माह का मानदेय भुगतान समेत पद सृजन की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। लेकिन इसके बाद भी उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। कहा कि मानदेय भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। कर्मचारी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन भूख हड़ताल पर बैठने को बाध्य होंगे। यहां सुशील कुमार, पंकज कुमार, विनोद कनवाल, वीरेंद्र, हरीश चौहान, गिरीश, हरीश, अंकित टम्टा, महेंद्र कनवाल, नीरज, रीता देवी, लीला कनवाल, सपना, अनू आदि मौजूद रहे।

## अगस्त क्रांति दिवस को लेकर की चर्चा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन की रविवार को गांधी पार्क में बैठक हुई। बैठक में आगामी अगस्त क्रांति दिवस को लेकर चर्चा की गई। तय किया कि नौ अगस्त को अल्मोड़ा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान यात्रा निकाली जायेगी।

बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष कमलेश पांडे ने बताया कि सम्मान यात्रा इस बार मालरोड स्थित जीबी पंत संस्थान से गांधी पार्क तक निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा में राजनीतिक दलों, स्वंय सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, स्कूली छात्र-छात्राओं और पूर्व सैनिकों को जोड़ा जाएगा। वहीं, कार्यक्रम के संयोजन के लिए भरत पांड़े को मुख्य कार्यक्रम संयोजक, हितेश तिवारी और बद्री दत्त पांड़े को सहसंयोजक बनाया गया। यहां बैठक में तारा चंद्र साह, शिव शंकर बोरा, विनय कुमार पांड़े, किशन चंद्र जोशी, कैलाश वर्मा, विपिन चंद्र जोशी रहे।

# बीएसएफ के हवलदार की गुजरात में हुई मौत

संवाददाता, लोहाघाट/ चम्पावत

**अमृत विचार :** गुजरात के कच्छ से लगी भारत-पाकिस्तान सीमा पर डयूटी में तैनात मल्ला पाटन निवासी बीएसएफ के हवलदार दयाल राम की डिहाइड्रेशन के चलते मौत हो गई। सोमवार को ऋक्षेश्वर श्मशान घाट में सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। जवान की मौत की सूचना से घर में कोहराम मचा है।



हवलदार दयाल राम।

बताया जाता है कि 49 वर्षीय हवलदार दयाल राम बीते शुक्रवार को गुजरात के कच्छ में भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बार्डर में पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान अत्यधिक गर्मी व डिहाइड्रेशन के कारण वह बेहोश हो गए। साथी उन्हें बीएसएफ के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद उनकी पत्नी ममता देवी बेसुध पड़ी हुई हैं। झुमाधुरी महोत्सव समिति के अध्यक्ष मोहन पाटनी ने बताया मृतक हवलदार 1997 में बीएएसएफ में भर्ती हुए थे। हवलदार दयाल के तीन बच्चे हैं। सबसे बड़ी बेटी मुस्कान 20 वर्ष की है। छोटी बेटी मल्लिका 19 और सबसे छोटा बेटा प्रियांशु 16 साल का है। मृतक हवलदार तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। दयाल बीस दिन पूर्व छुट्टी पूरी कर डयूटी पर लौटे थे। उनके निधन पर विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, पूर्व पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा, प्रकाश सिंह बोहरा, मोहन चंद्र पाटनी, सुभाष विश्वकर्मा समेत तमाम लोगों ने शोक जताया है।

**बैठक** उत्तराखंड में रियल एस्टेट विकास की अपार संभावनाएं : जोशी, राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद की मसूरी में हुई महत्वपूर्ण बैठक

# सरकार राज्य में 22 नई टाउनशिप विकसित करेगी : अग्रवाल

ब्यूरो, देहरादून



मसूरी के होटल में आयोजित बैठक में दीप प्रज्जवलित करते शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल व कृषि मंत्री गणेश जोशी।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए टूरिज्म के साथ ही टाउनशिप निर्माण पर जोर दिया गया। मसूरी के एक होटल में हुई इस बैठक में देश के प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारियों ने हिस्सा लिया।

शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि डेवलपर का नाम ही विकास है। उत्तराखंड में काम करने की अपार संभावना है। राज्य के बड़े शहरों से तेजी से आबादी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अब राज्य में 22 नए टाउनशिप विकसित करने पर विचार कर रही है। इसके लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि रियल एस्टेट में निवेश करने वालों को सरकार पूरा सहयोग देगी विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पर्यटन राज्य होने के नाते उत्तराखंड में रियल एस्टेट विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मसूरी में भी हाउसिंग प्रोजेक्ट लगाने पर विचार करना चाहिए। परिषद के नेशनल अध्यक्ष जी हरी बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट देश की आर्थिकी की रीढ़ है। भारतीय अर्थव्यवस्था की आठ फीसदी जीडीपी का हिस्सा रियल एस्टेट व्यवसाय से आता है।

उपाध्यक्ष राजन बंधेलकर ने कहा कि देश के अन्य हिस्सों की तरह उत्तराखंड में भी रियल एस्टेट की अपार संभावना है। जरूरत ईमानदारी से काम करने की है। सरकार को भी इस दिशा में काम करना होगा। राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद के उत्तराखंड के अध्यक्ष व शिखर समूह चेयरमैन मनोज जोशी ने कहा कि उत्तराखंड मे रियल स्टेट को और बेहतर बनाने के लिए काम करने की जरूरत है।

कार्यक्रम में भारत सरकार के आवास विभाग के सलाहकार दिनेश कपिला, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव राकेश शर्मा ने विचार रखें। कार्यक्रम में प्रवीण जैन, कपूला श्रीधर रेड्डी, सुनील चंद्र रेड्डी,हरप्रीत बेदी, इंदर सिंह बिष्ट, विशाल भाटिया,अशोक पाटनी, शिखर समूह के निदेशक कमलेश जोशी राहुल भाटिया, आशीष अग्रवाल, मौजूद थे। संचालन ज्योति नारायण ने किया।

## एक नजर

### पांच लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली हरेंद्र उर्फ हुरा कुंजाम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली हरेंद्र कुंजाम पर सरकार ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था। हरेंद्र प्लाटून पार्टी कमेटी मेंम्बर पीपीसीएम रैंक का उत्तर सब जोनल ब्यूरो राजनैतिक टीम का कमांडर था। वह 2015 से नक्सल संगठन में कार्यरत आत्मसमर्पित माओवादी गंगालूर एरिया कमेटी में पार्टी सदस्य के रूप में और उत्तर सब जोनल ब्यूरो पीपीसीएम/राजनैतिक टीम कमांडर के पद में कार्य कर चुका है।

### अलवर में मालगाड़ी के तीन डिब्बे हुए बेपटरी

**नयी दिल्ली/जयपुर।** राजस्थान के अलवर यार्ड में मालगाड़ी के तीन डिब्बे शनिवार देर रात पटरी से उतर गए। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना यार्ड में हुई, लेकिन इससे दिल्ली-अलवर मार्ग पर ट्रेन परिचालन अप्रभावित रहा। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना देर रात ढाई बजे हुई। उन्होंने कहा कि अलवर-मथुरा मार्ग प्रभावित हुआ लेकिन उस दौरान कोई यात्री ट्रेन या मालगाड़ी नहीं होने से रेल परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

### पूर्व विधायक की कार से महिला की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हनुमाकोंडा जिले में पूर्व बीआरएस विधायक टी राजैया की कार से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात उस समय हुई जब महिला जिले के मदिकोंडा में सड़क को पार कर रही थी। घटना के समय कार को राजैया का चालक चला रहा था। उस समय राजैया कार में थे। पुलिस के अनुसार, पूर्व विधायक ने दुर्घटना में शामिल कार को नजदीकी थाने भिजवा दिया तथा दूसरी कार से वहां से रवाना हो गए। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है।

### राजौरी में कैब खाई में गिरी, तीन की मौत

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार सुबह एक कैब के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कैब सवार थांदिकास्सी से लाम की ओर जा रहे थे, तभी चलान गांव के पास हादसा हुआ। कैब चालक अरुण की मौके पर मौत हो गई, जबकि बगलाव के मोहम्मद दीन और उसके बेटे मोहम्मद असलम ने नौशेरा के उपजिला अस्पताल और राजकीय चिकित्सा कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# मानसून सत्र : 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध

## राज्यसभा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डीपफेक तथा नागरिकता कानून पर भी हो सकती है चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी मानसून सत्र के लिए राज्यसभा में सूचीबद्ध निजी विधेयकों में, न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों की सेवानिवृत्ति के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में उनके शामिल होने पर रोक लगाने से संबंधित विधेयक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपफेक पर विधेयक, तथा नागरिकता कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक शामिल है। आगामी सत्र में, संसद के उच्च सदन में पेश करने के लिए कुल 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं।



● पति की ओर से पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग

सूत्र ने कहा कि राजद सांसद एडी सिंह द्वारा सूचीबद्ध संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य (अनुच्छेद 124, 148, 319 और 324 का संशोधन और नए अनुच्छेद 220ए और 309ए को सम्मिलित करना), न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों से सेवानिवृत्त होने वालों और निर्वाचन आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक दलों में शामिल होने से रोकना है। ये विधेयक हालिया विवादों की पृष्ठभूमि में लाये गए हैं।

ऐसा ही एक विवाद कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय से जुड़ा है, जिन्होंने पांच मार्च को अपने न्यायिक पद से इस्तीफा दे दिया था और दो दिन में भाजपा में शामिल हो गये थे। जुलाई में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य अपनी सेवानिवृत्ति के तीन महीने बाद भाजपा में शामिल हो गये थे। सिंह द्वारा सूचीबद्ध एक अन्य विधेयक में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन कर पति द्वारा पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग की गई है।

### डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग

माकपा सांसद वी. शिवदासन ने दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मौसम नूर ने भी दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। इनमें से एक का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना है जबकि दूसरा डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग से संबंधित है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी.संदोष कुमार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी नियामक प्राधिकरण बनाने के लिए एक विधेयक सूचीबद्ध किया है। निजी विधेयक ऐसा विधेयक होता है जिसे वह सांसद पेश करता है जो सरकार का हिस्सा नहीं होता। वर्ष 1952 से अब तक दोनों सदनों द्वारा केवल 14 ऐसे विधेयक पारित किए गए हैं।

# शरद पवार भ्रष्टाचार के सरगना हैं, उद्धव औरंगजेब फैन क्लब के प्रमुख : शाह

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला किया और उन्हें भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया। पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन में शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लोकसभा चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का आरोप लगाया।

उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख करार दिया और कहा कि वह 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगने वाले लोगों के साथ बैठे हैं। भाजपा नीत महायुति महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 2014 और 2019 के चुनावों से बेहतर प्रदर्शन करेगी।



● राहुल गांधी पर चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का लगाया आरोप

भाजपा नेता ने कहा कि शरद पवार ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाया। महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी जीत के बाद राहुल गांधी का अहंकार चूर-चूर हो जाएगा। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगा था। औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो (26/11 आतंकी हमले के दोषी) कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगते हैं, जो (विवादित इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो (प्रतिबंधित इस्लामी संगठन) पीएफआई का समर्थन करते हैं। उद्धव को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र में भाजपा ने 2019 में लोकसभा की 23 सीट जीती थी, जो 2024 में नौ रह गई।

### चुनावी बॉण्ड संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ दो गैर सरकारी संगठनों कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की जनहित याचिका पर आज को सुनवाई कर सकती है। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच स्पष्ट लेन-देन का आरोप लगाया गया है।

# नीट: 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या माइनस मार्क्स मिले

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा इस साल विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्रवार घोषित परिणामों के अनुसार 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या नकारात्मक अंक मिले हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार द्वारा प्राप्त न्यूनतम अंक बिहार के एक केंद्र पर 'माइनस 180' हैं।

शहर और केंद्रवार परिणामों के अनुसार, 2,250 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य अंक मिले हैं, जबकि 9,400 से अधिक अभ्यर्थियों को नकारात्मक अंक मिले हैं। झारखंड के हजारीबाग में जांच के दायरे में आए केंद्र पर कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य से भी कम अंक प्राप्त किए हैं। कुछ अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन कोई बड़ा समूह नहीं देखा गया है, क्योंकि प्रत्येक केंद्र पर ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या अधिक नहीं है। नीट परीक्षा पेपर लीक सहित कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के दायरे में है। पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से लाभान्वित होने वाले अभ्यर्थियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन कुछ केंद्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है।

● परीक्षा में किसी उम्मीदवार की ओर से प्राप्त किए न्यूनतम अंक माइनस 180 हैं

### असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 1.30 लाख लोग अब भी प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और 10 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1.30 लाख रह गई। प्रदेश में ब्रह्मपुत्र समेत दो प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों वाली केंद्रीय टीम ने इस साल दो बार आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव मिहिर की अगुवाई में एक दल ने कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

# देश में वायु प्रदूषण का संकट सरकार की नीतिगत विफलता का परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस ने केंद्र सरकार प र खराब नीति-निर्माण का लगाया आरोप

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर वायु प्रदूषण से निपटने में खराब नीति-निर्माण का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने रविवार को मांग की कि केंद्रीय बजट में इस गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए देश के निकायों, राज्य सरकारों और केंद्र को संसाधन संपन्न बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महीने की शुरुआत में कहा था कि देश में होने वाली मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से जुड़ी हैं और हर साल सिर्फ 10 शहरों में 34,000 लोगों की मौत इससे होती है। दिल्ली में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवॉयरमेंट द्वारा किए अध्ययन में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का मूल्यांकन किया गया है और इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को पैदा करने वाली नीतिगत अव्यवस्था को उजागर किया है। रमेश ने कहा कि एनसीएपी का वर्तमान बजट 10,500 करोड़ है जो 131 शहरों में फैला है। इसमें 15वें वित्त आयोग का अनुदान भी है। इसलिए इस कार्यक्रम के लिए बहुत कम धन उपलब्ध है - और फिर भी, इस अल्प राशि में से केवल 64 फीसदी धन का ही इस्तेमाल किया गया है।

# दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने का प्रयास

रीवा (मप्र),एजेंसी

मध्य प्रदेश में दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक महिला कमर से नीचे तो दूसरी पूरी तरह से बजरी से ढकी हुई दिखाई दे रही है, जिसे मजदूर निकाल की कोशिश कर रहे हैं। घटना मंगावा थाने के हिनोता जोरोट गांव में की बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने रविवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसपी विवेक लाल का कहना है कि ममता पांडे और आशा पांडे सड़क निर्माण का विरोध कर रहीं थीं। उन्हें जमीन में आधा गाड़ दिया गया था। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार हिनौता गांव में दो पक्षों में कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को राजेश सिंह जेसीबी और डम्पर में बजरी भरकर सड़क निर्माण के लिए आया था। वहां मौजूद आशा और ममता सड़क निर्माण का विरोध करने लगीं। इस बात पर दूसरे पक्ष ने बजरी डालकर उन्हें जिंदा गाड़ने का प्रयास किया। बजरी से एक महिला सिर तक दफन हो गई जबकि दूसरी कमर तक घंस गई। वहीं मामले को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार को घेरना शुरू कर दिया है।



● सड़क निर्माण का कर रहीं थी विरोध, भूमि विवाद से भी जुड़ा है मामला, केस दर्ज

### केजरीवाल की सेहत से खिलवाड़ कर रही भाजपा : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का रविवार को आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि केजरीवाल की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि उन्हें कभी भी कुछ भी हो सकता है।

सिंह ने कहा कि भाजपा केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले वे कह रहे थे कि केजरीवाल मिठाई खा रहे हैं और शर्करा का स्तर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब भाजपा का कहना है कि केजरीवाल खाना कम कर दिया है। कोई ऐसा क्यों करेगा और अपनी जान जोखिम में क्यों डालेगा। केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रची गई है। आप ने शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के उस पत्र की आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जानबूझकर खुद को बीमार कर रहे हैं।

### दुष्कर्म पीड़िता से शादी करने वाले के खिलाफ पॉक्सो मामला खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मैसूर के उस व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया है, जिसने 18 वर्षीय लड़की का उस समय यौन उत्पीड़न किया जब वह नाबालिग थी। कोर्ट ने के विवाह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद 23 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामला रद कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि यदि आरोपी मामले के बंद होने के बाद लड़की और उसके बच्चे को छोड़ता है तो पॉक्सो मामले के तहत फिर कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

# दुकान के सामने से एसयूवी को हटवाने के लिए फैलाई बम की अफवाह

पठानकोट, एजेंसी

● पुलिस ने मामले में अफवाह फैलाने वाले को किया गिरफ्तार

पंजाब के पठानकोट में अपनी दुकान के सामने एक लावारिस एसयूवी कार खड़ी होने से परेशान 36 वर्षीय व्यक्ति ने उसे हटवाने के लिए बम की अफवाह फैला दी। पुलिस ने रविवार को मामले में स्थानीय निवासी नितिन महाजन को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि पठानकोट के बालाजी नगर में डाकी रोड पर खड़ी लावारिस एसयूवी में तोड़फोड़ की गई है। पुलिस के मुताबिक, वाहन के पास कुछ हस्तलिखित पर्चे मिले, जिन पर पांच दिनों में पठानकोट में सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। संदेश में लिखा था, 100 लोग भारत में घुसे हैं, जिनमें से 30 पठानकोट में हैं। एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने कहा कि पर्चे से पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था। एसएसपी ने कहा कि नितिन ने खुद दो महीनों से दुकान के सामने खड़ी एसयूवी के शीशे तोड़े थे और धमकी भरे संदेश लिखे थे। कार सुरेश कुमार की थी, जिसे हटवाने के लिए नितिन ने यह कहानी गढ़ी थी।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं : रेड्डी

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है और केंद्र मांग को पूरा करने के लिए शुष्क ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया और वाणिज्यिक खदानों की उत्पादकता बढ़ाकर दीर्घकालिक मांग को पूरा किया जाएगा। कोयला एवं खान मंत्री रेड्डी ने कहा कि हम सभी ताप विद्युत संयंत्रों को कोयला उपलब्ध करा रहे हैं। हमने आयातित कोयले पर आधारित संयंत्रों से अनुरोध किया है कि वे अपनी तकनीक बदलकर घरेलू ईंधन का उपयोग करें। देश में कोयले की कोई कमी नहीं है। कोयला उत्पादन में आमतौर पर मानसून के मौसम में बाधा आती है।

### खाद्य सुरक्षा के लिए 300 से अधिक अधिसूचनाएं

**नई दिल्ली।** भारत ने खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने, पशुओं और पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा करने और उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जनवरी, 2020 से अबतक 300 से अधिक अधिसूचनाएं जारी की हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। ये अधिसूचनाएं स्वच्छता और वनस्पति स्वास्थ्य उपायों (एसपीएस) तथा व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) के तहत जारी की जाती हैं।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5700 मसूरी- 5500 बासमती- 10000-10800 परमल- 3900-4000 दाल दलहन :काला चना- 7700 साबुत चना दाल- 7500-8700 मूंग साबुत- 10500 राजमा- 15000-16000 दाल उड़द- 11500 साबुत मसूर दाल- 7400- 7700 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत- 13000 काबुली चना- 12300-12800 अरहर दाल- 16500-17000 लोबिया/ करमानी- 9000 सोयाबीन- 4600 मूंगफली- 11400 मटर (सूखी)- 5100 मक्का- 2500

# आम बजट में एनपीएस, आयुष्मान भारत पर हो सकती हैं कुछ घोषणाएं

## सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की संभावना, आयकर में राहत की उम्मीद कम

नई दिल्ली, एजेंसी

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस सप्ताह पेश होने वाले आम बजट में नई पेंशन प्रणाली और आयुष्मान भारत जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर कुछ घोषणाएं हो सकती है। हालांकि, आयकर के मामले में राहत की उम्मीद कम है। उनका यह भी कहना है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर, ग्रामीण और कृषि संबंधी आवंटन बढ़ने और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाये जाने की संभावना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए लगातार सातवीं बार और नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट मंगलवार यानी 23 जुलाई को लोकसभा में पेश करेंगीं। अर्थशास्त्री और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) में प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि बजट में एनपीएस और आयुष्मान भारत पर कुछ घोषणाओं की उम्मीद है। पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर समिति भी गठित की थी।





● पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर हुई है काफी चर्चा: अर्थशास्त्री

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अच्छे बजट का हकदार : चिराग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का मानना है कि उनका मंत्रालय अच्छे बजट का हकदार है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर देने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री से अपने मंत्रालय के अनुरोध के बारे में बताए बिना पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने बजट की इच्छा सूची वित्त मंत्रालय को भेज दी है। पासवान ने कहा कि सरकार की सीमाओं को देखते हुए वह नहीं बता सकते कि इनमें से कितने अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे। उनकी शीर्ष तीन प्राथमिकताओं में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करना, भारतीय ब्रांड को वैश्विक बाजारों में ले जाना और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के बारे में विभिन्न गलतफहमियों को दूर करना शामिल है।

### आयात पर अकुश से प्रभावित हो रहा कपड़ा क्षेत्र : जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाएं, आयात अंकुश और घरेलू निहित स्वार्थ जैसे मुद्दे भारतीय परिधान क्षेत्र की निर्यात वृद्धि को रोक रहे हैं। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का कहना है कि निर्यातकों की समस्या की जड़ में कच्चे कपड़े, विशेष रूप से सिंथेटिक कपड़े हासिल करने में कठिनाई है। जीटीआरआई के अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश और वियतनाम के विपरीत, जहां निर्यातकों को गुणवत्ता वाले आयातित कपड़े मिलते हैं, भारतीय निर्यातकों को कपड़ों पर उच्च आयात शुल्क, डीजीएफटी और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाओं से हर इंच आयातित कपड़े के लिए हिसाब लगाना पड़ता है और संघर्ष करना पड़ता है।

# शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 2.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारतीय जीवन बीमा निगम

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 2,10,330.26 करोड़ का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रहीं।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 85.31 अंक या 0.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स शुक्रवार को 81,587.76 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 42,639.16 करोड़ बढ़कर 15,56,772.61 करोड़ रुपये पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 36,748.23 करोड़ बढ़कर 7,01,695.24 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 33,569.16 करोड़ के उछाल के साथ 7,44,396.43 करोड़ पहुंच गई। वहीं एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 26,372.23 करोड़ बढ़कर 7,93,576.49 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर 6,40,651.30 करोड़ और आईटीसी का 5,92,679.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### एफपीआई ने शेयरों में किए 30,772 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** नीतिगत सुधार की उम्मीद, आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार में 30,772 करोड़ का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा बजट के सुधारोन्मुख रहने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

# माइक्रोसॉफ्ट ने तैनात किए हजारों इंजीनियर, विशेषज्ञ

नई दिल्ली, एजेंसी

● क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से 85 लाख उपकरण हुए थे प्रभावित

सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा भागीदार क्राउडस्ट्राइक से पैदा हुई गड़बड़ी के बाद सेवाओं को बहाल करने के लिए हजारों इंजीनियर और विशेषज्ञ तैनात किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, 18 जुलाई को क्राउडस्ट्राइक के 'अपडेट' से पैदा हुई दिक्कतों से दुनियाभर में 85 लाख उपकरण प्रभावित हुए थे।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि सेवाओं को बहाल करने के लिए ग्राहकों के साथ सीधे काम करने के लिए इंजीनियरों और विशेषज्ञों को तैनात किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर पैदा हुई इस गड़बड़ी से कई बिक्री केंद्र प्रभावित हुए और यहां तक कि भारत में कई एयरलाइन कंपनियों की उड़ानें बंद हो गईं। इस रुकावट ने दुनियाभर में कंपनियों और प्रणालियों के परिचालन को रोक दिया था। इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा के नेटवर्क पर ऑनलाइन चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रियाओं में व्यवधान आया, जिससे उन्हें मैनुअल तरीके से चेक-इन का काम करना पड़ा।

### सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड व पाम ऑयल हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख से दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल महंगा हो गया है। वहीं, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 27 रिंगिट बढ़कर4007 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.68 सेंट की गिरावट के साथ 44.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

# बाढ़ और बारिश से फसलें प्रभावित, घटा रकबा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

● फसलों के अनुसार कहीं कम तो कहीं औसत से ज्यादा हुई बारिश

● जून-जुलाई में 242.2 मिमी (90.7 फीसद) बारिश, धान प्रभावित

**अमृत विचार :** प्रदेश में कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश, कहीं बाढ़ से खरीफ फसलों का लक्ष्य के अनुसार आच्छादन यानी बोआई नहीं हो पाई है। लक्ष्य 10205 हजार हेक्टेयर में 5449.909 हजार हेक्टेयर (53%) में धान, मक्का, ज्वार, अन्य मोटा अनाज, उड़द, मूंग, मूंगलफली, अरहर, सोयाबीन, तिल आदि का आच्छादन हुआ है। जबकि धान की पौध ज्यादातर किसान तैयार नहीं कर पाए हैं न ही उनके पास समय है। जहां रोपाई हुई वहां बाढ़-बारिश से निचली सतहों को नुकसान पहुंचा है।

बारिश की बात करें तो जून में 95 मिमी जरूरत थी जबकि 61.8 मिमी हुई है। 1 से 19 जुलाई तक सामान्य 172.2 मिमी में 180.04 मिमी (104%) हुई। दोनों माह में 1 जून से 19 जुलाई तक सामान्य 267.2 मिमी में 242.2 मिमी (90%) बारिश हुई है। 26 जिले ऐसे हैं जहां 120% से ज्यादा बारिश हुई है। जबकि नौ जिलों में 40% से कम बारिश हुई है। बाढ़ प्रभावित जिलों में फसलों की गुंजाइश नहीं है।



**पिछले वर्ष हुई थी 94 फीसदी बारिश :** खरीफ के लिए जून से जुलाई बारिश का समय होता है। 1 जून से 19 जुलाई तक 267 .2 मिमी (सामान्य) बारिश होनी चाहिए। जो इस वर्ष 242 .2 मिमी हुई। 2023-24 में 253 .5 मिमी (94 .9%) और 2022-23 में 81.8 मिमी (30 .6%) बारिश हुई थी, जिससे क्षेत्रफल घटा था।

**इन फसलों का आच्छादन :** धान 58 प्रतिशत, मक्का 63, ज्वार 43, बाजरा 24, अन्य मोटा अनाज 22, उड़द 49, मूंग 49, अरहर 37, मूंगफली 144, सोयाबीन 97, तिल 36 ।

**तोरिया से करें भरपाई : डॉ. अखिलेश**
कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि कम ज्यादा बारिश से किसान धान की पौध तैयार नहीं कर पाए हैं। जहां बारिश व बाढ़ का असर है वहां के किसान जल निकासी होने के बाद तोरिया की फसल करें। इससे भरपाई होगी और आगे गेहूं कर सकेंगे। अगेती मटर, आलू व सब्जियां भी किसान कर सकते हैं। धान क्षेत्र में जहां जलभराव है वहां मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। 11 से 15 दिन की धान की नर्सरी भी तैयार कर सकते हैं।

# ख्वाहिश है मां मुझे ओलंपिक में पदार्पण करते देखें : जरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सिंह बोले- अतीत में मिले जख्मों पर लगाना है मरहम

जिंदगी सभी को दूसरा मौका नहीं देती लेकिन जरमनप्रीत सिंह को मिला और भारतीय हॉकी टीम के इस डिफेंडर की ख्वाहिश है कि तमाम उतार चढावों में उनका संबल बनी उनकी मां कुलविंदर कौर पेरिस में उन्हें ओलंपिक में पदार्पण करते देखे। विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंटों का हिस्सा रहे 28 वर्ष जरमनप्रीत का यह पहला ओलंपिक है और इसमें अच्छा प्रदर्शन करके वह अतीत में मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना चाहते हैं ।

पंजाब के अमृतसर के रहने वाले जरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा मैं कोशिश कर रहा हूं कि अपनी मां को पेरिस ओलंपिक दिखा सकूं। उन्हें गर्व हो कि उनका बेटा सबसे बड़ा टूर्नामेंट खेल रहा है। मैं हर मैच से पहले मम्मी से बात करता हूं। उनको हॉकी के बारे में कुछ नहीं पता लेकिन मुझे कहती हैं कि ऐसे खेलना, वैसे खेलना। वह मेरी पहली कोच होती हैं। मैने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी देखने उनको बुलाया था। जरमनप्रीत को 2016 से 2018 के बीच डोपिंग मामले में दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था लेकिन उससे उबरकर उन्होंने वापसी की और जूनियर विश्व कप खेलने का मौका चूकने के आठ साल बाद अब ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। नीदरलैंड के ब्रेडा में 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम में पदार्पण करने के बाद से वह 106 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वह हांग्झोऊ एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

उन्होंने कहा यूं तो मैने वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेलों में भाग लिया है लेकिन ओलंपिक पहला है। ओलंपिक का दबाव अलग ही होता है जिसमें पूरी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें आती है। स्कूल में अतिरिक्त गतिविधि के तौर पर हॉकी खेलना शुरू करने वाले जरमनप्रीत तोक्यो ओलंपिक की टीम में जगह बनाने से चूक गए थे जब भारत ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता, लेकिन क्रेग फुल्टन के आने के बाद से वह रक्षण के साथ आक्रमण के कौशल पर भी काफी मेहनत कर रहे हैं और भारतीय टीम के नियमित सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह सकारात्मक सोच के साथ पेरिस जा रहे हैं और उन्हें अपने अनुभव और मानसिक दृढता पर पूरा भरोसा है। दबाव की वैसे कोई बात नहीं है क्योंकि इन टीमों के साथ काफी मैच खेल चुके हैं। हम सकारात्मक सोच के साथ ही जा रहे हैं। सभी खिलाड़ियों का सपना होता है कि ओलंपिक खेलें। मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का पल होगा। देश के लिए पदक जीतने से बड़ी कोई प्रेरणा नहीं होती।

## बीते वर्षों में हॉकी के प्रति मंदीप का जुनून बढ़ा : भूपिंदरजीत

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय हॉकी के फॉरवर्ड मंदीप की बहन ने की हॉकी पे चर्चा पर खोले कई राज
- बोलीं- अगर कुछ दिनों के लिए भी राष्ट्रीय शिविर से दूर रहे तो हो जाते हैं बेचैन

भारतीय हॉकी के फॉरवर्ड मंदीप सिंह भले ही अपने कप्तान हरमनप्रीत सिंह या पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह की तरह ख्याति नहीं हासिल कर पाये हों लेकिन जब वह मैदान पर होते हैं तो प्रतिद्वंद्वी डिफेंडर उन्हें हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकते। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे मंदीप पेरिस ओलंपिक में अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे। उनकी बहन भूपिंदरजीत कौर का कहना है कि मंदीप का हॉकी के प्रति जुनून पिछले कुछ साल में बढ़ा है और अगर वह कुछ दिनों के लिए भी राष्ट्रीय शिविर से दूर रहते हैं तो बेचैन हो जाते हैं।

कौर ने 'हॉकी पे चर्चा' के एक 'एपिसोड' में कहा वह हॉकी खेलने का इतना क्रेजी था कि स्कूल से घर आता, खाना छोड़ देता और सीधे अभ्यास के लिए चला जाता। जैसे मंदीप बड़ा हुआ, उसकी खेल के प्रति प्रतिबद्धता और गहरी होती गई। अब भी जब मैं ब्रेक के दौरान उससे बात करती हूं तो वह कहता कि घर में उसे मजा आता है लेकिन 15 दिन के बाद उसे शिविर की याद आने लगती है। टोक्यो के सेमीफाइनल में बेल्जियम के खिलाफ मंदीप के प्रदर्शन से प्रतिद्वंद्वी टीम परेशान हो गई थी, लेकिन भारत इसमें हार गया। हालांकि भारत कांस्य पदक के साथ लौटा जिससे हर खिलाड़ी राष्ट्रीय नायक बन गया।

## युकी ने जीता स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब

**गस्टाड (स्विटजरलैंड)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता।

भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया। फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी विजेता बनी। 32 वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है। इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिवेट के साथ मिलकर दूसरा खिताब जीता। उन्होंने लॉयड हैरिस के साथ 2023 मैलोर्का चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता था। भांबरी ने ओलिवेट के साथ मिलकर इस साल अप्रैल में बीएमडब्ल्यू ओपन का खिताब जीता था।

## टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए पेस और अमृतराज



टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस और विजय अमृतराज।

न्यूपोर्ट (अमेरिका), एजेंसी

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और विजय अमृतराज को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह दोनों इस सूची में जगह पाने वाले एशिया के पहले दो खिलाड़ी बन गए हैं। पेस की करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 अटलांटा ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक जीतना रहा है। यह 51 साल का पूर्व खिलाड़ी आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के साथ भारत की डेविस कप की कई यादगार जीत का हिस्सा रहा है। उन्हें हॉल ऑफ फेम के प्लेयर कैटेगरी में जगह दी गई है। अमृतराज विंबलडन और अमेरिका ओपन में दो-दो बार पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस 70 साल के खिलाड़ी ने भारत को दो बार 1974 और 1987 में डेविस कप फाइनल में पहुंचाया है। वह अपने खेल के चरम पर एकल रैंकिंग में 18वें और युगल रैंकिंग में 23वें पायदान पर रहे हैं। उन्हें रिचर्ड इवांस के साथ कंट्रिब्यूटर्स श्रेणी में हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

## खेल डायरी

### बीजू पुरस्कार का नाम नहीं बदला जाएगा: माझी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य सरकार के 'बीजू पटनायक खेल पुरस्कार' का नाम नहीं बदला जाएगा। खेल और युवा सेवा विभाग ने इस वर्ष के पुरस्कार के लिए दिशानिर्देश जारी कर इसका नाम बदलकर 'राज्य क्रीड़ा सम्मान' कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुरस्कार का नाम बदलने के बारे में उन्हें प्रेस से ही पता चला। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पुरस्कार से बीजू पटनायक का नाम हटाने का कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिया है। मेरी सरकार धरती के सपूतों का सम्मान करती है और बीजू पटनायक के नाम पर रखे गए खेल पुरस्कार के शीर्षक में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा बीजू पटनायक खेल पुरस्कार इसी तरह जारी रहेगा।

### भारत विश्व जूनियर स्क्वैश के क्वार्टरफाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारतीय लड़के और लड़कियों ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में पहुंच गए। अमेरिका के ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में लड़कों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया। इसी के साथ वे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। अंतिम आठ चरण में भारतीय लड़के चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। वहीं लड़कियां ने अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से 1-2 से हारने के बाद ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहीं। लड़कियां तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से मुकाबला करेंगी। व्यक्तिगत कांस्य जीतने वाले शौर्य बावा ने पांच गेम के मुकाबले में यूसुफ सरहान को हराया, जबकि अरिहंत केएस ने शानदार जीत के साथ इवान हैरिस से व्यक्तिगत स्पर्धा में मिली हार का बदला लिया। शौर्य बावा ने यूसुफ सरहान को हराया। अरिहंत के.एस. ने इवान हैरिस को हराया।

### कुश मैनी ने पहली एफ2 स्प्रिंट रेस जीती

**बुडापेस्ट।** भारत के कुश मैनी ने शुरू में विजेता बने रिचर्ड वरशूर के तकनीकी उल्लघंन के कारण डिस्क्वालीफाई किए जाने के बाद अपनी पहली फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीत ली। पोडियम में शीर्ष पर पहुंचने से 23 वर्षीय इनविक्टा रेसिंग ड्राइवर ने अपने सत्र में 10 अंक जोड़े। हंगरोरिंग में जीत के साथ मैनी फॉर्मूला 2 ड्राइवर्स तालिका में मर्सिडीज के जूनियर ड्राइवर किमी एंटोनेली को पीछे छोड़ते हुए 66 अंक से पी8 पर पहुंच गए। एफ2 चैंपियनशिप के राउंड 9 में शुरूआती ग्रिड पर नौवें स्थान पर रहे मैनी को मुश्किल शुरुआत के बाद कड़ी मेहनत करनी पड़ी। 2024 एफ2 ग्रिड पर वह एकमात्र भारतीय ड्राइवर हैं और पांच पोडियम स्थान से यह उनका करियर का सर्वश्रेष्ठ सत्र भी है।

### वाणी, त्वेसा और रिद्धिमा चूकीं, भारतीय चुनौती समाप्त

**हिलवर्सम (नीदरलैंड)।** वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावड़ी पेरिस ओलंपिक से पहले अंतिम लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट में 36 होल में कट बनाने से चूक गयीं जिससे डच लेडीज ओपन में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत करने वाली वाणी ने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड बनाया जिससे वह एक शॉट से कट से चूक गयीं। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा जबकि कट एक ओवर का था। त्वेसा (73-80) और रिद्धिमा (73-75) भी कट में जगह बनाने से चूक गईं।

# नीरज की एडक्टर फिट, ट्रेनिंग जारी : क्लॉस

## जर्मन कोच बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा की फिटनेस पर चल रही चिंताओं को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले- सब कुछ योजना के अनुसार, जांघ की चोट में कोई समस्या नहीं

भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब है और यह ओलंपिक चैम्पियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। लेकिन फिटनेस देखी जाये तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है।

बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं। सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा। बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से चोपड़ा से जुड़े हैं। उन्होंने तुर्किये के अंताल्या से बताया ओलंपिक में अभी दो हफ्ते से अधिक समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा थ्रोइंग सत्र कर रहे हैं। चोपड़ा ने 28 मई को एहतियातन ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से हटने का फैसला किया था क्योंकि उन्हें जांघ में कुछ दर्द महसूस हुआ था। उन्होंने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जोरदार वापसी की। फिर चोपड़ा ने सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भी नहीं खेलने का फैसला किया और कहा कि यह प्रतियोगिता उनके कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी।

पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा छह अगस्त को क्वालीफिकेशन दौर से शुरू होगी जिससे अभी इसे शुरू होने में दो हफ्ते हैं। बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा के ट्रेनिंग कार्यक्रम को लेकर कहा हम सुबह में स्प्रिंटिंग, जंपिंग या थ्रोइंग या वेटलिफ्टिंग के सत्र रखते हैं। सुबह और शाम दो सत्र होते हैं जिसमें प्रत्येक दो से ढाई घंटे तक का होता है। चोपड़ा का तरीका तोक्यो ओलंपिक से पहले अपनाए गए तरीके जैसा ही है जिसमें वह टूर्नामेंट के बजाए ट्रेनिंग पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और वह अपने ग्रोइन पर दबाव कम करने के लिए अपनी ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूती देने पर भी काम कर रहे हैं। सामान्यतः भाला फेंकना ब्लॉकिंग (तेजी से भागते हुए अच्छी तरह रूककर भाला फेंकना) पर निर्भर करता है। भागते हुए आप जितनी अधिक ऊर्जा से आएंगे, उतना ही बेहतर होगा।



**85.97** मीटर की थ्रो कर फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में नीरज ने की और स्वर्ण पदक जीतकर जोरदार वापसी की

### तीरंदाजी में तीन पदक तो पक्के की समझें : संजीवा सिंह



**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी टीम के कोरियाई कोच बेक वूंग की को पेरिस खेलों के लिए 'एक्रिडिटेशन' देने से इनकार किए जाने के विवाद के बीच पूर्व ओलंपियन और खेल के लिए साई के हाई परफोरमेंस निदेशक संजीवा सिंह ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि छह सदस्यीय दल ओलंपिक से तीन पदक लेकर लौटेगा। भारतीय तीरंदाज सभी पांच वर्गों पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व, महिला व्यक्तिगत रिकर्व, पुरुष और महिला टीम और मिश्रित टीम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह भारतीय धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव, तरुणदीप राय, दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त ने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तीरंदाजी दल फ्रांस में ट्रेनिंग के बाद ओलंपिक खेल गांव में पहुंचने वाला पहला दल रहा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सोनीपत में तीरंदाजी के लिए राष्टीय उत्कृष्टता केंद्र में हाई परफोरमेंस निदेशक सिंह ने कहा 2021 तोक्यो की तुलना में काफी वैज्ञानिक ट्रेनिंग से बेहतरीन ढंग से तैयारी की गई है जिसमें मानसिक अनुकूलन का ध्यान रखा है। सबसे महत्वपूर्ण बात ओलंपिक प्रारूप के अनुरूप घरेलू टूर्नामेंट में बदलाव किया है।

## आईओए को 8.5 करोड़ देगा बीसीसीआई : शाह



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को रविवार को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को 8.5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम इस अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम पूरे दल को शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें। जय हिंद। पेरिस ओलंपिक में 117 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के साथ भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ भी है।

### सहयोगी स्टाफ में नींद और पोषण चिकित्सक भी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के दौरान खिलाड़ियों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए काफी अधिक सहयोगी स्टाफ उनके साथ भेजा जा रहा है जिससे 117 खिलाड़ियों के लिए कुल 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में एथलीटों के साथ रहेंगे। एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए सहायक स्टाफ के चयन के लिए एक व्यापक और विधिपूर्ण तंत्र अपनाया गया है। अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ सदस्य एथलीटों से चर्चा और उनकी जरूरतों के आधार पर चुने गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों को अच्छी नींद लेने की सलाह दी थी जिससे इस बार सहयोगी स्टाफ में पोषण विशेषज्ञ के साथ नींद चिकित्सक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में खिलाड़ियों के साथ रहेंगे जिसमें कोच, टीम डॉक्टर, रिकवरी विशेषज्ञ, खेल वैज्ञानिक और फिजियो शामिल हैं। कोचों, डॉक्टरों, फिजियोथेरेपिस्टों आदि के अलावा, इस बार भारत की ओर से पोषण विशेषज्ञ, नींद चिकित्सक और यहां तक कि स्पारिंग पार्टनर भी भेजे जा रहे हैं। इसके मुताबिक अन्य सदस्य खेल गांव के बाहर ठहराए जाएंगे और इनमें अतिरिक्त कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, ट्रेनर, स्पारिंग जोड़ीदार और मानसिक कंडीशनिंग कोच शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत 43 कोच और व्यक्तिगत कोच, 25 विदेशी कोच, 26 फिजियोथेरेपिस्ट और सात मालिश विशेषज्ञ भेज रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### वेदा का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** जॉन अब्राहम और शरवरी बाघ अभिनीत फिल्म वेदा का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। फिल्म वेदा के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसमें शरवरी और जॉन नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में शरवरी घायल नजर आ रही हैं। शरवरी के पैरों पर चोट लगी हुई है और जॉन उन्हें कुछ पीने के लिए देते नजर आ रहे हैं। शरवरी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म ''वेदा'' का एक नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नजर आ रही हैं।फिल्म के इस पोस्टर के साथ शरवरी ने एक खास नोट भी लिखा है। शरवरी ने लिखा, अभिमन्यु सर, हमारी दुनिया में आप एक अकेले ऐसे इंसान हो, जिसने कभी-कोई फर्क नहीं किया। गुरु हो आप मेरे जिसने म्हारा साथ दिया, लड़ना सिखाया, दुनिया की रीति-नीति, सही-गलत सिखाके एक फाइटर बनाया। अन्याय सहना नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ जंग करने का रास्ता आपने सिखाया।

### प्रभास को उनके प्रशंसक बहुत मानते हैं : अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि प्रभास को उनके प्रशंसक भगवान की तरह मानते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। कल्कि 2898 एडी वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।''कल्कि 2898 एडी'' के मेकर्स वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो शेयर किया,जिसमें अमिताभ बच्चन, नाग अश्विन से खास बातचीत करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने कहा कि प्रभास जैसे किसी व्यक्ति को, जिसे उनके प्रशंसक भगवान मानते हैं।उन्होंने फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए मिलने वाली प्रशंसा को भी टाल दिया और कहा कि यह सब नाग अश्विन की दृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को फिल्म के पहले भाग के बारे में शिकायत थी, वे शायद इसे समझ नहीं पाए। आप दर्शकों को ध्यान में रखकर फिल्म बना रहे हैं और ऐसे कई हिस्से हैं, जिनके लिए, फिल्म उद्योग में रहने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं समझ सकता हूं। प्रभास बहुत बड़े हैं। वह भगवान की तरह हैं कई तत्व, जो लोगों ने फिल्म के पहले भाग में महसूस किए, इसकी लंबाई के कारण, वे समझ नहीं पाए और वे कह रहे थे, 'चलो कहानी पर आते हैं'। लेकिन सच तो यह है कि पहला भाग फिल्म के नायक के लिए एक परिचय की तरह है।

## भारतीय महिला टीम ने यूएई को 78 रन से हराया

दांबुला, एजेंसी

- महिला एशिया कप के अपने दूसरे मैच में हरमनप्रीत और ऋचा ने जड़े अर्धशतक
- महिला टी-20 क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और ऋचा घोष नाबाद (64) रनों की आतिशी पारियों उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने महिला एशिया कप के पांचवें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रनों से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम सात विकेटपर 123 रन ही बना सकी और 78 रन से मुकाबला हार गई। यूएई की ओर से कविशा एगोडेगे ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए और 40 रनों की नाबाद पारी भी खेली। कप्तान ईशा ओझा ने 38 रन बनाए। खुशी 10 रन बनाकर आउट हुई। पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिए। रेणुका सिंह, तनुजा कंवर, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय टीम ने यूएई को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया था। यूएई की कप्तान ईशा ओझा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी तेज शुरुआत की। तीसरे ओर में कविशा एगोडगे ने स्मृति मंधाना नौ गेंदों में 13 रन को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। पांचवें ओवर में शेफाली वर्मा 18 गेंदों में 37 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गई।

इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला। दयालन हेमलता (2) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (14) रन बनाकर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर और ऋचा ने 75 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को दो रन के करीब पहुंचा दिया। 20वें ओवर में हरमनप्रीत कौर रनआउट हो गई। उन्होंने 47 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 66 रन बनाए। यह हरमनप्रीत के टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है। उन्होंने यूएई महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला और उस मैच में ही अर्धशतक बनाया। इसी के साथ वह टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन (3,415) बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। ऋचा घोष ने 29 गेंदों में 64 रनों की नाबाद पारी खेली। यह ऋचा का अंतर्राष्ट्रीय करियर का यह पहला अर्धशतक है। भारत ने पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।



पारी के दौरान हरमनप्रीत और ऋचा घोष।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### दक्षिण पश्चिम चीन में बाढ़ के बाद 8 शव बरामद

**चेंगदू।** दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में बचावकर्मियों ने शनिवार को रात आठ बजे तक आठ शव बरामद कर लिए हैं और चार को सुरक्षित निकाल लिया है। यहां भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के बाद 30 से अधिक लोग लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह आपदा शनिवार सुबह करीब 2:30 बजे हुई, जिससे 40 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए और याआन शहर के अंतर्गत हनयुआन काउंटी के सिन्हुआ गांव में 1,254 निवासी प्रभावित हुए। कुल 443 बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है।

### जापान में भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके

**हांगकांग।** जापान में रविवार को भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, जापान में अक्केशी के 66 किमी पूर्व दक्षिण पूर्व में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 04:27 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 42.71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पृथ्वी की सतह से 23.9 किलोमीटर की गहराई पर था।

### बोलीविया में सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मौत

**ला पाज़।** बोलीविया को चिली से जोड़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में सोलह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ला पाज़ यातायात परिचालन संगठन के दुर्घटना प्रभाग के निदेशक निलो टोरिको ने कहा कि चिली के साथ देश की सीमा से बोलीविया लौट रहा एक मालवाहक ट्रक चिली के अरिका क्षेत्र की ओर जा रही एक यात्री बस से टकरा गया। घायलों सात महिलाओं और सात पुरुषों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया।

### छह श्रीलंकाई मछुआरे लापता हुए

**कोलंबो।** श्रीलंका के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन विभाग ने शनिवार को कहा कि छह श्रीलंकाई मछुआरों को ले जा रही दो मछली पकड़ने वाली नौकाएं लापता हो गई हैं। विभाग के महानिदेशक सुशांत कहवाट्टा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये जहाज 7 जुलाई को विभिन्न बंदरगाहों से श्रीलंका से रवाना हुए थे। कहवाट्टा ने कहा कि उनमें से एक बहु-दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें चार मछुआरे सवार हैं जबकि दूसरा एकदिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें दो मछुआरे सवार हैं।

### कंबोडिया में फंसे 14 भारतीयों को बचाया

**सिंगापुर।** कंबोडिया में साइबर अपराध धोखाधड़ी में फंसे चौदह भारतीय नागरिकों को बचा लिया गया है और उन्हें वापस भेजने के प्रयास जारी हैं। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी है। भारतीय दूतावास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूतावास ने अधिकारियों के साथ मिलकर 14 भारतीय नागरिकों को रिहा करवाया, कंबोडियाई पक्ष उनकी देखभाल कर रहा है।

## सौंदर्यीकरण



रविवार को नई दिल्ली में 21 से 31 जुलाई तक होने वाले यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के लिए सौंदर्यीकरण कार्य के हिस्से के रूप में बनाई गई दीवार भित्तिचित्र के पास से गुजरता एक साइकिल चालक।

# ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया

- 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में समर्थन से 50 मत अधिक कुल 188 मत मिले
- एक सप्ताह पहले ही सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को संसद में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। लगभग एक सप्ताह पहले ही उन्होंने देश में एक और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए पद की शपथ ली थी।

सरकार बनाने के लिए नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 सदस्यों का समर्थन होना आवश्यक है। जबकि प्रधानमंत्री केपी ओली को 188 मत मिले। उन्हें जरूरी समर्थन से 50 मत अधिक मिले। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता ओली (72) ने चौथी बार सोमवार को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

ओली ने मंत्रिमंडल के 21 अन्य सदस्यों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली के लिये नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना आवश्यक था।



काठमांडू में संसद में विश्वास मत के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली।

### देउबा को दो साल बाद सत्ता सौंपेंगे केपी ओली

**काठमांडू।** नेपाल के नये प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को पहली बार नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गुप्त सात सूत्री समझौते के ब्योरे का खुलासा किया। जिसके तहत वह दो साल तक सरकार का नेतृत्व करने के बाद सत्ता अपने गठबंधन सहयोगी दल के नेता शेर बहादुर देउबा को सौंप देंगे। ओली ने प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए कहा, अगले दो वर्ष के लिए मैं सरकार का नेतृत्व करूंगा और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा शेष अवधि के लिए नेतृत्व करेंगे।

# अदालत ने हिंसा के बाद रोजगार में अधिकांश आरक्षण खत्म किया

## बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण घटाकर 7 प्रतिशत किया

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में हुई हिंसा के बाद रविवार को सरकारी नौकरियों में अधिकांश आरक्षण को खत्म कर दिया। देश में हिंसक झड़पों में 100 से अधिक लोग मारे गए। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की एक तिहाई नौकरियां 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता के लिए देश के युद्ध में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित थीं, लेकिन अब शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि केवल पांच प्रतिशत नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। शेष दो प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों या दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित हैं। सरकार ने अभी तक फैसले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी ढाका के कुछ इलाकों में छिटपुट झड़पें हुईं। शीर्ष अदालत की इमारत के बाहर एक बख्तरबंद वाहन तैनात किया गया था और सैनिक अब भी राजधानी की सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। कुछ विरोधी नेताओं को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है। अन्य लोग झड़पों में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। हिंसा में लगभग 115 लोगों के मरने की खबर है, लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार हताहतों की संख्या इससे कहीं अधिक है। शुक्रवार को कम से कम 50 लोग मारे गए।



ढाका में कर्फ्यू के दौरान यात्रियों की तलाशी लेता पुलिस अधिकारी।

### अमेरिकियों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर अपने नागरिकों को दक्षिण एशियाई देश की यात्रा न करने का परामर्श दिया है। उसने अपने गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वैच्छिक रूप से वहां से आने की अनुमति दे दी है। एक दिन पहले, अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए एक नया यात्रा परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से हिंसा से जूझ रहे देश की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया था।

### बांग्लादेश में अशांति के बीच हाई अलर्ट पर बीएसएफ

**अगरतला।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पड़ोसी देश बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर है। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ, त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति बीएसएफ के लिए भी सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय है, क्योंकि हमें अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। हमने सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि सीमा पार से आपराधिक तत्व मौजूदा स्थिति का फायदा न उठा सकें। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में जवानों और सभी वरिष्ठ कमांडरों को सीमा पर भेजा गया है।

# इमरान की जान को जेल में खतरा : बुशरा बीबी

- रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया है तथा खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को जेल में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में बुशरा ने अपनी जान के लिए भी खतरा बताया।

बुशरा के अनुसार, उन पिछली घटनाओं के मद्देनजर खान का जीवन खतरे में है जिनमें उन्हें कथित तौर पर जहर दिया गया और गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि इसकी जांच करने के उनके कानूनी अनुरोध का अदालत ने अभी तक समाधान नहीं किया है। जेल की स्थितियों के बारे में 49 वर्षीय बुशरा ने कहा कि 71 वर्षीय खान को गंदे हालात में रखा गया है और खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है।

### पाकिस्तान ने जर्मनी में वाणिज्य दूतावास पर हमले की निंदा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को जर्मनी के फ्रैंकफुर्त स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले की निंदा की। राजनयिक प्रतिष्ठान की सुरक्षा करने में जर्मन अधिकारियों की विफलता की आलोचना भी की। विदेश मंत्रालय ने हमलावरों की राष्ट्रीयता का खुलासा किए बिना कहा कि शनिवार को हुई इस घटना में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में चूक हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वियना संधि, 1963 के तहत दूतावास परिसर की पवित्रता की रक्षा करना और राजनयिकों की सुरक्षा करना मेजबान सरकार की जिम्मेदारी है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

- इंडियाना प्रांत में पत्नी के साथ घर जाने के दौरान हुई घटना

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह घटना उस समय हुई जब गैविन दसौर अपनी पत्नी के साथ घर जा रहे थे। दसौर की पत्नी मेक्सिको की हैं और हाल में उनका विवाह हुआ था।

इंडियानापोलिस पुलिस विभाग (आईएमपीडी) की अधिकारी अमांडा हिब्सचमैन ने बताया कि अधिकारियों को पिछले सप्ताह मंगलवार रात आठ बजे के बाद इंडी शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक चौराहे पर एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली।

घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि वहां जमीन पर एक व्यक्ति पड़ा था और उसके शरीर पर गोली का निशान था। मृतक की पत्नी ने उसकी पहचान की। भारतीय मूल के व्यक्ति की पत्नी विवियाना जमोरा ने इंडियानापोलिस स्टार को बताया, वह खून से लथपथ थे, मैं उन्हें थामे हुए थी और एम्बुलेंस का इंतज़ार कर रही थी। कहा जा रहा है कि दसौर आगरा का रहने वाला था और उनका विवाह 29 जून को हुआ था।

# यात्रियों की तलाश में जुटी भारत और नेपाल की टीम

## नेपाल भूस्खलन

- नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की भारतीय बचाव टीम चितवन पहुंची

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में पिछले हफ्ते भूस्खलन की चपेट में आने के बाद दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद से लापता बताए जा रहे कई लोगों की तलाश में मदद के लिए 12 भारतीय बचाव कर्मी भी रविवार को नेपाली सुरक्षा बल के दलों के साथ जुड़ गए। नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की भारतीय बचाव टीम शनिवार को बागमती प्रांत के चितवन में पहुंची। एक बस में सात भारतीय नागरिक सवार थे जिनमें से अब तक तीन के शव बरामद हो चुके हैं। नेपाल ने 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण त्रिशूली नदी में बह गई बसों की तलाश के लिए भारत से सहायता मांगी थी।

द काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, भारतीय टीम ने रविवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया। 65 यात्रियों को ले जा रही दोनों बसों के नारायणघाट-मुगलिन सड़क खंड पर भूस्खलन की चपेट में आकर त्रिशूली नदी में बह जाने के बाद से कम से कम 19 शव बरामद किए गए हैं। तीन यात्री बस से बाहर निकलने में कामयाब रहे और तैरकर किनारे पर पहुंच गए। तीन सोनार कैमरों सहित आवश्यक उपकरणों से लैस भारतीय टीम में चार गोताखोर शामिल हैं। नेपाली सेना, पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) की कई बचाव और खोजी टीम घटना के दिन से ही बसों के मलबे और यात्रियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन अब तक बहुत कम सफलता मिली है।

### पूर्वी अफगानिस्तान में विस्फोट, दो की मौत व 6 घायल

**चरिकर, अफगानिस्तान।** पूर्वी अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस विभाग के प्रवक्ता फजल रीम मस्किन यार ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार दोपहर को परवान की प्रांतीय राजधानी चरिकर शहर के एक लोहे के बाजार में हुई। उन्होंने कहा कि घटना की अभी भी जांच चल रही है और संभावित परिणाम जनता के सामने घोषित किए जाएंगे। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे अधिक बारूदी सुरंग-दूषित देशों में से एक है, जहां पिछले चार दशकों के युद्धों के बाद बचे हुए गैर-विस्फोटित आयुध और बारूदी सुरंगें बड़ी संख्या में लोगों की जान ले लेती हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे होते हैं।

# हिज्बुल्ला ने इजराइल के ग्रामीण इलाके में रॉकेट से हमला किया

**बेरूत, एजेंसी**

लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी इजराइल में शनिवार को दर्जनों रॉकेट दागे। पिछले नौ महीने में यह पहला मौका है जब हिजबुल्ला ने इजराइल की ओर रॉकेट से हमला किया है। इससे पहले दिन में इजराइल ने ड्रोन से हमला किया था, जिसमें बच्चों समेत कई लोग घायल हो गये थे। हिजबुल्ला ने इसी हमले का बदला लेने के लिये यह हमला किया है। हालांकि, फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में जनसंहार के प्रतिशोध में इजराइल के उत्तर में स्थित शोमेरा गांव में सैन्य चौकी की तरफ लेबनान से रॉकेट दागे।

सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शनिवार रात को दक्षिण तटीय गांव अदलून पर इजराइली हवाई हमले में हथियारों के एक केन्द्र को निशाना बनाया गया और इसके बाद कई विस्फोट हुए, जिससे आस-पास के गांवों में छर्रे बरसने लगे। एनएनए ने अपनी खबर में कहा है कि इससे पास के गांव खरायेब में तीन लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर में हालांकि हथियार के केन्द्र के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन माना जा रहा है कि यह हिजबुल्ला का था।

### हूती ने इज़रायल के इलियट पर हमले की पुष्टि की

**मास्को।** हूती के नाम से पहचाने जाने वाले यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन ने रविवार को पुष्टि की कि उसने इजरायल के दक्षिणी शहर इलियट में लक्ष्यों पर हमला किया है और लाल सागर में अमेरिकी कंटेनर जहाज पुंबा पर बैलिस्टिक मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी से हमला किया था। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने सोशल मीडिया पर कहा, यमनी सशस्त्र बलों के मिसाइल बल ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ दक्षिणी कब्जे वाले फिलिस्तीन के उम्म अल-रशरश क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण लक्ष्यों को निशाना बनाते हुए एक विशिष्ट सैन्य अभियान चलाया... जबकि नौसेना, यूएवी और यमनी सशस्त्र बलों की मिसाइल बलों ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों के साथ लाल सागर में अमेरिकी जहाज पुंबा को निशाना बनाते हुए एक संयुक्त सैन्य अभियान चलाया।

### दंतेवाड़ा में डैम क्षतिग्रस्त, पानी से जनजीवन अस्तव्यस्त

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल पहाड़ी में एनएमडीसी द्वारा निर्मित एन-1 बी डैम अत्यधिक बारिश होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई तथा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण अनेक घर बाढ़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थान ले जाया जा रहा है। किरंदुल के गाटर पुलिया एवं सीएससी सेंटर के पास भी बारिश से जल जमाव होने से जेसीबी मशीन के द्वारा रोड से पानी क्लियर किया गया। साथ ही साफ सफाई भी की गयी है। यहां भी जिला प्रशासन के द्वारा निचले स्तर पर बसी बस्तियों में जलभराव स्थिति को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

## अमेरिकी चुनाव

**मिशिगन में शनिवार को हुई रैली को राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ने किया संबोधित**

# आलोचकों को दरकिनार कर ट्रंप बोले- लोकतंत्र के लिए खाई गोली

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पेनसिल्वेनिया में एक कार्यक्रम में हुए जानलेवा हमले में बाल-बाल बचने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पहली चुनाव प्रचार रैली में आलोचकों की इन चिंताओं को खारिज किया कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और कहा कि उन्होंने लोकतंत्र के लिए गोली खाई।

मिशिगन में शनिवार को हुई रैली में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे डी वेंस भी थे। ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने के लिए 12,000 से अधिक लोग इकट्ठे हुए। ट्रंप (78) ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा, वे कहते रहते हैं कि वह (ट्रंप) लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मैं कहता हूं, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया है? मैंने पिछले सप्ताह लोकतंत्र के लिए गोली खाई। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया? यह पागलपन है। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने ट्रंप के एजेंडे का समर्थन करने के लिए अमेरिकी संघीय सरकार को नया स्वरूप देने के लक्ष्य से बनाई गई रूढ़िवादी हेरिटेज फाउंडेशन की परियोजना 2025 पर भी बात की, जिसके बारे में उनके प्रतिद्वंद्वियों का दावा है कि यह पहल लोकतंत्र के लिए खतरा है। ट्रंप ने इस परियोजना से खुद को अलग करते हुए कहा, मैं इसके बारे में कुछ जानना नहीं चाहता, लेकिन वे गलत सूचना और भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। कान पर पट्टी बांधकर आए ट्रंप ने करीब दो घंटे तक भाषण दिया।



- ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने 12,000 से अधिक लोग इकट्ठा हुए

### ट्रंप पर हमला करने वाले बंदूकधारी ने रैली से पहले कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन उड़ाया था : अधिकारी

**वाशिंगटन।** ऐसा माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश करने वाले बंदूकधारी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के निर्धारित कार्यक्रम से पहले पेनसिल्वेनिया रैली स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाया था, ताकि कार्यक्रम से पहले जगह का जायजा लिया जा सके। यह जानकारी एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने शनिवार को दी। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने ड्रोन बरामद कर लिया है। एफबीआई पिछले शनिवार को रैली में 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स द्वारा की गई गोलीबारी के मामले की जांच का नेतृत्व कर रही है। क्रुक्स ने उस बटलर फार्म शो के मैदान के पास स्थित एक इमारत की छत से कई गोलियां चलाईं, जहां ट्रंप भाषण दे रहे थे। इसके बाद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर की गोली लगने से क्रुक्स की मौत हो गई। ड्रोन का विवरण देने वाले अधिकारी इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और उन्होंने उनका नाम न छापने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से बात की। ड्रोन के बारे में विस्तृत जानकारी सबसे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी। रैली के दौरान हुए हमले में ट्रंप को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में 50 वर्षीय अग्निशमन कर्मी कोरी कॉम्पेरेटोरे की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### अमेरिका में भारत के राजदूत की नियुक्ति का स्वागत किया

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी संगठन और गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्थाओं ने राजनयिक विनय क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए वे उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। पूर्व विदेश सचिव क्वात्रा को शुक्रवार को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया। जनवरी में तरनजीत संधू के सेवानिवृत्त होने के बाद अमेरिका में भारत के राजदूत का पद रिक्त हो गया था। गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्था इंडियास्पोरा ने कहा, प्रवासी भारतीय समूह विनय मोहन क्वात्रा को अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई देता है।

# पर्यटक वाहनों को कचरा थैलियां रखना अनिवार्य

## निर्णय

- पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश

**गंगटोक, एजेंसी**

सिक्किम में प्रवेश करने वाले सभी पर्यटक वाहनों को अब कचरा फेंकने के लिए अनिवार्य रूप से थैली रखनी होगी। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पर्यावरणीय स्थिरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया है कि टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंसी और वाहन चालकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यात्रियों से थैलियों में कचरा फेंकने के लिए कहें।

विभाग ने कहा कि इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्यटकों के वाहनों की आकस्मिक जांच की जाएगी और आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन को दंडित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि पर्यटकों को कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में शिक्षित करने के लिए स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिक्किम में छह लाख से अधिक लोग रहते हैं और यह भारत का सबसे कम आबादी वाला राज्य है। राज्य के खूबसूरत हिमालयी स्थलों पर हर साल 20 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं।